स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

बुधवार, 21 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 236 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

योगी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा ...पेज-12

अर्थ आवाज़

टॉलिन्स टायर्स ने सेबी में डीआरएचपी किया फाइल

नयी दिल्ली। देशव्यापी मौजूदगी के साथ टायर और ट्रेड्स उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक केरल स्थित कंपनी टॉलिन्स टायर्स लि ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 200 करोड़ तक का नया इश्यू और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 30 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। बिक्री के प्रस्ताव में प्रमोटर, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. कलामपराम्बिल वर्की टॉलिन द्वारा कुल 15 करोड़ तक के इक्विटी शेयर और जेरिन टोलिन, प्रमोटर, गैर-कार्यकारी और गैर स्वतंत्र निदेशक द्वारा 15 करोड़ तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी ऑफर से प्राप्त 62.5 करोड़ की शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए बकाया ऋणों के पुनर्भुगतान/ पूर्व भुगतान के लिए 75 करोड़ का उपयोग कंपनी की दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को बढ़ाने के लिए और अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, टॉलिन रबर्स प्राइवेट लि में निवेश के लिए 24.3 करोड़ का उपयोग साथ ही कंपनी और अपने अल्पकालिक और दीर्घकालिक उधारों के कुछ हिस्से को पूरा चुकाने और पूर्व भुगतान के लिये इस राशि का उपयोग करने का प्रस्ताव है।

ईवी शो का चौथा संस्करण 15 मार्च से

नई दिल्ली। आगामी इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो 2024 (आईईवी शो) का दिल्ली में एक बड़ा आयोजन होने जा रहा ह। इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी का आयोजन 15 से 17 मार्च इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसी) द्वारका में किया जायेगा भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के सम्मेलन के रूप में पहचाने जाने वाले इस कार्यक्रम में इंजीनियरों, मैकेनिकों, वैज्ञानिकों और निर्णयकर्ताओं को एक साथ आने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। प्रदर्शनी का आयोजन फ्युचरेक्स ग्रुप द्वारा इंडस्ट्री एसो पार्टनर के रूप में सोसाइटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल (एसएमईवी) के साथ मिलकर किया गया है। इस कार्यक्रम को फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसो (फाडा), ऑटोमोटिव रिसर्च एसो ऑफ इंडिया (एआरएआई), इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी), इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस, आईपीसी इंटरनेशनल इंक और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी फाइनेंशियर्स एसो ऑफ इंडिया (ईएमएफएआई) का समर्थन प्राप्त है। इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए देश के प्रमुख मंच के रूप में उपलब्ध है, जो इंजीनियरों, मैकेनिकों, वैज्ञानिकों और निर्णयकर्ताओं को सहयोग करने और ईवी और उन्नत बैटरी क्षेत्रों में नवाचार को चलाने के लिए एक साझा आधार प्रदान करता है।

लुइस फिलिप का 'रॉयल इंडियन वेडिंग' कलेक्शन लॉन्च

वाराणसी। लुइस फिलिप आदित्य बिरला फैशल एण्ड रिटेल लि के घराने से भारत के अग्रणी प्रीमियम मेन्सवियर ब्राण्ड ने अपनी नई पेशकश 'द रॉयल इंडियन वेडिंग' कलेक्शन को पेश किया है। यह कलेक्शन लग्जरी और जादुई अहसास का जश्न है। इस खास रेंज को खूबसूरती से डिजाइन किया है, ताकि हर दूल्हा अपनी शादी के खास दिन राजसी लगे। यह कलेक्शन सदाबहार खूबसूरती और कंटेम्परेरी डिजाइन का प्रतीक है। लुइस फिलिप की सीओओ फरीदा कालियादान ने कहा शादियों का खुशियों से भरा सीजन पूरे शबाब पर है और हम रॉयल इंडियन वेडिंग कलेक्शन को लॉन्च कर उत्साहित हैं। यह दूल्हों को उनकी शादी के खास दिन वाकई राजसी होने का एहसास देगा। हर पीस को सावधानी से तैयार किया गया है, ताकि पहनने वाले को राजसी अनुभव मिले। इस कलेक्शन के साथ लुइस फिलिप ने शादियों के परिधानों के लिये पसंदीदा ब्राण्ड के तौर पर अपनी स्थिति को मजबूत किया। यह कलेक्शन बेमिसाल गुणवत्ता और डिजाइन की पेशकश करता है। लुइस फिलिप का 'द रॉयल इंडियन वेडिंग' कलेक्शन प्री-वेडिंग फोटोशूट से लेकर रिसेप्शन समारोह तक शादी के खास पलों की जरूरते पूरा करता है।

लखनऊ में ग्लोबल आर्क कंसल्टेंसी का विस्तार

लखनऊ। ग्लोबल आर्क कंसल्टेंसी ने अपने कार्यालय परिसर और पॉलिसीक्यू इंश्योरेंस ब्रोकर ने विभूति खंड गोमती नगर लखनऊ में नई शाखा के उद्घाटन के साथ अपनी पहुंच का विस्तार किया। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तपन सिंघल ने कहा ग्लोबल आर्क का लखनऊ कार्यालय कृषि क्षेत्र के लिए सभी सहायक खासकर प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं प्रदान करेगा। ग्लोबल आर्क कृषि क्षेत्र में सहायक सेवाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। पॉलीसीक्यू इंश्योरेंस ब्रोकर व्यापक बीमा समाधान प्रदान करने वाला अग्रणी बीमा ब्रोकर लखनऊ में अपनी नई शाखा खोलने पर गर्व महसूस कर रहा है, जो व्यापक रूप से उपभोक्ताओं को बेजोड़ बीमा सेवाएं प्रदान करने के अपने मिशन में मील का पत्थर साबित होगा। नई शाखा अपने संस्थापक सदस्यों के गहन अनुभव और विशेषज्ञता द्वारा समर्थित, इस क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है। परामर्शदाता बिशेश्वरी सिंह ने कहा लखनऊ शाखा के उद्घाटन के साथ हमारा लक्ष्य बीमा उद्योग में नए मानक स्थापित करना है। हमारा लक्ष्य ग्राहकों को बीमा निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान और साधनों से सशक्त बनाना है, जिससे वह निश्चिन्त हो सके। ग्लोबल आर्क के सह-संस्थापक अरविंद यादव ने कहा टीम भविष्य में नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए उत्साहित है।

मंत्री ने किया 308 करोड़ मूल्य की परियोजनाओं का अनावरण

पांडु-गोवाहाटी। केंद्रीय बंदरगाह जहाजरानी एवं जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में 308 करोड़ मूल्य की परियोजनाओं का अनावरण कर जलमार्गो के विकास पर जोर दिया है। इस सिलसिले में आज डिब्रूगढ़ के नज़दीक बोगीबील, करीमगंज में बदरपुर, और दुबरी में आईडब्ल्यूएआई बंदरगाह तथा त्रिपुरा में सोनामुरा में समारोह आयोजित किए गए। सर्बानंद सोनोवाल ने आज डिब्रूगढ़ के नज़दीक बोगीबील पर पैसेंजर-एवं-कार्गो टर्मिनल, त्रिपुरा में सोनामुरा में अंतर्देशीय जल परिवहन टर्मिनल और असम स्थित करीमगंज एवं बदरपुर में उन्नत टर्मिनलों का किया उद्घाटन किया। यह टर्मिनल इस क्षेत्र में कार्गो और यात्रियों के आवागमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा जिससे व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। मंत्री ने दुबरी में एक सीमा-शुल्क आप्रवासन कार्यालय तथा आईडब्ल्यूएआई जोगीघोपा टर्मिनल के लिए परिसर की दीवार के निर्माण की भी आधारशिला रखी। नव-निर्मित बागीबील टर्मिनल का निर्माण कार्य लगभग 50 करोड़ मूल्य के निवेश से किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में देश के जलमार्गो के समृद्ध एवं जटिल नेटवर्क का विकास किया जा रहा है और इस सिलसिले में आज कई प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया।

एऑर्टिक डिसेक्शन से पीड़ित बुजुर्ग की जान बचाई

लखनऊ। चिकित्सा उपचार को आगे बढ़ाने की दिशा में अपोलोमेडिक्स अस्पताल लखनऊ में डॉ. विजयंत देवेनराज और टीम ने महाधमनी विच्छेदन या एऑर्टिक डिसेक्शन से पीड़ित 81 वर्षीय रोगी को बचाने के लिए एक अभूतपूर्व सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। वाराणसी के रहने वाले 81 वर्षीय पुरुष ओम प्रकाश कई वर्षों से उच्च रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित थे। ओम प्रकाश को टाइप ए एऑर्टिक डिसेक्शन (यह एक गंभीर स्थिति जिसमें मुख्य धमनी (आर्टरी) प्रभावित होती है) के साथ गंभीर एऑर्टिक रिगरजिटेशन का सामना करना पड़ा था। यह स्थिति एक तात्कालिक खतरा उत्पन्न करती है क्योंकि रोगी किसी भी समय ऐसी स्थिति में पहुंच सकता है, जहां उसे बचाना संभव न हो। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें अपोलोमेडिक्स अस्पताल में आपातकालीन इलाज के लिए लखनऊ स्थानांतरित किया गया। अपोलोमेडिक्स लखनऊ पहुंचने पर ओम प्रकाश का एओर्टोग्राम और कोरोनरी एंजियोग्राफी की गई जिसमें उनके एऑर्टिक डिसेक्शन की स्थिति और सीमा और उनके मस्तिष्क, नसों, बाएं हाथ और पैरों सहित उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों पर इसके प्रभाव का आंकलन करना शामिल था। एऑर्टिक डिसेक्शन में उनकी एक किडनी भी शामिल थी। स्थिति की गंभीरता बता रही थी कि सर्जरी की जाए। डॉ. विजयंत के नेतृत्व में सीटीवीएस टीम ने बिना समय बर्बाद किए एक इमरजेंसी ऑपरेशन किया जो 6 घंटे चला, अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य है।

साहित्यिक प्रकाशन द्वारा आध्या की किताब प्रकाशित

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल कानपुर रोड कैम्पस की कक्षा-5 की छात्रा आध्या चौहान द्वारा लिखित पुस्तक 'फेबल्स ऑफ इमैजिनेशन' को प्रख्यात साहित्यिक प्रकाशन 'ब्रिबुक्स' ने प्रकाशित किया है। इस पुस्तक में आध्या की लिखी प्रेरक लघु कथाओं को बच्चे व किशोर खूब पसंद कर रहे हैं, जिसमें आध्या ने अपनी कहानियों के माध्यम से बच्चों व किशोरों को सद्चिंतन व सद्विचारों के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रेरित किया है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है।

सड़क दुर्घटना में किशोर समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत

मसौली बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। सोमवार की देर रात्रि तिलक समारोह में आये 26 वर्षीय युवक की सिफ्ट डिजायर गाड़ी की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गयी वही दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ट्रामा सेन्टर लखनऊ मे भर्ती कराया गया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भगेला निवासी विनोद कुमार के यहां सोमवार को तिलक समारोह था जिसमे शामिल होने के लिए आये देवा थाना क्षेत्र के ग्राम भिटौली खुर्द निवासी 26 वर्षीय दिलीप पुत्र संतराम लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अपने साथी प्रमोद के साथ खड़ा था तभी अयोध्या की ओर से आ रही सिफ्ट डिजायर कार नंबर यूपी 32 ईके 5066 ने जोरदार टककर मार दी जिससे दिलीप की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा प्रमोद को ट्रामा सेन्टर लखनऊ मे भर्ती कराया गया है। इसी क्रम मे सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर मे बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट मे आने साईकिल सवा 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गयी। सैदनपुर निवासी 16 वर्षीय दानिश पुत्र वसीम सैदनपुर पंचायत भवन के निकट साईकिल से जा रहा था कि पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली नंबर यूपी 41 बी सी 3516 ने टककर मार दी जिसकी मौक़े पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने दोनो वाहनो को कब्जे मे ले लिया है ।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ सांसद स्पर्धा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

●सांसद ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। मंगलवार को स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जनपद स्तरीय एक दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद उपेन्द्र सिंह रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। ध्वजारोहण कर शुभारम्भ करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर इन खेलों के आयोजन किये जा रहे हैं। युवा अपने दमखम का उपयोग कर खेल जगत में अपना श्रेष्ठ स्थान सुरक्षित करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन जिला युवा कल्याण एवं प्रदेशिक विकास दल अधिकारी अरुण कुमार सिंह के संरक्षण में हुआ। खेल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में कबड्डी, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ में विकास खंड स्तर पर विजयी प्रतिभागियों कराया गया। सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सतीश शर्मा जी रहे। श्री शर्मा ने कहा कि खेल हमारे देश की बहुत पुरानी परंपरा है। खेल इतना जरूरी एवं लोकप्रिय होते हैं कि खेल के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया जाता है।राज्यमंत्री मंत्री सतीश शर्मा एवं सांसद उपेन्द्र सिंह रावत द्वारा संयुक्त रूप से विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र व मैडल प्रदान किये गए। खेल स्पर्धा के दौरान खिलाडियों के उत्साहवर्धन हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व विधायक शिवकरन सिंह, महामंत्री संदीप गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य भुल्लन वर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा, नीरज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, राजा कासिम, सत्यनाम वर्मा, सुशील रावत, हंसराज यादव, नीतू रावत उपस्थित रहे। बालिका वर्ग की कबड्डी में देवा तथा बालक वर्ग की कबड्डी में त्रिवेदीगंज की टीम विजयी रही। बालक वर्ग में 100 मीटर में तुषार सिंह, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ में परमेश्वर सिंह व बालिका वर्ग 100 मीटर में नीतू देवी, 200 मीटर में अनीशा मिश्रा तथा 400 मीटर में नीतू कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता को सफल बनाने में सेवा निवृत्त व्यायाम प्रशिक्षक अमर बहादुर सिंह, जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी, समाज सेवक प्रदीप सारंग, ऋतु अग्निहोत्री, अनंत कुमार अस्थाना, तौहीद हसन खान, सुशील सिंह, राजेंद्र किशोर पांडे का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

संदिग्ध हालत में लटकता मिला विवाहिता का शव

●मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

रामनगर बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम थालखुर्द में एक विवाहिता का शव संदिग्ध हालात में लटका मिला।घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है।पिता का आरोपा है कि बेटी की हत्या के बाद शव को लटका दिया गया है।पुलिस ने इस मामले में पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।आरोपित पति व ससुर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

मोहम्मदपुर खाला थाने के पंडितपुरवा निवासी सहजराम के मुताबिक उसने अपनी बेटी अंशु देवी (25) की शादी सात मई 2023 को थालखुर्द निवासी संदीप से की थी।

मंगलवार सुबह करीब 9ः30 बजे किसी ने फोन कर जानकारी दी कि तुम्हारी बेटी की हत्या कर दी गई है। घटना की जानकारी के बाद वह आनन-फानन में अन्य लोगों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे। उसने देखा कि अंशु का शव टीन शेड के कमरे में साड़ी के फंदे से लटक रहा था। उसके गंले में चोट के निशान थे। घटना की सूचना मिलने के कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने छानबीन के बाद के बाद शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता का आरोप है कि ससुरार वाले आय दिन बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। उन लोगों ने हत्या के बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। वहीं ससुरालीजनों का कहना है कि अंशु ने खुदकुशी की है। पुलिस ने आरोपों के आधार पर पति संदीप, ससुर गजराज, सास पुष्पा, व ननद प्रीति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है।पुलिस आरोपित संदीप व गजराज को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।कोतवाल रत्नेश पांडेय ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर पार्षद को ज्ञापन सौंपा

लखनऊ । आलमबाग नटखेड़ा रोड बाजार की समस्याओं को लेकर युवा व्यापार मंडल ने पार्षद को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की। बाजार में पीने के पानी की समस्या, प्रतिदिन झाड़ू न लगने, कूड़ा न उठने, शौचालय न होने, स्ट्रीट लाइट न होने से जैसी अनेक समस्याएं है। नटखेड़ा रोड में सड़क में सीवर ऊपर नीचे होने से आए दिन हादसों का होती है। दुकानों में चूहों एवं बंदरों की समस्या प्रतिदिन होने के कारण दुकानों में नुकसान आदि के निराकरण के लिए आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा के नेतृत्व में व्यापारियों ने पीयूष दीवान पार्षद गुरु नानक वार्ड आलमबाग लखनऊ को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया। पार्षद ने जल्द समस्याओं का समाधान करने के लिए आश्वासन दिया। व्यापारियों का प्रतिमंडल में अध्यक्ष मनीष अरोड़ा वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा महामंत्री उपकार सिंह महामंत्री राजन सोनकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष तिवारी संगठन मंत्री रबर सिंह शिवराज भाटिया अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

चतुर्थश्रेणी कर रहा बाबू का काम

लखनऊ। नगर निगम में भ्रष्टाचारी पर लगाम कैसे लगे जब नगर निगम में कार्यरत नुमाइंदो को अधिकारियो का ही संरक्षण प्राप्त हो और उनसे उनके आसीन पदों पर कार्य न लेकर थोड़े से मुनाफे के लालच में अनैतिक रूप से अन्य मामलो को डील करते पाए जाते है। ऐसा ही कुछ हाल नगर निगम जोन आठ का है जहाँ चतुर्थ श्रेणी चपरासी पद पर कार्यरत कर्मी राजेश चौधरी बाबू बन बतौर बाबू की कुर्सी पर बैठ रिहायशी एवं व्यवसायिक भवनों के कर निर्धारण मामले डील करते है और स्वयं बाबू पद के कार्यो का निर्वहन करते है। प्रपत्र क और प्रपत्र ख फा र्मो पर आवेदन प्राप्त कर अपनी मुहर लगाते है। इस मनमाने कार्यशैली के बावजूद नगर निगम के जिम्मेदार नजरअंदाज किये हुए है। सूत्रों की माने तो पूर्व में करीब आठ माह पूर्व निरिक्षण के दौरान नगर आयुक्त चतुर्थ कर्मी राजेश को कार्य स्थल पर अनुपस्थित पाए जाने पर लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया ।

सीडीओ ने निभाई शिक्षक की भूमिका,तीन विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज।तहसील दिवस में पहुंचे सी डी ओ अ सूदन ने प्राथमिक विद्यालय रामनगर एक,दो व कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता परख कर सभी बच्चों को अध्यापक बन पढ़ाया तथा प्रत्येक बच्चे से एक कुशल अध्यापक की तरह सवाल पूछे।जोड़ गुड़ा भाग आदि के सवाल लिख कर हल करवाते।जो सही करता उसका हौसला बढ़ाते।मंगलवार को तहसील रामनगर पहुंचे सीडीओ ने सर्वप्रथम लोधेश्वर महादेवा पहुंचकर पूजा अर्चना की। उसके बाद वह रामनगर तहसील में आयोजित तहसील दिवस में फरियादियों की फरियाद सुनी।करीब आधे घंटे बाद सीडीओ तहसील दिवस से उठकर सरकारी विद्यालयों में हो रही पढ़ाई की गुणवत्ता परखने चल दिए।सबसे पहले सीडीओ रास्ते मे ही पड़ रहे कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे।यहाँ उन्होंने स्कूली छात्राओं से विद्यालय में हो रही पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।उसके बाद कक्षा 5, 6 की छात्राओं से किताबें पढ़वाई उसके बाद वह कक्षा 7 और 8 पहुंचे जहां उन्होंने कंप्यूटर की हो रही पढ़ाई के बारे में भी जाना बच्चों से पूछा कि कंप्यूटर में कौन-कौन से अंग होते हैं इसमें तमाम बच्चों ने सही उत्तर दिया जो बच्चे उत्तर देने में हड़बड़ा रहे थे उनको उन्होंने कंप्यूटर के बारे में भी लिखकर बताया।यही सामने मौजूद प्राथमिक विद्यालय एक पहुंचे जहां उन्होंने कक्षा एक दो व तीन के बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर जोड़ लगवाया। मौजूद बच्चों से कहा कि अपने दोस्तों को भी स्कूल लाया करो।उन्होंने बी ई ओ से कहा कि स्कूलो मे अच्छे संस्कृतिक कार्यक्रम करवाया करें व खेल कराया करे जिससे बच्चो की संख्या बढ़ेगी।

महिला ने की खुदकुशी

त्रिवेदीगंज बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)- लोनी कटरा थाना क्षेत्र के रुकनापुर गांव में रेनू पत्नी सूरज कुमार महिला ने घर के कमरे में रस्सी के फंदे से सहारे शव मिला जब घर वालों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे लोनी कटरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं थाना अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी ने जनता की सुनी समस्याएं

शाहजहांपुर जनपद के तहसील मुख्यालय जलालाबाद पर आज उप जिला अधिकारी डॉ रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए 20 लोगों की समस्याओं को सुना और अधीनस्थों को समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। आपको बता दें इस बार शनिवार को पुलिस भर्ती की परीक्षा के कारण तहसील दिवस स्थगित कर दिया गया था, उसकी जगह पर आज मंगलवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार पैगाम हैदर नायब तहसीलदार, कोतवाल हरपाल सिंह बालियान, अल्लाहगंज के कोतवाल ओमप्रकाश सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

मलेशिया से अवार्ड लेकर आने पर डॉक्टर कौशल का किया भव्य स्वागत

गोला गोकर्णनाथ। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से अवार्ड लेकर नगर आगमन से पहले शाहजहांपुर एवं लखीमपुर वार्डर के खुटार में डॉक्टर कौशल वर्मा को उनके सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर परिवार समेत स्थानीय अनुयायियों ने फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया है।समर्थको ने डॉक्टर को खुटार से रिसीव कर चार पहिया वाहनों की अगुवाई के साथ लेकर गोला पहुचे। गोला में हॉस्पिटल पर अद नेता अभिजय पटेल, सुशील पांडे, अनुज सिंह, डॉक्टर अशोक वर्मा,धर्मेंद्र सिंह,अवधेश,अभिषेक, सचिन प्रभाकर, डॉक्टर सचिन पांडे, प्रतीक मिश्रा,सुमित वर्मा, सुमित शुक्ला, प्रमोद कनौजिया, कपिल वर्मा, अविनाश गुप्ता, विक्रम वर्मा, अमित वर्मा आदि ने डॉक्टर का जोरदार स्वागत किया है। वह सोमवार को हवाई यात्रा से दिल्ली,बरेली,पीलीभीत के रास्ते यहां पहुचे। अवार्ड चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए मिला है। मलेशिया टूरिज्म एंड प्रमोशन बोर्ड डायरेक्टर मनोहरन पेरियासैमी मिनिस्ट्री ऑफ़ टूरिज्म के हाथों बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से नवाजा गया है। भारत के 15 लोगों को यह सम्मान मलेशिया में प्रदान किया गया है। डा. कौशल हॉस्पिटल ग्रुप के साथ साथ चिकित्सीय एवं सामाजिक कार्यों को बढ़ चढकर करते हैं। जिसकी अपडेट उनके सोशल मीडिया एकाउंट पर दिखती है। वह अब तक लाखो लोगों का कैंप में निःशुल्क इलाज कर चुके हैं। और 5000 से अधिक लोगों तक राशन, कंबल और राहत सामग्री पहुचाई है।

बैंक ऑफ इंडिया की मकनपुर शाखा का उद्घाटन

लखनऊ। बाराबंकी जिले में मकनपुर भिलवाल चौराहा, बीएसएल पब्लिक स्कूल के पास स्थित बैंक ऑफ इंडिया के नए शाखा परिसर का मंगलवार को बैंक के राष्ट्रीय बैंकिंग समूह उत्तर प्रदेश के महाप्रबंधक विश्वजीत मिश्र एवं मनोज कुमार श्रीवास्तवा, आंचलिक प्रबंधक ने उद्घाटन किया। शाखा के नए परिसर में ग्राहकों के लिए ई गैलरी की सुविधा भी प्रदान की गई है जिसमें रुपयों की जमा/निकासी के साथ पासबुक प्रिंटिंग भी की जा सकती है। इस अवसर पर विश्वजीत मिश्र महाप्रबंधक ने कहा कि ग्राहक ही हमारे बैंकिंग व्यवसाय के आधार हैं। बीओआई के साथ मजबूत संबंधों के लिये ग्राहकों के प्रति उन्होंने आभार जताया कि ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवायें प्रदान करने के लिये बैंक ऑफ इंडिया सदैव प्रतिबद्ध है। बैंक, ग्राहक सेवा समिति तथा ग्राहक संपर्क कार्यक्रम के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग उत्पादों की जानकारी देता है और उनके सुझावों पर अमल कर उन्हें और बेहतर सेवा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि महिला ग्राहकों को सम्मान देने के लिये बैंक ने महिला सम्मान बचत पत्र शुरू किया है तथा इसके लिये देश की सभी शाखाओं को अधिकृत किया गया है। कार्यक्रम में मनोज कुमार श्रीवास्तवा ने अटल पेंशन योजना समेत विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा योजनाओं के अतिरिक्त बैंक की कारपोरेट सामाजिक दायित्वों के तहत किये जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर लखनऊ अंचल के उप आंचलिक प्रबंधक जगन्नाथ आरे, मकनपुर शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक ज्ञानेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में आंचलिक कार्यालय एवं शाखा के स्टाफ समेत कई ग्राहक उपस्थित थे।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का 27 वाँ वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से संपन्न

गोला गोकरननाथ(खीरी) बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला मैं स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का 27 वाँ वार्षिकोत्स बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया । मंदिर के पुजारी दयानंद पांडे ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन व उनकी पत्नी श्रीमती सीमा सिंह के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से ए के पांडे ,पीएस चतुर्वेदी , के के तिवारी, पीसी गुप्ता, आरके मिश्रा, संदीप कटियार, संजीव श्रीवास्तव ,अनुराग गुप्ता, रितेश दुबे ,गोपाल जायसवाल, धर्मेंद्र सचान, चेतराम सिंह, दीपक सिंघल, राजकुमार शर्मा सहित श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।हवन पूजन एवं आरती के उपरांत सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया ।नगर के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मणों को वस्त्र व दक्षिणा देकर भोजन कराया गया।

शौच गए युवक की ट्रेन से कटकर मौत

मलिहाबाद। रहीमाबाद थाना के कैथुलिया निवाशी दिनेश पाल 40 वर्ष पुत्र रघुबर अपने ही ग्राम कैथुलिया में बनी रेलवे लाइन के किनारे रविवार शाम लगभग सात बजे सौच के लिये गये थे अचानक सडीला की तरफ़ से ट्रेन आ जाने के कारण दिनेश पाल को दिखाई ना देने के कारण दिनेश पाल ट्रेन के अगले हिस्से में फं स गया और कुछ दूरी लगभग चार किलोमीटर तक घिसलता रहा तभी ट्रेन चालक द्वारा देखा गया की गाड़ी के अगले हिस्से में कुछ फ.सा हुआ है चालक ने विभाग में सूचना दी जिस कारण विभाग के लोगो ने गाड़ी दिलावरनगर फ टक पर गाड़ी रुकवाकर मृतक दिनेश पाल को बाहर निकाला। शव को जीआरएफ़ पुलिस द्वारा क़ब्ज़े में लेकर पीएम हेतु भेजा गया।जिसका अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर बाद किया गया। दिनेश पाल घर पर ही रहता था एक भैंस पाल और अपनी खेती पार्टी का काम संभालता थ

महिला व उसका पुत्र तीन दिन से लापता

गोला गोकरननाथ खीरी। थाना मैलानी के एक ग्राम निवासी एक महिला अपने 6 वर्षीय बच्चे के साथ 3 दिन पहले से ससुराल जाते समय रास्ते से लापता है। परिजनों ने काफी खोजबीन की जब पता नहीं चल सका तो थाना कोतवाली गोला में तहरीर देकर लापता महिला व बच्चे का पता लगाने की मांग की है।वीरेश कुमार पुत्र भारत प्रसाद नि0 ग्राम अबरपुर पोस्ट रामपुर डाटपुर थाना मैलानी ने गोला पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 17 फरवरी को द

स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

बुधवार, 21 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 236 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

योगी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा ...पेज-12

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)

सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977

परिवारवाद के चंगुल से आजाद हुआ जम्मू कश्मीर : मोदी

- हमारी सरकार शिक्षा, विकास के लिए कर रही है काम
- कश्मीर की वादियों में आने वाले भूल जाएंगे स्विट्जरलैंड जाना

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (20 फरवरी) जम्मू दौरे पर हैं। उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एम्स) का उद्घाटन किया। खास बात यह है कि 2019 में इसकी आधारशिला भी पीएम मोदी ने ही रखी थी। मोदी जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम होने वाले समारोह के दौरान करीब 32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। वहीं, प्रधानमंत्री जम्मू एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन और कॉमन यूजर फैसिलिटी पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला भी रखी। साथ ही जम्मू-कश्मीर में कई महत्वपूर्ण सड़क और रेल कनेक्टिविटी के प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा के संबोधित किया। पीएम ने डोगरी भाषा से संबोधन शुरू किया। उन्होंने डोगरी में कहा कि उन्हें जम्मू में एक बार फिर आकर बहुत ही अच्छा लगा। उन्होंने डोगरी भाषा की कवित्री पदमा सचदेव का भी जिक्र किया, जिन्होंने कहा है कि मिठी ए डोगरे दी बोली, खंड मिठे लोग डोगरे। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के साथ उनका चालीस साल से नाता रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर परिवारवाद का शिकार हुआ। अब प्रदेश परिवाद के चंगुल से बाहर निकल रहा है। कभी बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव से जुड़ी खबरें जम्मू कश्मीर से आती थी। लेकिन अब जम्मू कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। आज ही यहां 32 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। ये शिक्षा, कौशल, रोजगार, उद्योग और कनेक्टिविटी से जुड़े प्रोजेक्ट हैं। यहां से देश के अलग-अलग शहरों के लिए और भी ढेर

सारी परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है। अलग-अलग राज्यों में आईआईटी और आईआईएम का विस्तार हो रहा है। मोदी ने कहा कि आज हम एक नया जम्मू-कश्मीर बनते हुए देख रहे हैं। प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी दीवार 370 की थी। आर्टिकल 370 को भाजपा की सरकार ने हटा दिया है। अब जम्मू-कश्मीर संतुलित विकास की ओर बढ़ रहा है। मैंने सुना है कि इसी हफ्ते ये 370 को लेकर कोई फिल्म आने वाली है। मुझे लगता है कि देश में आपकी जय-जयकार होने वाली है। 370 जाने के बाद आज मैंने हिम्मत के साथ देशवासियों को कहा है कि अगले चुनाव में भाजपा को 370 दीजिए और एनडीए को 400 पार कर दीजिए। सब मिलकर आगे बढ़ेंगे। यहां जो लोग दशकों तक अभाव में जी रहे थे, उन्हें भी आज सरकार के होने के एहसास हुआ है। आज देखिए, गांव-गांव एक नई राजनीति की लहर चल पड़ी है। भ्रष्टाचार-तुष्टिकरण के खिलाफ नौजवानों ने बिगुल फूंक दिया है। हर नौजवान अपना भविष्य खुद लिखने के लिए निकल पड़ा है। जहां पर बंद और हड़ताल का सन्नाटा रहता था, वहां जिंदगी की चहल-पहल दिख रही है। पहले की सरकारों ने यहां रहने वाले हमारे फौजी भाइयों तक का सम्मान नहीं किया। पीएम ने कहा कि कुछ समय पहले तक यहां उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता था। आज जम्मू-कश्मीर शिक्षा और कौशल विकास का बहुत बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज श्रीनगर से संगलदान और संगलदान से बारामुला के लिए ट्रेन चली है। वो दिन दूर नहीं जब देशवासी ट्रेन में बैठकर कश्मीर पहुंचेगे। आज कश्मीर को पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन मिली है। अब जम्मू कश्मीर को दो वंदे भारत ट्रेन की सुविधा दी गई है। दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेस वे का काम तेजी से जारी है। इसके बनने पर जम्मू कश्मीर पहुंचना और भी आसान हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जम्मू कश्मीर की सुंदरता, परंपरा, मेहमाननवाजीके लिए यहां आने के आतुर हैं। जम्मू कश्मीर में देशी और विदेश पर्यटकों की संख्या में भारी उछाल आया है। पिछले साल बीते एक दशक में मां वैष्णो देवी आने वाले भक्तों की सबसे ज्यादा दर्ज की गई है। कश्मीर की वादियों में आने वाले स्विट्जरलैंड जाना भूल जाएंगे।

संक्षिप्त आवाज़

बैंकों की तेजी से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर निजी क्षेत्र के एचडीएफ़सी बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक और आईसीआईआई बैंक की ढाई प्रतिशत से अधिक की तेजी से आज शेयर बाजार लगातार छठे दिन चढ़ गया।बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 349.24 अंक की छलांग लगाकर 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,057.40 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 74.70 अंक की बढ़त लेकर 22,196.95 अंक हो गया।

राहुल को मिली जमानत

सुल्तानपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को सुबह 11:05 बजे दीवानी न्यायालय पहुंचे। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जमानत अर्जी मंजूर कर 25-25 हजार रुपए के दो जमानतनामा दाखिल करने पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट में करीब 15 मिनट रहने के बाद राहुल गांधी 11:20 बजे अदालत से निकल गए। मामले में अगली सुनवाई 2 मार्च को होगी।

आर्थिक पतन से जूझ रहा पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान वर्तमान में आर्थिक पतन से जूझ रहा है। यह मुद्दा फरवरी 2024 के आम चुनावों के बाद भी गंभीर हो गया है। पाकिस्तान को परेशान करने वाले असंख्य मुद्दों में से सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा चुनावी प्रक्रिया में विश्वास का खतरनाक ह्रास है, जो लोकतंत्र की नींव के लिए गंभीर खतरा है। पाकिस्तान के लोकतांत्रिक संकट के मूल में इसकी जनता के बीच व्यापक मोहभंग है। पाकिस्तान की पहले से ही नाजुक अर्थव्यवस्था पर विवादित चुनावों का हानिकारक प्रभाव भी उतना ही चिंताजनक है, जो भ्रष्टाचार, राजकोषीय कुप्रबंधन और बड़े पैमाने पर मुद्रास्फीति के कारण पतन के कगार पर है।

डीजीपी ने कहा, शाहजहां को गिरफ्तार नहीं कर सकते : एनसीडब्ल्यू

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने मंगलवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक ने कहा है कि वह स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहाँ को गिरफ्तार नहीं कर सकते क्योंकि उनके खिलाफ कुछ भी नहीं है। राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारी राजीव कुमार से मुलाकात के बाद, शर्मा ने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि डीजीपी ने मुझसे मुलाकात की। मैं 8वीं-9वीं बार पश्चिम बंगाल आई हूं, और डीजीपी कभी नहीं मिलते हैं। डीजीपी ने माना कि पुलिस में कमी है... हमने सुझाव दिया कि वहां (संदेशखाली में) सभी पुलिस अधिकारियों को बदल दिया जाना चाहिए। हालांकि, महिला पैनल प्रमुख ने दावा किया कि 1-2 फोन कॉल के बाद कुमार का रवैया बदल गया।

यूपी दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

उपलब्धि

- यूपी की बदली नीति का लाभ लेकर यहां निवेश करें उद्यमी
- एफडीआई व फॉर्चून ग्लोबल 500 पॉलिसी लेकर आने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है उत्तर प्रदेश

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी फोर के दूसरे दिन मंगलवार को एफडीआई कान्क्लेव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री इस गोयल शामिल हुए। इस कॉन्क्लेव में भारत के साथ ही दुनिया के कई अन्य देशों के उद्योगपति शामिल हुए। उद्योगपतियों ने उत्तर प्रदेश में बने निवेश करने के माहौल की सराहना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के चतुर्थ ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष जो संकल्प लिए गए हैं, उसे पूरा करने लिए कार्य किया जाएगा। पिछले 6-7 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपने इमेज को बदला है। आज उत्तर प्रदेश नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। अगर हम कहें कि विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश

है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास आज प्रकृति भी है, परमात्मा भी हैं और हमारे युवा हैं। इस त्रिवेणी के माध्यम से आज हम उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। इन सात वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना किया है। सीएम ने कहा कि यूपी को बीमारू राज्य से उबारने में हमें सफलता प्राप्त हुई तो इसके पीछे पीएम का विजन था, जिसे हमने मिशन के रूप में लेकर प्रभावी ढंग से अलग-अलग सेक्टर की पॉलिसीज बनाई और कानून व्यवस्था की बेहतरीन स्थिति देकर माहौल बदला। उसका परिणाम है कि सुरक्षा के साथ बेहतर कानून व्यवस्था, 25 सेक्टोरेल पॉलिसीज के अलावा जीबीसी के चतुर्थ संस्करण के साथ उत्तर प्रदेश अब देश की छठवीं नहीं, बल्कि दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित है। उप्र एफडीआई व फॉर्चून ग्लोबल 500 पॉलिसी लेकर आने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि 7 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश देश का बीमारू राज्य हुआ करता था। उत्तर प्रदेश का मतलब देश के विकास का बैरियर माना जाता था, लेकिन आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से निकलकर देश की एक अनलिमिटेड पोटेंशियल स्टेट के रूप में स्थापित किया है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डेढ़ दशक के दौरान जो एफडीआई आया, वह हमारी सरकार में महज चार साल में ही आया। यह सरकार की नीति की वजह से संभव हो सका है। जब सुरक्षा का माहौल, सरकार की स्पष्ट नीति व नीयत साफ होती है तो निवेशक सुरक्षित वातावरण में निवेश का इच्छुक होता है। यह वातावरण आज यूपी में दिख रहा है। सीएम ने बताया कि सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट, एलजी, पेप्सिको, नायरा एनर्जी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा, हिंदुस्तान यूनीलीवर, हायर, आइकिया समेत 14 फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियां यूपी में सफलता पूर्वक बिजनेस बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। यूपी ने जब जीआईएस 2023 का आयोजन किया था तो 400 बिलियन यूएस डॉलर के निवेश प्रस्ताव यूपी के एफडीआई के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में उभरने के नए संकेत थे। चैलेंज को ध्यान में रखते हुए हमने पॉलिसी बनाई है। इसके तहत लैंड- कैपिटल सब्सिडी, स्टांप व रजिस्ट्रेशन, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में छूट दी है। यूपी फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियों के लिए नया ड्रीम डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। सीएम ने देश-दुनिया के निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि सुरक्षित निवेश करें और यूपी की सुविधाओं का लाभ भी उठाएं। उन्होंने कहा कि यूपी की मजबूत रणनीति का लाभ लेने के लिए उद्यमियों को आमंत्रित करता हूं और आने वाले सभी को धन्यवाद देता हूँ। सीएम ने कहा कि यूपी ने नया प्रयास प्रारंभ किया है। पहले यहां शासन व विभागों के मकड़जाल में फाइल उलझ जाती थी। आज सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र आपकी सेवा के लिए समर्पित है। एमओयू मॉनीटरिंग के लिए निवेश सारथी पोर्टल निवेशकों की सेवा के लिए कार्य कर रहा है। यूपी में निवेशकों के लिए इन्सेंटिव मॉनीटरिंग सिस्टम प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है। तकनीक का उपयोग करते हुए आपकी समस्या के समाधान के लिए इसे और भी अच्छा बनाने का प्रयास किया गया है।

सीएम ने कहा कि यूपी अपने निवेशकों के हितों को संरक्षण देने के लिए तैयार है। सीएम ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उनका निवेश यूपी में सुरक्षित होगा और बिजनेस का नया आनंद प्रदान करने में योगदान देगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, अनिल राजभर, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना व औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर आदि मौजूद रहे।

विचारधारा से भटक गयी है सपा : स्वामी प्रसाद

- मौर्य ने सपा की प्राथमिक सदस्यता और विधान परिषद से दिया इस्तीफा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि राजनीति में विचारधारा सबसे महत्वपूर्ण है और सपा अपनी विचारधारा से भटक चुकी है।सपा से नाराज चल रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही विधान परिषद सदस्य के पद से भी इस्तीफा दे दिया।उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में कहा कि 13 फरवरी को भेजे गए पत्र पर वार्ता के लिए पहल न करने पर इस्तीफा दे रहा हूं।

स्वामी प्रसाद ने विधान परिषद के सभापित को पत्र में लिखा कि मैं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में विधानसभा, उत्तर प्रदेश निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य, विधान परिषद उत्तर प्रदेश निर्वाचित हुआ हूं। चूंकि मैंने समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है इसलिए नैतिकता के आधार पर विधान परिषद उत्तर प्रदेश की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे रहा हूं। इस्तीफा देने के बाद मीडिया से बातचीत

में स्वामी प्रसाद ने कहा कि अखिलेश यादव रास्ते से भटक गए हैं। वो खुद को सेकुलर कहते हैं पर ऐसा लगता है कि वह मनुवादी व्यवस्था का समर्थन करते हैं। हमारा उनसे मतभेद है, मनभेद नहीं है। जब भी वह सही रास्ते पर आएंगे। मैं उनका स्वागत करूंगा। मैंने कभी भी विचारधारा से समझौता नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ऐसे सेकुलर हैं कि पार्टी कार्यालय में पूजा करवा रहे हैं। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कभी संविधान की भावना के विपरीत व्यवहार नहीं किया। सपा वाले पार्टी कार्यालय में पूजा कर रहे है। उन्होंने प्रोफेसर राम गोपाल यादव पर हमलावर होते हुए कहा कि सपा की खटिया खड़ी करने के लिए घर में ही लोग मौजूद हैं। दूसरों की क्या जरूरत है। उनकी भाषा देखिए क्या ये एक राजनीतिक व्यक्ति की भाषा है।

दलित, पिछड़ों का हक जातिगत जनगणना से ही संभव

रायबरेली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की मांग को दोहराते हुये कहा कि दलित,पिछड़ा और आदिवासी देश की कुल आबादी में 73 फीसदी होने के बावजूद तंगहाली में जीने को मजबूर हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रायबरेली के सुपर मार्केट में एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री गांधी ने मंगलवार को कहा कि दलित, पिछड़े और आदिवासियों की जनसंख्या 73 प्रतिशत होने के बावजूद वह अभावग्रस्त हैं। इसलिए जाति के आधार पर जनगणना होनी जरूरी है। मौजूदा सरकार में असली फायदा पूंजीपति उठा रहे है लेकिन गरीब पिछड़ी दलित और आदिवासी जनता को अपना हक लेना है। श्री गांधी की यात्रा फुरसतगंज से रायबरेली में दाखिल हुई और सन्दी चौराहा, राही, मलिकमऊ

चौराहा, सिविल लाइंस डिग्री कालेज होते हुए दोपहर करीब सवा तीन बजे सुपर मार्केट पहुंची। सुपर मार्केट में कांग्रेस नेता ने कहा कि दलित ओबीसी आदिवासी की कुल जनसंख्या का 73 प्रतिशत है और अल्पसंख्यक ईडब्लूएस को मिला कर करीब 90 प्रतिशत की जनसंख्या होने के बावजूद आज इनको नौकरी और एक एक पैसों के लिए भटकना पड़ रहा है। अयोध्या में राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि वहां भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके साथी अरबपति उद्योगपति आदि थे मगर भगवान के इस शुभ काज का साक्षी कोई दलित गरीब पिछड़ा नहीं बन सका। उन्होंने कहा कि दलितों,पिछडों और आदिवासी समाज को एकजुट होकर क्रांतिकारी कदम उठाने है जो कि जातीय जनगणना से पूरा होगा। उन्होंने कहा कि आज बड़ी बड़ी प्राइवेट कम्पनियों में पिछड़े दलित और आदिवासी समाज का कोई भी मालिक नही हैं जबकि मनरेगा ,मेहनतकश और दिहाड़ी मजदूरों की लिस्ट निकालो तो उंसमे दलित पिछड़े आदिवासी तथा गरीब मिलेंगें। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि दलितों पिछडो आदिवासियों तथा गरीबों का शोषण हो रहा है जबकि भारत माता का धन पूंजीपतियों की जेब मे जा रहा है।

मराठा आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पारित

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा ने शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण पर विधानमंडल के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सदन में महाराष्ट्र राज्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा विधेयक 2024 पेश किया। विधेयक में यह भी प्रस्ताव किया गया है कि एक बार आरक्षण लागू हो जाने पर 10 साल बाद इसकी समीक्षा की जा सकती है। मुख्यमंत्री शिंदे द्वारा पेश किए गए विधेयक के प्रमुख निष्कर्षों में से एक यह रेखांकित करता है कि राज्य में मराठा समुदाय की आबादी 28 प्रतिशत है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कुल मराठा परिवारों में से 21.22 प्रतिशत के पास पीले राशन कार्ड हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने आप-कांग्रेस कैंडिडेट को चंडीगढ़ मेयर किया घोषित

नई दिल्ली। चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार (20 फरवरी) को सुनवाई हुई। कोर्ट ने आप-कांग्रेस के कैंडिडेट कुवदीप कुमार को चंडीगढ़ का मेयर घोषित कर दिया। कोर्ट ने चुनाव अधिकारी (रिटर्निंग अफसर) अनिल मसीह को नोटिस दिया है। कोर्ट ने कहा कि अफसर ने अदालत में झूठ बोला। सुनवाई के दौरान, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने मौखिक रूप से कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह द्वारा विरूपित किए गए मतपत्रों को वैध मानते हुए चुनाव के दौरान डाले गए वोटों की दोबारा गिनती की जाए। नियमों के मुताबिक, वोटिंग के वक्त हर मेंबर को बैलट पेपर के दाहिनी ओर उस

कैंडिडेट के सामने क्रॉस का निशान लगाना था, जिसे वो मेयर चुनना चाहते हैं। पूरा मामला 8 बैलट पेपर्स का है, जिन्हें अवैध करार दिया गया।

इन सभी 8 बैलट में आप कैंडिडेट का नाम ऊपरी हिस्से में और भाजपा कैंडिडेट का नाम नीचे था। जांच के बाद पता चला कि इन बैलट पेपर्स में आप कैंडिडेट के पक्ष में वोट दिया गया था।

शाखा चलाने के लिए साधना और तपस्या की जरूरत : होसबाले

प्रयागराज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने आज (मंगलवार) सुबह स्थानीय केपी इंटर कॉलेज मैदान में शाखा टोली संगम में संघ स्वयंसेवकों में उत्साह का संचार किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने लोगों में विश्वास पैदा किया है, क्योंकि हम सदैव विश्व कल्याण की बात करते हैं। इसीलिए शाखा चलायी जाती है। शाखा चलाने के लिए साधना व तपस्या की जरूरत होती है। सरकार्यवाह ने कहा कि संघ समाज में संगठन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ने का कार्य निरंतर करता रहा है। व्यक्ति को समाज से जोड़ने की साधना करनी है। इसके लिए शाखा चलती नहीं, चलायी जाती है।

14 हजार परियोजनाएं यूपी को बनाएंगी देश का ग्रोथ इंजन

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। योगी सरकार जीबीसी 4.0 के माध्यम से यूपी को देश का ग्रोथ इंजन बनाने जा रही है। इसमें 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के जरिये 14 हजार परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी। इससे न सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में भटकना नहीं पड़ेगा। योगी सरकार इन निवेश परियोजनाओं के जरिये प्रदेश में 34 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी और रोजगार के साधन उपलब्ध कराने जा रही है। यह नौकरियां विभिन्न सेक्टर्स में प्राप्त होंगी। इसमें ट्रेंड, अनट्रेंड सभी तरह के युवाओं के लिए अवसर उपलब्ध होंगे। पूर्वांचल से लेकर पश्चिमांचल तक और मध्यांचल से लेकर बुंदेलखंड तक युवाओं के लिए रोजगार की कमी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध कराने को लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में जीबीसी 4.0 मील का पत्थर साबित होगी। योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 में जिन 14 हजार परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। इनमें सबसे अधिक 52 प्रतिशत परियोजनाएं पश्चिमांचल, 29 प्रतिशत पूर्वांचल, 14 प्रतिशत मध्यांचल और 5 प्रतिशत बुंदेलखंड में धरातल पर उतरेंगी। जाहिर है इन क्षेत्रों में होने जा रहे इन निवेश के जरिए बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने जा रहा है।

जो निवेश हो रहा है उसमें 10 हजार करोड़ से अधिक की 23 प्रतिशत परियोजनाएं हैं। वहीं 5 हजार से 10

हजार करोड़ की 12 प्रतिशत, एक हजार करोड़ से 5 हजार करोड़ की 20 प्रतिशत, 500 करोड़ से एक हजार करोड़ की 10 प्रतिशत, 100 करोड़ से 500 करोड़ की 20 प्रतिशत, 20 करोड़ से 100 करोड़ की 10 प्रतिशत और 20 करोड़ से कम की 5 प्रतिशत परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं में 21 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, 13 प्रतिशत रिन्यूवल एनर्जी सेक्टर, आईटी एंड इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर की 9 प्रतिशत, पॉवर सेक्टर की 8 प्रतिशत, फूड प्रोसेसिंग और रियल स्टेट सेक्टर की 6 प्रतिशत, एमएसएमई सेक्टर की 5 प्रतिशत और हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेंमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट और एजुकेशन सेक्टर की 3-3 प्रतिशत की भागीदारी है। इसके अलावा हेल्थकेयर, वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज, डिस्टलरी, डेयरी, कॉपरेटिव, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, फार्मा एंड मेडिकल डिवाइस और एनीमल हस्ब्रैंडी सेक्टर का भी अहम रोल है। इन सभी सेक्टर्स में लोगों की डिमांड बढ़ेगी, जबकि यूपी के वो युवा जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं, उनके लिए भी वापसी संभव हो सकेगी। बड़े प्रोजेक्ट्स के माध्यम से मिलने वाले रोजगार की बात करें तो इसमें कई प्रमुख संस्थान शामिल हैं। जैसे टोरेंट पावर लिमिटेड सोनभद्र में 22800 करोड़ का निवेश करेगी। इससे प्रदेश के 4800 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी तरह एम3एम इंडिया प्राइवेट लि. गौतमबुद्धनगर में 7500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 14 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं एयर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लि. गौतमबुद्धनगर में 4 हजार करोड़ का निवेश करेगी। इससे पांच हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा फन यू टॉयज गौतमबुद्धनगर में 1052 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे बीस हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

यह कंपनियां भी देंगी बड़े पैमाने पर रोजगार

एडवर्ब टेक्नॉलीज- गौतमबुद्ध नगर में 500 करोड़ निवेश, रोजगार 2000
ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र में 17181 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे 300 युवाओं को रोजगार मिलेगा।
IKEA ग्रुप- गौतमबुद्ध नगर में 4300 करोड़ का निवेश, रोजगार 500
लोढ़ा ग्रुप- अयोध्या में 3000 करोड़ का निवेश, रोजगार 100
शराफ ग्रुप- मुरादाबाद में 1250 करोड़ का निवेश, रोजगार 1250
अशोक लीलैंड- लखनऊ में 1000 करोड़ का निवेश, रोजगार 500
जेएसडब्ल्यू एनर्जी- सोनभद्र में 8000 करोड़ का निवेश, रोजगार 840
टाटा टेक्नॉलाजी- लखनऊ में 4200 करोड़ का निवेश, रोजगार 450
वरुण वेबरेज- प्रयागराज, अमेठी, गोरखपुर और चित्रकूट में 3500 करोड़ का निवेश, 1500 रोजगार
सेंचुरी ग्रुप- मुरादाबाद में 4000 करोड़ का निवेश, रोजगार 800
डालमिया सीमेंट-मिर्जापुर में 3000 करोड़ का निवेश, रोजगार 2500

संक्षिप्त समाचार

डंपर ने साइकिल सवार छात्र को कुचला, मौत

घाटमपुर (कानपुर)। घाटमपुर के कुम्हेड़िया गांव निवासी राम प्रसाद सोनकर का पुत्र मोहित (16 वर्ष) हाई स्कूल का छात्र था। 22 फरवरी से उसकी परीक्षा होनी है। जिसकी तैयारी के लिए वह साइकिल से भीतरगांव कस्बे की बाजार में सामान खरीदने जा रहा था। जैसे ही वह घाटमपुर भीतरगांव रोड पर स्थित बेहटा बुजुर्ग गांव के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे रौंद दिया। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। कुछ दूर आगे जाकर डंपर खड़ा करने के बाद चालक वहां से भाग गया। इधर, हादसे की सूचना जैसे ही छात्र के गांव पहुंची तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। गुस्साए ग्रामीणों ने घाटमपुर भीतरगांव रोड पर जाम लगा दिया। जिनको पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर शांत किया।

एके 47 गैंग के सदस्य का फोटो वायरल

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे में एके 47 गैंग ने पिछले दो वर्षों में से धमाल मचा रखा है। इस गैंग के सरगना के खिलाफ थाने में कई मुकदमे कायम है। यह गैंग पिछले छह माह से शांत था। मंगलवार को यह एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। इस गैंग के एक सदस्य ने फेसबुक में रेलवे लाइन पर खड़े होकर तमंचा लहराते हुए फोटो अपलोड किया है। साथ ही कस्बे के लोगों को धमकी दी है और कहा है कि आतंक हमारा ही कायम होगा। इस फोटो के वायरल होते ही पुलिस ने इस युवक की तलाश तेज कर दी है। चर्चा है कि यह युवक वार्ड संख्या 14 का निवासी है और मौजूदा समय में कस्बे से बाहर है। सोशल मीडिया में इसकी आईडी शातिर के नाम से बनी हुई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है, जल्द कार्यवाही होगी।

आठ परीक्षा केन्द्रों पर 5801 लोग देंगे परीक्षा

भरुआ, सुमेरपुर। आगामी 22 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए कस्बे के पांच इंटर कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के तीन कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। कस्बे के गायत्री बालिका इंटर कॉलेज में 942 परीक्षार्थी शामिल होंगे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 456 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। श्री गायत्री विद्यामंदिर इंटर कॉलेज में 533 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे। मधु महाराज इंटर कॉलेज में 1027 छात्र छात्राएं शामिल होंगीं। मां गीता माहेश्वरी इंटर कॉलेज में 952 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए परीक्षा केंद्र लक्ष्मी चंद्र पालीवाल इंटर कॉलेज में 703 छात्र छात्राएं पंजीकृत हैं। श्री कृष्ण राज मंदिर इंटर कॉलेज छानी में 677 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे। मौनी बाबा वीर भूमि इंटर कॉलेज मुंडेरा में 511 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे। इन परीक्षा केन्द्रों में हाईस्कूल के 3216 छात्र छात्राएं तथा इंटरमीडिएट के 2585 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे। सभी केन्द्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराये जा रहे हैं। परीक्षा तीसरी आंख की निगरानी में होगी।

रामलला के दर्शन का किया आह्वान

भरुआ, सुमेरपुर। ग्राम पंचायत पत्योरा के मजरा शिवरामपुर डेरा में चल रही यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने हिस्सा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से रामलला के दर्शन करने लिए अयोध्या धाम आने का आह्वान किया। कहा कि पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद रामलला पुन: अयोध्या में विराजमान हुए हैं। पत्योरा के प्रधान अरविंद निषाद ने बताया कि ग्रामीणों के संयुक्त सहयोग से यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। इसलिए सभी लोग भगवान राम के दर्शन अवश्य करें। उधर कथा व्यास ने श्रीकृष्ण जन्म के साथ राम जन्म का सुंदर वृत्तांत सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, राजेन्द्र निषाद,भानु प्रताप निषाद आदि लोग रहे।

मिड-डे-मील केस के बाद फील्ड में उतरे डीएम

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय सेमरझाल विकासखंड सरसौल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय स्टाफ को निर्देश दिये गये। विद्यालय के सुंदरीकरण पर विशेष रूप से कार्य किया जाए तथा किचन गार्डन और विद्यालय परिसर की साफ-सफाई नियमित रूप से कराई जाए एवं ग्राम प्रधान को निर्देश प्रदान किए गए कि विद्यालय परिसर पर इंटरलॉकिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। आंगनवाड़ी बंद होने पर प्रधानाध्यापिका ने अवगत कराया कि आंगनवाड़ीकार्यकत्री की मृत्यु हो जानेके कारण संबंधित आंगनबाड़ी टिकरा चौहान में संचालित है। अध्यापकों को निर्देश प्रदान किया कि बच्चों के साथ आत्मीय संबंध बढ़ाने पर जोर दिया। बच्चों को साफ सफाई, स्वास्थ्य तथा नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी ने बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य, शिक्षा एवं खेलकूद के लिए प्रोत्साहित किया।

नींद खुलने से पहले दुकानें सील

कानपुर। नगर निगम हाउस टैक्स का बकाया न जमा करने पर त्रिवेणी मार्केट को सुबह साढ़े सात बजे सील कर दिया गया। नगर निगम अधिकारियों ने सुबह पहुंचकर सभी 67 दुकानों को सील कर दिया। मकान मालिक पर हाउस टैक्स का 35 लाख 13,000 रुपये बकाया है। सुबह दुकान खोलने व्यापारी पहुंचे, तो दुकानों में सील देख चौंक गए। व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया। व्यापारियों का कहना है कि हर महीने समय से किराया जमा किया जाता है। मकान मालिक की गलती का खामियाजा व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है।

लॉयर्स एसो. में हुआ 72 प्रतिशत मतदान

कानपुर। लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष और महामंत्री समेत 20 पदों के लिए 61 प्रत्याशी मैदान में हैं। पांच बजे तक 6794 में से पांच हजार से अधिक वकीलों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। इसके पहले डीएवी कॉलेज में बने मतदान केंद्र में बैरीकेडिंग लगाकर अलग अलग बूथ में मतदाताओं के जाने की व्यवस्था की गई। चुनाव को देखते हुए ग्रीनपार्क चौराहे से गोरा कब्रिस्तान तक रेड जोन घोषित किया गया। यहां पर बैरीकेडिंग लगाकर किसी भी वाहन को अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई, पूरी प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों के समर्थक भी मतदाताओं पर ऐन मौके पर डोरे डालने का कोई मौका नहीं चूके। बुधवार को सुबह 11 बजे से लॉयर्स एसोसिएशन हॉल में वोटों की गिनती की जाएगी, पहले अध्यक्ष और महामंत्री का परिणाम घोषित किया जाएगा।

भाजपा का युवा संवाद सम्मेलन संपन्न

कानपुर। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कानपुर उत्तर द्वारा युवा संवाद सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अकबरपुर लोकसभा के सांसद देवेंद्र सिंह भोले उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे द्वारा किया गया कार्यक्रम में महामंत्री विनय वर्मा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा दिनेश राय मोर्चे के प्रभारी जितेंद्र विश्वकर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पिछड़ी मोर्चे के जिला अध्यक्ष अनुभव कटियार ने युवाओं में हुंकार भरते हुए बताया कि भाजपा ने ही ओबीसी वर्ग को उसका सम्मान दिलाया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवम कुशवाहा, स्वामीनाथ गिरी अजय शर्मा, शैलेश गौड़, सिद्धार्थ यादव, आशा पाल, अंकित सैनी रहे।

पुलिस भर्ती परीक्षा के बाद 'प्रोटेस्ट' और 'पॉलिटिक्स'

पेपर लीक होने की आशंका पर भड़के छात्र, सपा विधायकों ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

● अभ्यर्थियों में गुस्सा, परीक्षा निरस्त करने की उठ रही मांग

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। यूपी पुलिस में भर्ती होने का सपना देख रहे अभ्यर्थियों में 'पेपर लीक' होने की खबर उड़ने के बाद से शिगूफा बन कर तैयार हो गया। सच्चाई अभी सामने नहीं आ पाई है, लेकिन नौजवानों में गुस्सा इस कदर बढ़ जा गया कि अब सड़क पर उतर आए। उधर, मौके की नजाकत को भांप कर लोकसभा चुनाव से ठीक पहले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस इसे मुद्दा बना रही है। सपा विधायकों ने तो बाकायदा मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त करने की मांग की है। उधर, पुलिस पेपर लीक प्रकरण की हकीकत जानने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है।

भड़के छात्र, पहुंची पुलिस ...

पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की खबर का ऐसा शिगूफा बना कि छात्रों ने गौतम बुद्धा पार्क के सामने विरोध प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी होने पर कल्याणपुर थाने का फोर्स व कल्याणपुर एसीपी पहुंचे जहां छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

आपको बता दें कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। जिससे उग्र होकर मंगलवार को छात्रों ने कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित गौतम बुद्ध पार्क के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी मिलने पर कल्याणपुर थाने का फोर्स वी एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडे पहुंचे जहां छात्रों की समस्या सुनी और उन्हें ज्ञापन देने के लिए कहा वहीं छात्रों ने कल्याणपुर एसीपी अभिषेक कुमार पांडे को ज्ञापन देते हुए बताया कि बीते रविवार को पुलिस भर्ती में सिपाही पद के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें सूचना प्राप्त हुई की सोशल मीडिया पर समय से पहले ही परीक्षा पेपर लीक हो गया है और वह तेजी से वायरल हो रहा था।

रिएग्जाम की मांग ...

छात्रों ने बताया कि हम सभी छात्र गरीब घर से हैं जिनके पास इस भर्ती में भर्ती होने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। वही समर्पित अकैडमी के डायरेक्टर अर्पित दुबे ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा को रद्द किया जाए और दोबारा परीक्षा कराई जाए दोबारा परीक्षा कराने की वजह यह है कि जो पेपर वायरल हुआ है वह उस पेपर से मिला है छात्र धरने पर बैठे हुए हैं उन सभी छात्रों की मांग है कि रिएग्जाम हो।

सोशल मीडिया पर छाया मुद्दा ...

सोशल मीडिया पर भर्ती परीक्षा को लेकर तरह तरह की बातें करके भ्रमित किया जा रहा है।

17 और 18 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षाओं का आयोजन प्रदेश भर में किया गया। इसमें प्रदेश के साथ अन्य राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। परीक्षा में 100 से अधिक नकलची और सेंध लगाने वाले धरे गए हैं। वहीं, परीक्षा का प्रश्न पत्र आउट होने का भी भ्रम फैलाया जा रहा है। इसको लेकर अभ्यर्थियों में निराशा भी है।

जांच कमेटी गठित

यूपी सरकार ने भर्ती परीक्षा पर उठ रहे सवालों पर एक जांच कमेटी गठित की है। एडीजी अशोक कुमार की अध्यक्षता में बनाई गई आंतरिक समिति पेपर लीक की शिकायत, पेपर छपाई में त्रुटि, पेपर देरी से पहुंचने, एडमिट कार्ड में हीरोइन की फोटो सहित अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। फिलहाल जांच-पड़ताल का नतीजा सामने आने का इंतजार हो रहा है।

मैदान में उतरे विधायक

सपा और कांग्रेस ने भर्ती परीक्षा को मुदद्दा बना दिया है। कानपुर में सपा विधायक अमिताभ बाजपेई को युवाओं ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन में भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने की मांग की गई है। इसी तरह से कानपुर कैंट से विधायक हसन रूमी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर भर्ती में धांधली की बात कहकर पुन: परीक्षा कराने की बात कही है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने भी सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर भर्ती को लेकर कई कमेंट कर युवाओं को अपने पाले में करने की कोशिश की है।

राहुल गांधी की यात्रा में सपा को भी 'न्यौता'

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 21 फरवरी को शहर आगमन की तैयारी बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रदेश प्रभारी नीलांशु चतुर्वेदी ने दोपहर तिलक हाल में बैठक की। बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक राष्ट्रीय सचिव अजय कपूर से यात्रा के स्वागत पर चर्चा की। बैठक में पार्षद दल के नेता हाजी सोहेल अहमद व अन्य कार्यकर्ता भी पहुंचे। शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर अध्यक्ष नौशाद ने बताया कि सपा शहर अध्यक्ष फजल महमूद को भी आमंत्रित किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक सहित कई श्रमिक व कामगारों के विभिन्न वर्गों व समुदाय के गैर राजनैतिक संगठनों ने राहुल गांधी से मिलने व ज्ञापन प्रेषित करने का समय मांगा जिस पर नीलांशु चतुर्वेदी ने समय दिलाने का आश्वासन दिया।

पीएम मोदी ने दिया 'आईआईएस' का गिफ्ट

कानुपर। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कानपुर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल का लोकार्पण कर दिया। जम्मू कश्मीर की धरती से पीएम ने शहर को गिफ्ट दिया।

गोविंद नगर स्थित एनएसटीआई परिसर में बने आईआईएस के नये भवन में बड़ी स्क्रीन पर पीएम मोदी के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाई गई। पीएम ने आईआईएस को देश को समर्पित किया। इस दौरान सांसद सत्यदेव पचौरी के साथ विधायक सुरेंद्र मैथानी पहुंचे। आईआईएस से जुड़े अधिकारियों ने स्वागत किया। पीएम ने कानपुर आकर 19 दिसम्बर 2016 को आधारशिला रखी थी। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर से पीएम ने विकसित भारत की ओर विराट उड़ान कार्यक्रम के तहत देश को 13,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से शिक्षा और कौशल विकास की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी।

अवैध होर्डिंग्स का मकड़जाल देख नगर आयुक्त भी हैरान

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन द्वारा नगर के सौन्दर्यीकरण के दृष्टिगत बिरहाना रोड व पुराना गंगा पुल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर निगम से सम्बन्धित निम्नलिखित समस्याओं को देखा गया एवं मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

सर्वप्रथम बिरहाना रोड पर चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय पार्षद श्री विकास जायसवाल, श्री राजेश सिंह, जोनल अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी विज्ञापन व अन्य मौके पर उपस्थित पाये गये। बिरहाना रोड पर विज्ञापन होर्डिंग्स की भरमार पाये जाने पर प्रभारी अधिकारी विज्ञापन द्वारा अवगत कराया गया कि दुकानदारों से बात हो चुकी है, उनके द्वारा स्वयं दो दिन में दुकानों के बाहर लगे बोर्ड हटाये जाने हेतु सहमति दी गयी है। निर्देश दिये गये कि यदि दो दिन में होर्डिंग्स/बोर्ड न हटे, तो तत्काल नगर निगम द्वारा हटाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पुराने गंगा पुल का निरीक्षण कर कहा कि पुराने गंगा पुल के दोनों रास्तों की युद्धस्तर पर सफाई की जाये, निर्देश दिये गये कि सफाई कर्मी की संख्या बढ़ाते हुए कार्य को शीघ्र समाप्त किया जाये। निर्देश दिया कि नवीन पुल के अण्डर पास से लेकर झाड़ी बाबा तक दोनों ओर का अतिक्रमण हटाया जाये।

बारिश के साथ गिरे ओले! करोड़ों की फसले 'जमींदोज'

सुमेरपुर (स्पष्ट आवाज)। मंगलवार को शाम 5:00 बजे मौसम में अचानक पलटी मारी और तेज आंधी के साथ हुई जोरदार बारिश के साथ ओलो की बरसात ने सबकुछ तहस-नहस कर डाला। 15 मिनट की बारिश के साथ ओलों ने करोड़ों रुपए की लहलहा रही फसलों को नेस्तनाबूत कर दिया। ओलों से कुण्डौरा, पौथिया, बरदहा सहजना, कुम्हऊपुर, ललपुरा, स्वासा खुर्द, स्वासा बुजुर्ग, कलौलीजार, नंदेहरा, बांकी, बांक, बिलहडी, पलरा, दरियापुर, नारायनपुर, चंदौखी, कारीमाटी, सौंखर,नजरपुर, देवगांव, सिमनौडी, गहतौली, जलाला, भमौरा, बड़ागांव, पत्योरा, टेढ़ा, पचखुरा बुजुर्ग, पंधरी, पारा रैपुरा, पचखुरा खुर्द, भौनिया, कैथी, मौहर, धुंधपुर, बिरखेरा, अतरैया आदि गांव में सभी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। फसलें खेतों में जमींदोज हो गई हैं। सर्वाधिक नुकसान मटर, मसूर, चना, सरसों में हुआ है। आंधी के चलते तमाम पेड़ धराशाई हो गए और लोगों के टीन टप्पर उड़ गए। तेज आंधी से दर्जनों गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है।

विद्युत पोल गिरने से किसान की कमर टूटी कई घायल

ओलावृष्टि से जहां फसलें जमीदोंज हो गई है। वहीं पर पारा रैपुरा में खेतों में काम कर रहे जनार्दन प्रजापति (45) के ऊपर विद्युत पोल गिर जाने से कमर टूट गई। इसके साथ इसी गांव की कमतु की पत्नी(49) व सुपनु प्रजापति की पत्नी (50)भी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं कस्बे के इमिलिया थोक निवासी चुन्नू कुशवाहा(90) भी ओलों की चपेट में आकर घायल हो गया। इन सभी को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल ले जाया गया। इसी तरह पंधरी गांव निवासी माया देवी व शांति भी ओलों से घायल हो गई।

पहले वीडियो वायरल अब भाई को धमकी!

कानपुर। किशोरी का नहाते हुए वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने के मामले में सोमवार को किशोरी के भाई को धमकी मिली। फोन करने वाले युवक ने खुद को लखनऊ का पुलिस अधिकारी बताते हुए किशोरी के भाई पर युवती से छेड़छाड़ करने की शिकायत मिलने की जानकारी दी। ऑडियो वायरल होने के बाद एडीसीपी ने मामले की जांच के आदेश दिए।

वहीं करीब 20 दिन बीतने के बाद भी पुलिस किशोरी के कोर्ट में बयान नहीं दर्ज करा सकी है। इधर किशोरी के भाई को हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर का गुर्गा अभय भदौरिया झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दिलवा रहा है। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि विवेचक से मामले में देरी का कारण पूंछकर आगे की कार्यवाही होगी।

लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाएगी भाजपा

उन्नाव (स्पष्ट आवाज)। अभियान को लेकर 19 और 20 फरवरी को जिले भाजपा के प्रत्येक मण्डल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रवासी, मंडल पदाधिकारी अभियान के मंडल संयोजक सह संयोजक सहित शक्तिकेंद्र संयोजक व भाजपा के आईटी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बांगरमऊ नगर और गंजमुरादाबाद की कार्यशाला में पहुंचे जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा केन्द्र और राज्य में बीजेपी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के बीच जाकर लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत संवाद स्थापित करना है।मोदी सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई हैं वह जन जन तक पंहुची हैं लोगों के बीच इसकी चर्चा करना है। उन्होंने लाभार्थी सम्पर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लाभार्थी सम्पर्क के दौरान लाभार्थी द्वारा मोबाइल नम्बर 9638002024 पर मिस्डकॉल करवाना है और मोदीजी का पत्र सौंपकर लाभार्थी के घर पर स्टीकर लगाने का कार्य पार्टी कार्यकर्ताओं को करना है। उन्होंने अभियान को लेकर पार्टी संगठन योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में 25 फरवरी से 5 मार्च के बीच लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा और 1 मार्च से 3 मार्च के बीच विशेष अभियान चलाया जाएगा। लोकसभा प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष हरदोई सौरभ मिश्रा ने कहा कि 2024 में लोकसभा की सभी सीटों पर कमल खिलाना है। सबसे बड़ा कमल हमारे उन्नाव का हो। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को ध्यान में रखते हुए कई लोककल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया है। जिसका परिणाम रहा कि 2014 से 2023 के बीच लगभग 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी से बाहर आए।

याद तेरी आएगी..मुझको बड़ा सताएगी...

विदाई समारोह में फूट-फूटकर रो पड़े मकनपुर चौकी इंचार्ज



कानपुर (स्पष्ट आवाज)। पुलिस कमिश्नरेट में इंटरनल ट्रांसफर-पोस्टिंग जारी है। चौकी-थाने में लंबे समय तक सेवा के बाद विदाई में हर कोई भावुक हो जाता है। ऐसा लाजमी भी है। लेकिन, इस कदर आंसुओं का सैलाब शायद ही कहीं-कहीं देखने को मिलता है।

अरौल थाने की मकनपुर चौकी से जुड़ा एक वीडियो सोमवार को पुलिस महकमे में चर्चा का मसला बना रहा। बताया जा रहा है कि अरौल थाने की मकनपुर चौकी में चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सिंह का ट्रांसफर हो गया। अब उन्हें चौकी इंचार्ज की जगह नरवल थाना के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौकी इंचार्ज की विदाई के मौके पर कार्यक्रम रखा गया। जिसमें यहां आए लोगों ने चौकी इंचार्ज रहे राजेश कुमार सिंह के बेहतर कार्यों की सराहना करते हुए अपराधियों पर शिकंजा कसने की भी बात कही। इसके बाद जब उन्हें विदाई दी जाने लगी तो चौकी इंचार्ज अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और फूट फूटकर रोने लगे। राजेश सिंह से जुड़ा हुआ एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, 'स्पष्ट आवाज' हिंदी दैनिक वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है और ना ही किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना समाचार पत्र का मकसद है। लेकिन, वायरल वीडियो के बाद सब इंस्पेक्टर पुलिस कमिश्नरेट में चर्चा का विषय जरूर बन गए।

आचार संहिता उल्लंघन में 29 फरवरी को फैसले की घड़ी!

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज आचार संहिता उल्लंघन मामले में अभियोजन को राहत नहीं मिल सकी है। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने अभियोजन की रिवीजन याचिका खारिज कर दी है। अब मुकदमे में एमपीएमएलए लोअर कोर्ट 29 फरवरी को फैसला सुना सकती है। सपा विधायक इरफान सोलंकी की ओर से एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में अर्जी देकर राज्य सभा चुनाव में मतदान की अनुमति मांगी गई है। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि अर्जी में यह नहीं लिखा है कि चुनाव कब होना है। कोर्ट ने इस संबंध में पुलिस से रिपोर्ट मांगी है।

समाधान दिवस: डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

कानपुर देहात (स्पष्ट आवाज)। संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम आलोक सिंह द्वारा ततहसील मैथा में लोगों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 107 शिकायतें प्राप्त हुई, यह शिकायतें मुख्यत: रराजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत तथा अन्य से संबंधित रहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें, शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्यवाही की जाये। तहसील दिवस में पुलिस अधीक्षक बीबी जीटीएस मूर्ति द्वारा भी पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुना गया। वही डीएम द्वारा तहसील परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह, उप जिलाधिकारी मैथा, डीएफओ एक द्विवेदी, परियोजना अधिकारी आदि जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

अभियान के तहत खाद्य पदार्थ के भरे सैंपल

कानपुर देहात (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देश के अनुपालन में खाद्य पदार्थ-दुग्ध पदार्थ पर दो दिवसीय विशेष अभियान जनपद में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, द्वारा शैलेश दीक्षित, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नृतत्व में जनपद के विभिन्न स्थानों में कार्यवाही करते हुए कुल 08 नमूने संग्रहीत किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनीता यादव द्वारा स्थान नगर पालिका रोड पुखरायों स्थित राम शिव डेयरी अजीत सिंह से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना संग्रहीत किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रूचि बाजपेयी द्वारा स्थान-बरौर, में खाद्य कारोबारकर्ता माता प्रसाद से खाद्य पदार्थ-मिश्रित दूध एवं स्थान-धार से टिंकू के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ-अरहर दाल एवं मोहम्मद हसन से खाद्य पदार्थ-सरसों का तेल के नमूने संग्रहीत किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश चन्द्र द्वारा स्थान-उलरापुर में शिव बालक से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहीत किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम बिहारी द्वारा स्थान नेहरू नगर अकबरपुर से रमाकांत से खाद्य पदार्थ-दही का नमूना संग्रहीत किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराग द्वारा स्थान-धभारी से विकास से खाद्य पदार्थ-मिश्रित दूध का नमूना संग्रहीत किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुधा कनौजिया द्वारा स्थान डुबकी स्थित गगन डेयरी से महेश से खाद्य पदार्थ-मिश्रित दूध का नमूना संग्रहीत कर सभी नमूने जाँच के लिये खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किये गये।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या - 72/मु0अभि0/2023-24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्तवपूर्ण एवं आवश्यक कार्यों हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :- 12 दिनांक 05.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यों का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

पत्रांक : 389, दिनांक : 21.02.2024

रायबरेली पहुंचीं कांग्रेस की भारत छोड़ो न्याय यात्रा, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) राहुल गांधी की अगवाई में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अपराह्न 2 बजे रायबरेली पहुंची। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा करते हुए यात्रा का स्वागत किया। राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। राहुल गांधी की एक झलक पाने को कांग्रेसी कार्यकर्ता व उनके समर्थक बेताब दिखे। सड़क के दोनों किनारों पर उनके समर्थक नारे लगाते दिखे ।उन पर समर्थकों ने फूलों की वर्षा की। मंगलवार को राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अमेठी से रायबरेली के लिए निकली। सुबह से ही कांग्रेस कार्यकर्ता व उनके समर्थक राहुल गांधी के स्वागत के लिए डटे दिखाई पड़े। रायबरेली में जगह-जगह पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यात्रा का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। उनके समर्थकों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के समर्थन में जिंदाबाद के नारे लगाए। राहुल गांधी ने हाथ हिलाकर सभी

का अभिवादन किया। राहुल गांधी के साथ उनकी गाड़ी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, रायबरेली सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ,रायबरेली नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर मौजूद रहे। हाथी पार्क के पास सरेनी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रही सुधा द्विवेदी, कांग्रेस नेता मनोज द्विवेदी,नगर पंचायत अध्यक्ष लालगंज सरिता गुप्ता ,कांग्रेस नेता दीपेंद्र गुप्ता, राकेश भदौरिया, जिला महामंत्री महेश शर्मा आदि ने राहुल गांधी का स्वागत किया। यात्रा के रास्तों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों द्वारा होर्डिंग और कांग्रेस पार्टी के झंडे व बैनर लगाए गए थे। यात्रा के रायबरेली शहर के सुपर मार्केट पहुंचने पर राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसी को भी डरना नहीं है।राहुल गांधी ने राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर वहां पर उपस्थित होने वाले लोगों के ऊपर भी उंगली उठाई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनगणना करवाने से डर रही है। उन्होंने ओबीसी ,दलित व आदिवासी के लिए लड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि आप लोग डर रहे हैं, इसी वजह से आज पिछड़े हुए हैं। आप लोगों को कहीं भी रोजगार नहीं मिल रहा है। उन्होंने 69000 शिक्षकों की भर्ती से जुड़े अभ्यर्थी मनोज

मौर्य को अपनी गाड़ी में बुलाकर उनसे बोलने को कहा। इस बात पर मनोज मौर्य रोने लगे। राहुल गांधी ने उनसे खुलकर बोलने को कहा। सुपर मार्केट में जनसभा समाप्ति के पश्चात न्याय यात्रा घंटाघर, कैपरगंज ,कहारों का अड्डा, जहानाबाद आदि मार्गों से होते हुए लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गई। न्याय यात्रा के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की भारी संख्या रही।

आमने-सामने भिड़े भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ता, की नारेबाजी

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) भारत जोड़ो न्याय यात्रा जैसे ही रायबरेली शहर के सुपरमार्केट पहुंची, जहां पर राहुल गांधी का संबोधन होना था,भाजपा कार्यकर्ता भाजपा का झंडा लेकर नारेबाजी करने लगे । जैसे ही राहुल गांधी की नजर भाजपा के झंडे पर पड़ी, राहुल गांधी के माइक से बोलते ही कांग्रेस कार्यकर्ता उनके पास पहुंच गए। राहुल गांधी ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर तंज भी कसा। जब तक प्रशासन कुछ समझ पाता दोनों पार्टी के कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे। काफी देर तक दोनों पार्टी के कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे। प्रशासन के पहुंचने तक दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प होने की नौबत आ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ सदर अमित सिंह व शहर कोतवाल राजेश सिंह ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर सभी को शांत कराया।

राहुल गांधी को दिखाए गए काले झण्डे

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) कांग्रेस के गढ़ रायबरेली में राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंचने पर लोगों ने राहुल गांधी को काले झंडे दिखाये। लोगों का कहना था कि जब उनकी मां सोनिया गांधी, जो यहां की सांसद हैं, जीतने के बाद जब अपनी लोकसभा ही नहीं आतीं, तो ऐसी यात्रा की रायबरेली में क्या जरूरत है और राहुल गांधी का रायबरेली में क्या काम?लोगों ने राहुल गांधी को काले झंडे दिखाते हुए राहुल गांधी वापस जाओ, राहुल गांधी वापस जाओ के नारे भी लगाए।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायबरेली पहुंचने से पहले कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को रायबरेली पहुंचने ही वाली थी, इससे पहले दोपहर में ही रायबरेली जिले में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। सदस्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी एवं जिला महामंत्री रवींद्र सिंह ने अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ कांग्रेस के अन्य कई पदाधिकारीयों ने भी कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है।

● कद्दावर नेता रवींद्र सिंह ने अन्य पदाधिकारी के साथ छोड़ी कांग्रेस पार्टी, जल्द भाजपा में होंगे शामिल

एक तरफ राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जुटे हुए हैं, वह लोगों को न्याय दिलाने की बात कर रहे हैं परंतु उनकी ही पार्टी में लोग खुद को उपेक्षित होने व कांग्रेस पार्टी से जुड़कर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

सदस्य कांग्रेस कमेटी उ0प्र0 व महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, रायबरेली रवीन्द्र सिंह ने शहर स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि हम सभी रायबरेली जनपद के कांग्रेस पार्टी में पूर्ण निष्ठा रखने वाले कार्यकर्ता व जिला तथा प्रदेश के कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी भी हैं ।हम लोग कांग्रेस के लिये हमेशा मर मिटने का भाव रखते थे और गाँव गली में जाकर कांग्रेस को वोट दिलाकर मजबूत करते रहे। किन्तु आज की परिस्थितियां ऐसी हैं ,कि आज अगर हम किसी गाँव में कांग्रेस के लिये बात करते हैं तो लोग सवाल करते हैं कि विगत् 10 वर्षो से जिनको वोट दिया है, वह कहाँ है? जब से जीतकर गयीं माँ-बेटी दोनों रायबरेली दोबारा लौट कर नहीं आई । और न ही कार्यकर्ताओं/मतदाताओं से किसी के सुख दुःख से कभी सरोकार रखा।यहाँ तक कि दिल्ली भी जाओ तो कभी मुलाकात नहीं किया। साथ ही बिना रायबरेली के कार्यकर्ताओं को विश्वास में लिये रायबरेली/उ0प्र0 छोड़कर राजस्थान चले जाने से भी हम सब आहत हैं ।साथ ही वर्तमान समय में जो कांग्रेस नेतृत्व ने सनातन धर्म और उसकी आस्था को आघात पहुंचाया है, भगवान श्रीराम के अस्तित्व को ही मानने से इन्कार कर दिया है, ऐसे में हम सब अत्यन्त आहत हैं और पार्टी के सभी पदों से प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे है।

इस दौरान रवीन्द्र सिंह सदस्य- कांग्रेस कमेटी उ0प्र0 व महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, रायबरेली के साथ अभिषेक दिवाकर सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी उ0प्र0,नागेन्द्र सिंह महामंत्री- जिला कांग्रेस कमेटी व प्रभारी बछरावों विधान सभा,जितेन्द्र द्विवेदी- सचिव जिला कांग्रेस कमेटी रायबरेली, साहबदीन पासी पूर्व प्रत्याशी बछरावाँ विधान सभा,अमरनाथ पासी पूर्व प्रधान,प्रकाश मुरारका पूर्व सचिव, नगर कांग्रेस कमेटी रायबरेली, नंद कुमार मिश्रा पूर्व प्रधान कुंभी शिवगढ़, सुदामा त्रिवेदी ढेकवा शिवगढ़, दुर्गा प्रसाद पाठक शिवगढ़ आदि लोगों ने भी कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही सभी लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

एफजीआईईटी के छात्रों का हुआ एरिक्सन कंपनी में चयन

रायबरेली। फिरोज गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रायबरेली के संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा सूचित किया गया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के तीन छात्रों निक्कू पटेल ,आकृति श्रीवास्तव तथा साक्षी उपाध्याय का चयन 3.75 लाख सालाना पैकेज पर मल्टीनेशनल कंपनी एरिक्सन में दिनांक 6 फरवरी 2024 से 9 फरवरी तक चले ऑनलाइन टेक्निकल राउंड इंटरव्यू में हुआ है। इस अवसर पर संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष अतीक अहमद एवं संस्थान के निदेशक ने छात्रों को उनके चयन पर बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर यह कहा कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के हब के रूप में विकास होने जा रहा है।

नाबालिक बच्चों के हित में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बलरामपुर। आर.के. तेजकुमार सिंह उप कमांडेंट नौवीं वाहिनी बलरामपुर एवं बाल कल्याण समिति द्वारा नाबालिक बच्चों के हित में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। बाल कल्याण समिति मेंबर कविता त्रिपाठी ने कोयलाबास के जवानों व प्राथमिक विद्यालय जरवा के छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी के बारे में तथा बच्चों के सर्वोत्तम हित के विषय में लोगों को जागरूक कराया। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 पर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बाल कल्याण समिति की कविता त्रिपाठी व डीसीपीटू के प्रदीप द्विवेदी एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजनाओं से लाभ के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के तहत चयनित बालक बालिकाओं को बालिग होने तक प्रत्येक माह चार हजार रुपया दिया जाता है। यह राशि बच्चों के पालन पोषण एवं उनके बेहतर शिक्षा के लिए दिए जाने का प्रावधान है। कविता ने मानव तस्करी पर जानकारी देते हुए कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग की 2023 मानव तस्करी रिपोर्ट के अनुसार नेपाल टियर 2 में बना हुआ है। जिसका मुख्य कारण भारत नेपाल खुली सीमा होने व गरीबी और रोजगार के अवसरों की कमी कारण विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में व्यक्तियों या गरीब परिवारों के सदस्य अधिक शहरी क्षेत्र में स्थांतरित होने या दूर की नौकरी की पेशकश स्वीकार करने के लिए मजबूर करती है।

डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

बलरामपुर। शासन के मंशानुरूप आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु तहसील बलरामपुर सदर में संपूर्ण समाधान दिवस डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। अन्य शिकायतों का संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए तीन दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील सभी विवादों को गंभीरता से लिया जाए एवं अति सक्रियता के

साथ निस्तारण किया जाए। जिन विभागों से जुड़ी शिकायते ज्यादा आ रही है संबंधित अधिकारी इसका आकलन करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार करें एवं फील्ड में जाकर प्रमुखता से जनसमस्याओं को हल करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, एसडीएम बलरामपुर सदर राजेंद्र बहादुर, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, डीडीओ गिरीश चंद्र पाठक, सीएमओ, सीओ सिटी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अयोध्या पहुँची धामी कैबिनेट

● राम लला का दर्शन पूजन कर निहाल हुई उत्तरांचल सरकार

अयोध्या। उत्तरांचल के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत सतपाल महाराज सहित पूरी कैबिनेट अयोध्या धाम पहुंचकर किया रामलला विराजमान सरकार का भव्य दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उत्तरांचल के मुख्य मंत्री श्री धामी ने कहा अयोध्या और उत्तराखंड का संबंध गहरा उत्तराखंड के लोग हमेशा अयोध्या आएंगे। रामलला को देख कर मेरे मन मे भावुकता होती थी पर आज प्रभु श्री राम को देखकर प्रसन्नता होती है। हमें यहा जमीन मुहैया कराई जाएगी तो उत्तराखंड सदन बनाएंगे।उत्तराखंड का हर रामभक्त अयोध्या आना चाहता है। विमान से

वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम पर उतरने पर उनका भव्य स्वागत भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल कार्यालय मंत्री बबलू मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सिंह ने रामनामी भेंट कर भव्य स्वागत किया और पुरी कैबिनेट को रामलला का भव्य दर्शन कराया।

आरेडिका में सांस्कृतिक कार्यक्रम, हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के राजभाषा विभाग के मार्गदर्शन में हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं कर्मचारियों के मध्य राजभाषा के प्रति रूचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से दिनांक 20.02.2024 को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में आरेडिका के कवियों के साथ-साथ अन्य शहरों से आए प्रसिद्ध कविजन पंकज प्रसून, मुकुल महान, फरमूद इलाहाबादी, शिखा श्रीवास्तव, आसिफ उस्मानी आदि ने अपने कविता पाठ से लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी कड़ी में दूसरी ओर स्काउट एवं गाइड के

सदस्यों के समूह नृत्य तथा शिवानी मालवीय के लावणी नृत्य से दर्शकों का मन झूम उठा। इसी के साथ ओमप्रकाश मौर्या की कविता रायबरेली की पावन धरती और विवेकानन्द व्यास की कविता बेटी पढाओ ने भी खूब तालियां बटोरीं। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कवियों का बढ़-चढ़ कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश कुमार श्रीवास्तव, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. सत्यव्रत, राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को महाप्रबंधक ने पुरस्कृत भी किया ।

अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

इटिया थोक, गोंडा (स्पष्ट आवाज)। स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मंगलवार को उप निरीक्षक धर्मराज शर्मा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इसी बीच धर्मेई से माफीपुरवा जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ दिखाई दिया। उसे रोककर तलाशी की गई तो उसके कब्जे से एक किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान यासीन पुत्र करीम बक्श निवासी ग्राम पंचायत धर्मेई थाना इटियाथोक के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

महराजगंज, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की मौजूदगी में सर्वाधिक राजस्व विभाग की शिकायतें आई। तो वहीं पुरासी गांव में नलकूप विभाग द्वारा खोदी गई सड़कों को लेकर शिकायती पत्र आया। जिस पर सख्त तेवर दिखाते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जल निगम के अधिकारियों व राजस्व के कर्मचारियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि जल्द ही मामले का निस्तारण कर अवगत करायें। बताते चले की संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 67 शिकायती पत्र आए ,जिसमें राजस्व के सर्वाधिक शिकायती पत्र रहे, तो वहीं क्षेत्र के भटपुरवा मजरे डोमापुर गांव निवासी विशुना देवी ने दिए गए शिकायती पत्र में गांव के ही दबंग प्रतिपक्षी गण रामनरेश सुरेश कुमार पुत्र रामपाल और रमेश कुमार राजेश कुमार सुमित कुमार पुत्र ओरीलाल व रामजियाई द्वारा दिनांक 18 फरवरी024 को दबंग प्रतिपक्षी गणों द्वारा बबुला देवी पुत्री सूरजपाल को लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला कर दिया, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। कोतवाली पुलिस से गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त गणों को जेल भेजने की मांग की है, तथा क्षेत्र के ग्राम पुरे रघुनाथ सिंह मजरे भटसरा गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मिलकर कोटेदार हरिश्चंद्र रावत द्वारा की जा रही घटतौली व गाली गलौज तथा एक माह का राशन डकार जाने के संबंध में शिकायत की है। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी रायबरेली को तत्काल मौके पर जाकर जांच कर कोटेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं हलोर गांव के ग्राम सभा सदस्य सुधीर कुमार चौधरी ने दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गाटा संख्या 328/ 0.126 ग्राम सभा समसपुर हलोर में हल्का लेखपाल द्वारा पैसे के बल पर 30 वर्ष पुराने आवासीय पट्टे के आधार पर जबरन कब्जा व निर्माण करना चाहती है।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि.

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु सीलबन्द निविदायें दो भागों में दिनांक 29.02.2024 को 16.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। (1) अल्पकालिक ई0-निविदा संख्या : 11/वि0पा0ख0/बह0/2023-24 : विद्युत पारेषण खण्ड, बहराइच के अधीन 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, बहराइच पर स्थापित 110 वोल्ट बैट्री सेट के चार्जर रिपेयरिंग सम्बन्धी कार्य। धरोहर राशि रू0 1000.00 निविदा भाग-1 खुलने की तिथि 29.02.2024 को 16:00 बजे, निविदा भाग-2 (प्राइज पार्ट) खुलने की तिथि हेतु तदोनुसार बेवसाइट पर सूचित किया जायेगा, निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 590.00 (जी0एस0टी सहित)। निविदा प्रपत्र शुल्क एवं इ0एम0डी0 अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, बहराइच के बैंक खाते में (बैंक का नाम- पंजाब नैशनल बैंक, खाता संख्या-0072002101028030, IFS Code-PUNB0007200) R.T.G.S./N.E.F.T. के माध्यम से जमा कराई जानी है तथा बैंक में जमा किये जाने का साक्ष्य यथा योज्य यूटीआर संख्या, खाते का नाम, निर्गतकर्ता बैंक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित पे-इन स्लिप की स्कैन्ड कापी, ई0एम0डी0 के लिए बैंक गारण्टी की स्कैण्ड कापी, जारीकर्ता बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति ई-टेण्डर प्रपत्रों के साथ ऑन लाइन अपलोड की जायेगी, अन्यथा कि स्थिति में निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा को स्वतः निरस्त समझा जायेगा। साथ ही निविदा के भाग-1 में तकनीकी बिड (पैन कार्ड, इन्कमटैक्स रिटर्न, जी0एस0टी0 पंजीकरण की स्व-प्रमाणित छायाप्रति एवं तकनीकी अनुभव इत्यादि), संलग्न करना अनिवार्य है। धरोहर राशि/निविदा शुल्क न होने अथवा किसी प्रकार की त्रुटि होने पर निविदा का भाग-2 जिसमें दरें दी जानी है, नही खोली जायेगी। भाग-2 में दरे एवं वाणिज्यक नियम व शर्ते होनी चाहिये। हार्ड कापी कार्यालय में जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। निविदा का भाग प्रथम एवं द्वितीय भाग (प्राईज बिड दरे एवं शर्ते) दिनांक 29.02.2024 को 16.00 बजे तक www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती हैं। निविदा का प्रथम भाग दिनांक 29.02.2024 को 16.00 बजे एंव भाग-2 (प्राइज पार्ट) निविदा शुल्क एंव धरोहर धनराशि की प्राप्ति की पुष्टि होने के पश्चात् सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर खोली जायेगी। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निविदा/निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। धरोहर/निविदा राशि रहित व सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। कृपया विस्तृत जानकारी, डाउनलोड, अन्य संशोधनों एंव निविदा प्रस्तुत करने के दिनांक तक विस्तार आदि के सम्बन्ध में कृपया www.etender. up.nic.in पर लॉग आन करें।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड, 220 के.वी. उपकेन्द्र परिसर लखनऊ रोड, बहराइच
पत्रांक : 846/वि.पा.ख./बह./ई-टेण्डर/2023-24/संख्या : 11, दिनांक : 16.02.2024

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें साधारण बल्ब के स्थान पर एल.ई.डी. बल्ब का इस्तेमाल करें"

डीएम की कड़ी चेतावनी परीक्षा में विघ्न डालने वालों पर होगी कार्रवाई

● 143 परीक्षा केंद्रों पर 51477 हाईस्कूल, 40595 इंटरमीडिएट में छात्र-छात्रायें देंगे बोर्ड की परीक्षा

गोंडा। मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर डीएम नेहा शर्मा ने जिला पंचायत सभागार में जिले के 143 परीक्षा केन्द्रों को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, सचल दल के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि शासन व बोर्ड की मंशा के विपरीत किसी भी परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक अथवा

अन्य अधिकारी द्वारा गड़बड़ी करने की कोशिश की गई तो निश्चित ही एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि परीक्षाओं का माहौल खराब करने अथवा नकल कराने या पर्चा लीक कराने का जरा भी प्रयास कराने वाले किसी भी असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जायेगी, यदि उसमें विद्यालय प्रबंधन की संलिप्तता पाई गई तो परीक्षा केन्द्र को डिबार करने के साथ ही उसमें संलिप्त हर अधिकारी-कर्मचारी को कठोर दण्ड दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने शासन के निर्देशों के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति स्ट्रांग रूम में मोबाइल कतई नहीं ले जाएगा। इसके अलावा डबल लॉक में रखे प्रश्नपत्रों के पैकेट्स को परीक्षा के निर्धारित समय व बिना स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति के कतई खोला नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि नकलविहीन परीक्षा में बाधा बनने की कोशिश करने वाले केन्द्र व्यवस्थापक सतर्क हो जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी 143 परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है। किसी भी परीक्षार्थी या परीक्षा कक्ष निरीक्षक को मोबाइल लेकर जाने की अनुमति न दी जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया है कि जनपद में हाईस्कूल के 27194 बालक एवं 24283 बालिका तथा इंटर मीडिएट के 21995 बालक एवं 18600 बालिकायें देंगी बोर्ड की परीक्षा। बोर्ड परीक्षा में जोनल मजिस्ट्रेट 04, सेक्टर मजिस्ट्रेट 20 तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट 143 लगाये गये हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, समस्त जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गोंडा सीट से सपा ने दिग्गज नेता की पोती को उतारा लोकसभा के चुनावी मैदान में

गोंडा। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है. इसमें गोंडा लोकसभा सीट से श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है, जो की गोण्डा से पूर्व सांसद व केन्द्रीय मंत्री रहे स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पोती हैं. गोंडा से अभी बीजेपी के कीर्तिवर्धन सिंह सांसद हैं. जबकि इस इलाके में बृजभूषण शरण सिंह का भी दबदबा माना जाता है. गोंडा से 1991, 1999 में बृज भूषण शरण सिंह सांसद रहे हैं. जबकि कीर्तिवर्धन सिंह जो पहले समाजवादी पार्टी के टिकट पर 1998 में और 2004 में सांसद रह चुके हैं. जबकि 2009 में बेनी प्रसाद वर्मा कांग्रेस के टिकट पर जीते थे। श्रेया वर्मा समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा रह चुकी हैं. श्रेया वर्मा के पिता राकेश वर्मा भी यूपी सरकार में मंत्री रह चुके हैं. श्रेया वर्मा ने बाराबंकी में बेनी प्रसाद वर्मा एकेडमी की शुरुआत की थी. इसमें गरीब बच्चों को सिविल सेवा समेत तमाम मामलों में मुफ्त शिक्षा दी जाती है. वही अब राष्ट्रीय अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी ने गोण्डा लोकसभा से श्रेया वर्मा को लोकसभा 2024 का टिकट दिया है जिससे समाजवादी पार्टी गोंडा के कार्यकर्त्वाओ में खुशी की लहर है व कल से ही श्रेया वर्मा के आवास पर कार्यकर्ताओं वा समर्थकों द्वारा बधाई देने का ताता लगा हुआ है

शादी की खुशियां एक ही पल में मायूसी में बदल गईं

खरगूपुर गोंडा (स्पष्ट आवाज)। खरगूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती की शादी रविवार को थी। दुल्हन के परिवार वालों ने बरातियों के स्वागत की तैयारी कर ली थीदेर रात जब बरात नहीं पहुंची तो युवती के पिता ने दूल्हे के घरवालों को कॉल की। दूल्हे के पिता ने बताया कि दुल्हन की अश्लील फोटो किसी ने उनके बेटे के मोबाइल पर भेजी है। सोशल मीडिया पर भी अश्लील फोटो वायरल हो रही है। अब शादी नहीं कर पाएंगे। यह सुनते ही युवती के पिता गश खाकर गिर पड़े। शादी की खुशियां एक ही पल में मायूसी में बदल गईं। घर में सन्नाटा छा गया। शादी में आए रिश्तेदार व संबंधी लौट गए। युवती के पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक के संग तय की थी। तिलक समारोह में 21 हजार नकदी, बाइक व अन्य सामान भी दिया था।

रविवार को शादी थी। बरात के स्वागत की तैयारी पूरी हो गई थी। देर रात इंतजार करते रहे। इसके बाद दूल्हे के पिता के मोबाइल पर कॉल कर बरात न पहुंचने का कारण पूछा। उन्होंने बताया कि दुल्हन की अश्लील फोटो किसी ने उनके बेटे यानि दूल्हे के मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप कर भेजी है। अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही हैं।अब शादी नहीं हो सकती। यह सुनते ही दुल्हन का पिता गश खाकर गिर पड़ा। रिश्तेदारों ने किसी तरह उन्हें संभाला। शादी का रिश्ता टूटते ही मायूसी छा गई। रिश्तेदार व संबंधी लौट गए।

युवती के पिता को धमकाया

युवती के पिता ने बताया कि वह शिकायत लेकर आरोपी युवक के घर पहुंचे। आरोपी युवक, उसके माता पिता व चाचा ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। युवती के पिता ने आरोपी युवक समेत उसके माता पिता व चाचा के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि जांच के बाद केस दर्ज किया जाएगा।

बहराइच महोत्सव : आयोजित होगी तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। उप क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक ने बताया कि जनपद में 25 से 27 फरवरी 2024 तक आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के सहयोग से इन्दिरा स्टेडियम में 25 फरवरी को प्रातः 09:00 बजे से बालक वर्ग के लिए फुटबाल, कबड्डी, पिट्ठू दौड़ व बोरा दौड़, 26 को बालक-बालिका वर्ग के लिए एथलेटिक्स, लेमन रेस व पतंग का प्रदर्शन तथा 27 फ

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, बुधवार, 21 फरवरी, 2024
विक्रम संवत 2080, माघ मास, द्वादशी (शुक्ल पक्ष)

जो लोग जानते हैं, वह करते हैं। वो लोग जो समझते हैं, वह दूसरों को सिखवाते हैं। - अरस्तु

पीडीए में रहे छूट रहे पीडीए

स

वैसे इसकी चिंगारी तभी उठने लगी थी, जब सपा ने लोकसभा के लिये 16 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी। यह चिंगारी सपा प्रमुख द्वारा राज्यसभा के लिये मनमाने तरीके से प्रत्याशियों का चयन करने से और भी भड़क गई है। सपा के नेता और कार्यकर्ता कह रहे हैं कि काम हमारा- अधिकार तुम्हारा नहीं चलेगा। राज्यसभा में जिस तरह से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बाहरी लोगों को टिकट दिया, उससे स्वामी प्रसाद मौर्या ही नहीं कई अन्य नेता भी नाराज हो गये हैं।

माजवादी पार्टी के नेतृत्व पर परिवारवाद का आरोप लगता रहता है, लेकिन इससे कभी पार्टी की सेहत पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। सपा में परिवारवाद के बाद अब जिस तरह से बाहरी लोगों को राज्यसभा और विधान परिषद भेजने में दिलेरी दिखाई जा रही है, उससे पार्टी के भीतर बवाल खड़ा हो गया है। वैसे इसकी चिंगारी तभी उठने लगी थी, जब सपा ने लोकसभा के लिये 16 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी। यह चिंगारी सपा प्रमुख द्वारा राज्यसभा के लिये मनमाने तरीके से प्रत्याशियों का चयन करने से और भी भड़क गई है। सपा के नेता और कार्यकर्ता कह रहे हैं कि काम हमारा- अधिकार तुम्हारा नहीं चलेगा। राज्यसभा में जिस तरह से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बाहरी लोगों को टिकट दिया, उससे स्वामी प्रसाद मौर्या ही नहीं कई अन्य नेता भी नाराज हो गये हैं। स्थिति यह है कि सपा का मजबूत वोट बैंक समझे जाने वाला पिछड़ा, दलित, मुसलमान भी अखिलेश के रवैये से अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्या पहले ही नाराजगी जता चुके हैं और नई पार्टी के गठन का ऐलान कर चुके हैं जबकि सपा के दलित नेता और पूर्व मंत्री कमलाकांत गौतम ने नाराजगी के चलते अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। उधर, मुसलमानों के कई रहनुमा कह रहे हैं कि 90 फीसदी मुस्लिम समाजवादी पार्टी को वोट देते हैं और उनको अधिकार के नाम पर झुनझुना दिखाया जाता है। अखिलेश को बताना होगा कि राज्यसभा के लिये उसे कोई मुस्लिम नेता का नाम क्यों नहीं सूझा। सपा पर अंदर-बाहर सभी तरफ से आरोप लगा रहा है कि उसका पिछड़ा, दलित, मुसलमान (पीडीए) छलावा है।ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर सपा से एक भी मुसलमान नेता को राज्यसभा का टिकट न मिलने पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि आपके इस फैसले से सख्त तकलीफ हुई है। मौलाना ने कांग्रेस की तारीफ करते हुए लिखा है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पूरे देश में नफरत के खिलाफ यात्रा निकाल रहे हैं। वह संविधान बचाने, अमन पसंद लोगों को एकजुट करने में जुटे हैं। ऐसे में सपा को साथ देना चाहिए। भाजपा को रोकने के लिए सपा और कांग्रेस को एक मंच पर आना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में फिरकापरस्त ताकतों को मजबूत करने की गलती न करें। मुसलमानों के जज्बात एवं एहसास को ठेस न पहुंचाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में सपा की ओर से कांग्रेस को गलत सीटें दी जा रही हैं। इससे स्पष्ट है कि आप लोकसभा में भाजपा के खिलाफ कमजोर उम्मीदवार उतारने की मंशा रखते हैं। लखनऊ में राजनाथ सिंह के खिलाफ जिस उम्मीदवार की घोषणा की गई है, उससे भी यही प्रतीत होता है कि भाजपा को वॉकओवर दे दिया गया है।

आज का इतिहास

1613 - रूस में रोमानोव वंश का शासन स्थापित हुआ।
1842 - अमेरिका में जॉन ग्रीनॉफ को सिलाई मशीन का पेटेंट अधिकार मिला।
1848 - कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंगेल्स ने कम्युनिस्ट घोषणापत्र प्रकाशित किया।
1878 - पुडुचेरी स्थित अरविंदो आश्रम की मीरा अलफासा का पेरिस में जन्म।
1896 - महान कवि एवं लेखक सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म।
1948 - स्वतंत्र भारत के संविधान का ड्राफ्ट संविधान सभा के अध्यक्ष के समक्ष पेश किया गया।
1952 - पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान में बंगलादेश) स्थित ढाका विश्वविद्यालय में बंगाली भाषा को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने के लिए प्रदर्शन।
1959 - नयी दिल्ली में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया की स्थापना।
1973 - सिनाई रेगिस्तान में इजरायली लड़ाकू विमान ने लीबिया अरब एयरलांइस के विमान-114 को मार गिराया जिससे इसमें सवार 108 लोगों की मौत हो गई।
1991 - भारतीय अभिनेत्री एवं गायिका नूतन का निधन।
1998 - भारतीय चरित्र अभिनेता ओम प्रकाश का निधन।
1999 - पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए।
2005 - स्पेन के निवासियों ने जमनत संग्रह में यूरोपीय संघ के संविधान का व्यापक समर्थन किया।

श्रीराम मंदिर, मोदी का तपस्वी नेतृत्व और संसद में अमित शाह

संजय तिवारी

भारत की संसद में 10 फरवरी 2024 का दिन ऐतिहासिक रहा। देश के गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस दिन जो उद्गार व्यक्त किया वह देश के ससंदीय इतिहास का एक ऐसा पृष्ठ बन गया जिसे सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय संसद में दिये गये विगत 76 वर्षों के कुछ ऐतिहासिक उद्बोधनों में से एक अमित शाह का यह उद्बोधन जिसने भी सुना होगा वह निश्चित रूप से भारत, भारतीयता, श्रीराम और भारतीय जीवन में रामतत्व की महत्ता से बहुत ही भावपूर्ण तरीके से परिचित हुआ होगा। इस संबोधन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि गृहमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष को तो रेखांकित किया ही, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के एक ऐसे स्वरूप से उन्होंने सभी को परिचित कराया जिसको जानना खासतौर पर नयी पीढ़ी के लिये अतिआवश्यक है। श्रीरामचरितमानस के रचयिता कविकुल शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीहनुमान चालीसा में एक चैपाई की एक अर्द्धाली में हनुमान जी के लिये लिखा है - सब पर राम तपस्वी राजा, तिनके काज सकल तुम साजा।।
लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीअयोध्या जी में श्रीराम जन्मभूमि पर निर्मित श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर जो कुछ बोला वह भारतीय संसद के साथ-साथ भारत की लोक परम्परा के लिये भी धरोहर है। अपने संबोधन के आरंभ में ही गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि भारत की स्वाधीनता के बाद राष्ट्र के जीवन में जो कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें से एक प्रस्ताव श्रीराम जन्मभूमि पर मन्दिर के निर्माण का है। गृहमंत्री ने अपने संबोधन के आरंभ में ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दे जा रहे हैं बल्कि स्वयं के मन की, भारत की जनता की भावनाओं की और भारत से बाहर के सभी रामभक्तों की भावनाओं के प्रतिनिधि स्वरूप अपनी बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत की 140 करोड़ जनता और विश्व में अलग-अलग देशों में रह रहे रामभक्तों का यह ऐसा स्वर है जो वर्षों से न्यायालयी प्रत्रावलियों में दबा हुआ था। नरेन्द्र मोदी जैसे संकल्पित और तपस्वी प्रधानमंत्री के प्रयासों से वह स्वर मुखर हुआ, अभिव्यक्ति पाया और एक दुर्लभ सपना आज साकार स्वरूप में सभी के सामने है। गृहमंत्री ने अपने उद्बोधन में जोर इस बात पर दिया कि 22 जनवरी 2024 का दिन आने वाले दस सहस्त्र वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन चुका है। 22 जनवरी वह दिन है जिसमें करोड़ों भक्तों की आशाएं, आकांक्षाएं सिद्ध हुयी हैं। यह समग्र भारत के लिये आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का दिन है। यह महान भारत की यात्रा के आरंभ का दिन है।

हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे विद्यासागर जी महाराज

नरेन्द्र मोदी

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है। भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवन भर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में च्जीवनज् का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही, आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्त्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं, इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है, जो स्किल डवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था। कितने ही कैदियों ने आचार्य जी के सहयोग से हथकरघा का प्रशिक्षण लिया। कैदियों में उनका इतना सम्मान था कि कई कैदी रिहाई के बाद अपने परिवार से भी पहले आचार्य विद्यासागर जी से मिलने जाते थे। संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे, ये उनकी महान रचना च्मूक माटीज् में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया, जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया, ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें।मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था- च्लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।ज्, इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री है)

एमएसपी की गारंटी देने वाला कानून बनाना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं

आशीष वशिष्ठ

सरकार बातचीत के माध्यम से समस्या सुलझाना चाहती है। लेकिन किसान नेताओं के तेवरों और मांगों की लंबी सूची के दृष्टिगत इस बात की संभावना न्यून है कि बातचीत से ये मसला निपटेगा। वास्तव में किसान नेता भी जानते हैं कि एमएसपी कानून की गारंटी देना इस सरकार तो क्या किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है।

भारत एक लोकतांत्रिक देश है और संविधान के तहत देश के हर नागरिक को शांतिपूर्ण आंदोलन और प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार है। लेकिन, न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी कानून की गारंटी के लिए आंदोलनरत किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें मंगवाने के पक्षधर नहीं दिखते। सरकार बातचीत के माध्यम से समस्या सुलझाना चाहती है। लेकिन किसान नेताओं के तेवरों और मांगों की लंबी सूची के दृष्टिगत इस बात की संभावना न्यून है कि बातचीत से ये मसला निपटेगा। वास्तव में किसान नेता भी जानते हैं कि एमएसपी कानून की गारंटी देना इस सरकार तो क्या किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है।किसानों के असली इरादों को उनकी तैयारियों को देखकर समझा जा सकता है। जिस तरह ट्रैक्टर ट्रालियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाए, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित कर सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है। किसान समस्या का हल चाहते तो बातचीत में विश्वास करते। वो तो दिल्ली की तरफ हजारों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर ट्रालियों, गाड़ियों और अन्य साधनों से दिल्ली की ओर ऐसे बढ़े मानो उन्हें किसी विदेशी सरकार से निर्णायक संघर्ष करना है। किसान नेता जब मीडिया या किसी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानो केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है। मीडिया से बातचीत के समय किसान नेताओं और उनके समर्थकों की भाषा, बॉडी लैग्वेंज और भाषणों की टोन ऐसी होती हैं मानो किसी दुश्मन देश की सरकार को वो चेतावनी दे रहे हों। करोड़ों नागरिकों द्वारा निर्वाचित सरकार, जो बातचीत के लिए हमेशा तैयार है, उसके प्रति किसान नेताओं का अनादर का भाव कदम कदम पर दिखाई देता है। किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं। लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है। लोगों में चर्चा इस बात को लेकर है कि आखिर बिना राजनीतिक दलों के समर्थन के इतना बड़ा आंदोलन इतनी जल्दी कैसे खड़ा हो सकता है। 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब के 34 किसान संगठन विरोध कर रहे थे, जबकि यह आंदोलन मात्र कुछ किसान संगठनों द्वारा ही किया जा रहा है। तो क्या यह सही है कि इस बार का आंदोलन किसी विशेष उद्देश्य से हो रहा है?भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल इस बार किसान आंदोलन के सबसे प्रमुख चेहरे हैं। जिस तरह पिछली बार गुरुनाम सिंह चढ़ूनी और राकेश टिकैत थे इस बार डल्लेवाल हैं। उनके मुंह से किसान आंदोलन की सच्चाई निकल गई है। डल्लेवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि राम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्राफ बहुत बढ़ गया था, उसे नीचे लाना है। आंदोलन में शामिल पंजाब के किसान नेता तेजवीर सिंह का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वो किसान आंदोलन के जरिए देश की सरकार बदलने की बात कर रहे हैं। इतना ही नहीं वो किसान आंदोलन को विपक्ष की लड़ाई लड़ने वाला भी बता रहे हैं। मतलब साफ है कि कहीं न कहीं किसान नेताओं को एक बात समझाई गई है कि ये लड़ाई किसानों के अधिकारों और एमएसपी की गारंटी के लिए नहीं है बल्कि इन मुद्दों के नाम पर सरकार को ही बदलना है।यही नहीं किसान आंदोलन को कवर कर रहे बहुत से यूट्यूबरों, मीडिया हाउसेस के वीडियो देखने को मिल रहे हैं जिन्हें देखकर आप यही कह सकते हैं कि किसान आंदोलन भ्रमित है या गलत लोगों के हाथ में है। बहुत से किसान इंडिपेंडेंट पंजाब या खालिस्तान की बात करते हुए मिलते हैं। कुछ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए मिल जाते हैं। इन किसानों के मन में एमएसपी पर गारंटी की डिमांड कम, केंद्र सरकार को बदलने का जज्बा काफी है। इनमें से कुछ में नरेंद्र मोदी के लिए इतनी नफरत भरी हुई है जैसे किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता अपने विरोधी दलों के नेताओं के बारे में रखता है। बल्कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में भी अपने विरोधी दल के नेता के लिए मरने-मारने की बात नहीं होती। यहां तो किसान मरने-मारने की बात भी कर रहे हैं। पंजाब में पीएम मोदी का काफिला रोकने की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी संगठन भी इस आंदोलन में शामिल है।आंदोलन शुरू होने से 2 दिन पहले जिस तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी का ट्वीट किसान आंदोलन को समर्थन करते आ गया था उससे भी इस संदेह को बल मिला कि यह आंदोलन किसानों के अधिकार के लिए नहीं बल्कि मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ज्यादा है। कांग्रेस नेता रमनदीप सिंह मान पर आरोप है कि वो कांग्रेस और किसान नेताओं के बीच कड़ी का काम कर रहे थे।

स्वास्थ्य फिट तो परीक्षा में हिट

पंडित हरि ओम शर्मा

परीक्षायें निकट हैं, समस्यायें विकट हैं, इन समस्याओं में यदि स्वास्थ्य फिट है तो आप परीक्षा में हिट हैं यदि नहीं तो यह खतरे की घंटी है आपके लिए! इसलिए इस खतरे की घंटी की आवाज को कान खोलकर सुन लीजिए, सावधान हो जाइये! अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखिये तभी आप परीक्षा में हिट होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि विद्वानों का मत है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मष्तिष्क निवास करता है। इसलिए अतिआवश्यक है कि परीक्षा सन्निकट होने के कारण पढ़ाई के साथ साथ स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें। इन सुझावों पर भी अमल करें यह सुझाव आपके लिए रामबाण साबित होंगे और आप अपनी परीक्षा में विजय प्राप्त कर विजयी कहलाये जायेंगे।

नींद अवश्य पूरी करें: यह बात सही है कि परीक्षायें निकट हैं और जमकर पढ़ाई करना है किन्तु इसका मतलब यह कतई नहीं है कि आप दिन रात पढ़ाई में ही जुटे रहे और अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करें। नींद हजार समस्याओं का निदान है। अतः कम से कम 6 घंटे अवश्य सोयें, ऐसा करने से आपके शरीर में एक नई चेतना, एक नई स्फूर्ति आयेगी, साथ ही दिमाग तरोताजा होगा, इससे आपकी पढ़ाई की क्षमता में और अधिक विकास होगा। अतः 'नींद' के समय को बरकरार रखें, नींद में मीठे-मीठे सपने देखें फिर इन सपनों को मूर्तिरूप देने के लिए जमकर पढ़ाई करें तभी आप परीक्षा में हिट हो सकते हैं।

बदलते मौसम में सावधानी बरतें: मौसम बदल रहा है। अतः लापरवाही न करें, अभी भरपूर गर्मी नही है अतः कपड़े पहनने में लापरवाही न करे, क्योंकि इन दिनों में लापरवाही से ही सर्दी, जुकाम, बुखार अपनी पकड़ बना लेता है जो आपके हित में नही है। बदलते

मौसम के मिजाज को समझना आवश्यक है।

खान-पान का विशेष ध्यान रखे: इस समय पार्टियो, शादियो, होटल व रेस्टोरेन्ट के खाने से परहेज करें। घर पर बना खाना ही खायें, साथ ही यह भी ध्यान रखें कि खाना सुपाच्य व शीघ्र पचने वाला हो, इन दिनो पूरी-पराठा, छोले-भटूरे, चाट-पकौड़े व मिठाई आदि से भी दोस्ती तोड़ ले, साथ ही जूस व फलो का सेवन अवश्य करें। थोड़ा खायें भले ही दिन में कई बार खायें।

दिनचर्या नियमित करें: स्वास्थ पर दिनचर्या का विशेष प्रभाव पड़ता है जिन लोगो की दिनचर्या अनियमित होती है उनका स्वास्थ ठीक नहीं रहता है। अतः दिनचर्या नियमित करिये। सोने का समय, जगने का समय, नित्यकर्म से निवृत होने का समय, नाश्ते का समय, लंच व डिनर का समय सबकुछ निश्चित करिये और उसका दृढ़तापूर्वक पालन करिये फिर देखिये कैसे आपका स्वास्थ्य फिट होता है और फिर कैसे आप परीक्षा में हिट होते है।

तनाव से बचे: तनाव से शीघ्र ही थकान जाती है अतः तनावमुक्त रहें, मन को बोझिल होने से बचायें, हमेशा प्रफुल्लित व मस्त रहें फिर आप देखेंगे कि किस तरह आपको चैप्टर शीघ्र ही याद हो जाते हैं और गणित की जटिल पहेलियों को चुटकी बजाकर हल कर लेंगे, विज्ञान के फार्मूले हर समय आपकी जबान पर रहेंगे, साहित्यिक भाषा में आप स्वतः ही निपुण हो जायेंगे।

आत्मविश्वास बनाये रखें: हमेशा यह ध्यान में रखें कि परीक्षा की तैयारी सबसे अधिक आपकी ही अच्छी है। आप ही परीक्षा में हिट होंगे व सर्वोच्च स्थान प्राप्त करेंगे। यह आत्मविश्वास ही आपके तन व मन दोनों को स्वस्थ रखेगा और आपको सर्वोच्चता के मुकाम तक ले जायेगा। अतः आत्मविश्वास बनाये रखना अति आवश्यक है। याद रखिये! आत्मविश्वास सफलता की वह कुंजी है जो किस्मत के दरवाजे स्वयं खोल देती है।

रात को देर तक पढ़ाई न करें: देखा गया है कि कुछ छात्र देर रात तक पढ़ते हैं और प्रातः देर से जगते हैं। यह आदत स्वास्थ्य एवं पढ़ाई दोनों के प्रतिकूल है। यदि आप इस गलत आदत के आदी हैं तो इस आदत में तुरन्त सुधार करिये, आज से और अभी से और इसी समय से अन्यथा यह बुरी आदत आपको मनचाही सफलता से वंचित कर सकती हैं।पढ़ने के आसन का ध्यान रखोः कुछ छात्र या तो लेटकर पढ़ते हैं या सोफे पर पसरकर! पढ़ाई के यह दोनों आसन ही गलत है और इनका स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव पढ़ता है। पढ़ाई हमेशा सीधे बैठकर करें और कुर्सी पर बैठकर ही करें, जब थकान अनुभव करें तो किताब बंद कर सीधे बिस्तर पर लेट जायें, दोनों आँखे बंद कर लें फिर आपने जो चैप्टर पढ़ा है उसका मनन करें।

प्रातः जगकर पानी अवश्य पीयें: जितना चाय स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है उतना ही जल 'मन व तन' दोनों को निर्मल करता है। प्रातः जलपान करने से छोटी मोटी बीमारी तो खुद ही किनारा कर लेती है। साथ ही प्रातः का जलपान पेट साफ करता है। इससे शरीर निरोग व सुडौल बनता है साथ ही मष्तिष्क तेज होता है।

कुछ समय व्यायाम के लिए अवश्य निकालें: परीक्षा सन्निकट है इसका मतलब यह नहीं है कि आप व्यायाम का निर्धारित समय भी पढ़ाई को भेंट कर दें, यह कदम आपके लिए आत्मघाती कदम होगा। अतः व्यायाम का निर्धारित समय किसी को न दे प्रातः व्यायाम अवश्य करें, व्यायाम आपके शरीर व मष्तिष्क दोनों को बल प्रदान करता है। अतः इस बल को प्राप्त करने के लिए व्यायाम अवश्य करिये तभी आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा और आप परीक्षा में हिट होंगे।

छात्र जीवन के पाँचो गुणों का पालन करें: छात्रों में पाँच गुणों का समावेश होना अति आवश्यक है। वह पाँच गुण हैं - पहला - कौए जैसा प्रयास अर्थात प्रत्येक समय अवसर की तलाश में रहना, दूसरा - बगुला जैसा ध्यान अर्थात अपने उद्देश्य पर ही ध्यान केन्द्रित करना, तीसरा - कुत्ते जैसी नींद अर्थात सोते समय भी अपने कर्तव्य पर अडिग रहना, चौथा - अल्पहारी अर्थात कम भोजन करने वाला, पाँचवा - गृहत्यागी अर्थात घर के झंझटों से अपने आपको दूर कर पढ़ाई में ही जुटे रहना। इन पाँच गुणों को संस्कृत में इस प्रकार कहा गया है -

'काग चेस्टाः, बको ध्यानं, स्वान निद्राः तथैव च। अल्पहारी, गृह त्यागी, विद्यार्थी पंच लक्षणम्।।
यह कुछ ऐसे चन्द सुझाव हैं जो आपको देखने में अवश्य छोटे लग रहे होंगे किन्तु याद रखिये छोटी-छोटी बातें ही बड़े-बड़े परिणाम दिलाती हैं यदि आप बड़ा परिणाम चाहते हैं और परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर हिट होना चाहते हैं तो आप इन छोटी-छोटी बातों पर अमल करिये।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

एकमुश्त जमा करे टैक्स तो माफ होगा ब्याज

●सीतापुर निकाय की बोर्ड बैठक में लिये गये अहम फैसले

●चेयरमैन नेहा अवस्थी ने दोहराया 'साथ आये सीतापुर सजाये' का संकल्प

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नगर पालिका परिषद सीतापुर की बोर्ड बैठक में कई अहम फैसलों पर मोहर लगी है। एकमुश्त टैक्स जमा करने वाले नगरवासियों को ब्याज का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। ब्याज माफी के प्रस्ताव पर ध्वनिमत से बोर्ड ने समर्थन किया है। एफएसपीपी के संबंध में मॉडल बायलाज को ध्वनिमत से पारित किया गया। अधिशासी अधिकारी श्रेणी-वन वैभव त्रिपाठी ने बताया कि घरों में सेप्टिक टैंक प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर साफ कराना चाहिए। निकाय की ओर से एक हजार रुपये का शुल्क लेकर मशीन के माध्यम से सेप्टिक टैंक साफ किये जाते हैं और मलबा क्लार्क नगर में बने एफएसपीपी प्लांट में भेजा जाता है। सेप्टिक टैंक का मलबा नाले व नालियों में बहाना गलत है। ऐसा करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। सेप्टिक टैंक साफ करने वाले प्राइवेट ऑपरेटर भी निकाय में रजिस्ट्रेशन करा ले। बिना पंजीकृत सेप्टिक टैंक साफ करने वाले प्राइवेट कर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी। बोर्ड बैठक में स्वःकर योजना के तहत हाउस व वाटर टैक्स में अच्छादित ब्याज माफ किये जाने का फैसला हुआ है। मार्च 2025 तक एकमुश्त टैक्स जमा करने पर संबंधित का संपूर्ण ब्याज माफ किया जायेगा। बोर्ड बैठक में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत सफाई व विभिन्न कार्यों के बायलाज बनाये जाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। यह बायलाज बनने से पारदर्शी व्यवस्था लागू हो सकेगी। पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी ने साथ आये सीतापुर सजाये का संकल्प दोहराते हुए जनहित में पारित प्रस्तावों का समर्थन करने के लिए बोर्ड के प्रति आभार प्रकट किया।

सीतापुर के किसानों ने शाकभाजी प्रदर्शनी में जीता पुरस्कार

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। राजभवन में 16 से 19 फरवरी तक आयोजित फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी में सीतापुर जनपद के किसानों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हासिल किया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विजेता किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महोली ब्लॉक के रामनरेश मौर्या ने संकर शाकभाजी, गोंदलामऊ ब्लॉक के गोपालपुर निवासी नंदू पांडेय उर्फ उमेश पांडेय ने संकर शिमला मिर्च की संरक्षित खेती, महमूदाबाद के उदयराज ने केला व बेसिल, हरगांव के ग्राम जलालीपुर देहात निवासी हीरालाल ने शाकभाजी प्रतियोगिता तथा सिधौली के छोटे लाल ने शाकभाजी में पुरस्कार हासिल किया है। जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत समस्त किसानों को बधाई दी है।

संक्षिप्त आवाज़

मरीज को लेकर जा रही बोलेरो पलटी, चार घायल

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। लखीमपुर खीरी से लखनऊ मरीज लेकर जा रही तेज़ रफ़्तार बोलेरो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर पलट गई। जिसमें मरीज सहित चार लोगों घायल हो गए। बोलेरो चालक नौसाद पुत्र हसन अली निवासी चमरपुरवा थाना मुर्तिहा लखीमपुर के मुताबिक वह मंगलवार की सुबह नसीम पुत्र सलारी निवासी जटरा थाना खमरिया जनपद खीरी को गंभीर हालत में इलाज के लिए लखनऊ लेकर जा रहा था कि रास्ते में अटरिया के जयपालपुर के निकट स्टेरिंग जाम हो गई। जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर पलट गई। हादसे में मरीज नसीम सहित विशाल मसीह, अब्दुल मुस्तफा निवासी खीरी भी घायल हो गये। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर डिवाइडर से बोलेरो को हटवाया और एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल भेजा।

जिया क्लब सीतापुर की टीम ने जीता फाइनल मुकाबला

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तंबौर कस्बे में पिछले चार दिनों से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला ज़िया ब्राइट क्लब सीतापुर व नेशनल स्कूल तंबौर के मध्य खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेशनल क्लब की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 121 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ज़िया क्लब सीतापुर की टीम ने 8 ओवर में 122 रन बनाकर मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया। विजेता टीम को लहरपुर चेयरमैन हाजी जावेद अहमद व समाजसेवी विवेक सिंह तुलसी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर झब्बन बेग, अज़ीज़ गौरी, मो ज़ियाउल हक, जनीर बेग, डॉ. शाहनवाज़, विशाल रस्तोगी, फ़ाज़ अहमद, उस्मान, अकमल खान, आफ्ताब बॉस, आज़म बेग, शिवपूजन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में आयी 74 शिकायतें, छह निस्तारित

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तहसील सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 74 शिकायतें आई, मौके पर छह शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। शेष बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को देते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने के लिए आदेशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील यादव, खंड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी, नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल सहित तहसील स्तरीय सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

सीडीओ ने स्कूल और इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का लिया जायजा

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर नेवादा व गौरिया प्रहलादपुर का मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम गणेशपुर नेवादा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं से बातचीत कर पढ़ाई की जानकारी ली। वहीं विद्यालय में बन रहे मिड डे मील की जांचकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के ग्राम गौरिया प्रहलादपुर में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और गांव में गंदगी देखकर नाराजगी व्यक्त कर तत्काल प्रभाव से साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी, एडीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान वसीम बानो, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अब्दुल मोईन सहित ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

दिनेश पटेल बने अपना दल (एस) के विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के अनुमोदन एवं प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पाल की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष जय प्रकाश पटेल ने दिनेश पटेल को विधान सभा क्षेत्र लहरपुर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर उमेश मेहरोत्रा, रवि शाक्य, मोहम्मद रफी, विवेक शुक्ला, विपिन अवस्थी, आकाश पटेल, राजन शुक्ला, अंकित अवस्थी, अनूप पटेल, सुनील वर्मा, मोहम्मद रईस, करुणा शंकर पटेल, सुशील वर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

शिक्षक संकुल कार्यशाला का आयोजन

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षक संकुल कार्यशाला का आयोजन जूनियर हाईस्कूल मोहम्मदीपुर शाहाबाद में किया गया। जिसमें संकुल शिक्षक तथा कक्षा 2 और कक्षा 4 को पढ़ाने वाले शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। संकुल शिक्षक अनवर अली ने कहा कि वर्तमान समय में छात्रों की उपस्थिति सबसे बड़ी चुनौती है। कम उपस्थित वाले बच्चों के अभिभावकों से डोर टू डोर सम्पर्क कर जोड़ने का प्रयास करे। इस अवसर पर राजेश वर्मा, जुबेर वारिस, शिक्षक रामचन्द्र वर्मा, मोहम्मद आमिर, सरोज कुमार वर्मा, विशुन कुमार वर्मा, रामावती वर्मा, सरोज देवी, अजीत कुमार राजवंशी, ज्ञानेंद्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

पेपर लीक मामले की जाँच करा कर दोषियों पर हो कार्रवाई

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर वाट्सऐप व टेलीग्राम पर लीक होने का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में धांधलेबाजी की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई। अभ्यर्थी शिवम राठौर, अनुराग वर्मा, राज यादव, ज्ञानेंद्र कुमार, आदर्श, शुभम, सचिन, निर्मल, राहुल, हिमांशु, विवेक सहित करीब दो दर्जन अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मंगलवार को एसडीएम शिखा शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वाट्सऐप व टेलीग्राम पर 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। मामले में निष्पक्ष जांच कराकर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त ज्ञापन मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दिया गया है।

कलश यात्रा के साथ नौव्वा महमूदपुर में महायज्ञ शुरू

इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। 19वां श्री शतचंडी महायज्ञ एवं भागवत कथा के आयोजन हेतु नौवा महमूदपुर से सरायन नदी घाट तक सोनू महराज के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में शामिल भक्तों में काफी उल्लास देखने को मिला। ट्रैक्टर ट्राली व चौपहिया वाहनो पर सवार भक्तगण दारानगर विशुनपुर होते हुये फरकपुर घाट पहुंचे। जहां वैदिक रीति अपनाकर कलशों में जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। श्री शतचंडी महायज्ञ के आयोजक सोनू महराज ने बताया कि 20 फरवरी से 26 फरवरी तक यज्ञ का कार्यक्रम चलता रहेगा। जिसमें मुख्य वक्तागण अनिल शास्त्री, आचार्य मधुर, पवनेश महाराज, मुकेशानंद जी, अखंडानंद शुक्ल, साध्वी सत्यप्रिया किशोरी, मानस मोहिनी मिश्रा, संजीवनी मिश्रा, आदि के द्वारा भागवत कथा का श्रवण पान कराया जाएगा। कलश यात्रा में यतेश कुमार सिंह, सुधीर सिंह, दिलीप पांडेय, प्रदीप पांडेय, अमित तिवारी, भप्पू सिंह, राकेश सिंह, आजाद राठौर, आदि लोग मौजूद रहे।

अल्लाह के प्रति पवित्रता पैदा करना इबादत का मकसद

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मदरसा तफसीरूल कुरान बेहटा पकौरी में जलसे का आयोजन किया गया। जलसे को खिताब करते हुए मौलाना इस्लामुल हक असजद ने कहा कि इबादतों का मुख्य उद्देश्य मनुष्य के दिल में अल्लाह के प्रति डर और पवित्रता पैदा करना है। तक़वा दिल की उस हालत का नाम है, जिसे हासिल करने के बाद इंसान गुनाहों से बचना शुरू कर देता है और उसके अंदर अच्छे कामों के लिए उत्सुकता पैदा हो जाती है। जलसे का आरम्भ कारी मुहम्मद यासिर ने पवित्र कुरान के पाठ से किया। नात और मनकबत मुहम्मद अरकम, कारी मुहम्मद लुकमान कमर और इरशाद साजिद ने पेश की। मुफ्ती हिलाल अहमद कासमी ने कहा कि अपने बच्चों को कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा प्रदान करानी चाहिए और साथ ही उन्हें कुरान याद कराने की भी यथासंभव कोशिश करनी चाहिए। यदि वे स्वयं अनपढ़ हैं, तो भी अल्लाह तआला उनका सम्मान करेगा। लेकिन यदि कोई अपने बच्चे को कुरान याद करने से रोकता है, तो वह वंचितों में से होगा। अल्लाह उसके सभी पापों को माफ कर दे, जिस तरह उसने हमें सटीकता के साथ सुनाया। जलसे में हाफिज़ अतीक, मो. ज़ियाउल हक, मौलाना मुहम्मद उस्मान, मौलाना सगीर, साबिर अली, हाफिज़ रईस अहमद, हाफिज़ मुहम्मद फरमान, हाजी अजीज अहमद गोरी, डॉ. मोईद, मुहम्मद असद, मौलाना ताहिर, मौलाना अली अहमद, मुहम्मद दानिश, हाफिज़ मुहम्मद जाकिर, मौलाना मुहम्मद फहीम जामई और कारी इकार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

लट्ठबाज दरोगा पर केस दर्ज, लाइन हाजिर

●दरोगा की पिटाई से बजरंग दल कार्यकर्ता का फूटा सिर

●गुस्साएं हिंदू संगठनों ने घेरा थाना, जमकर की नारेबाजी

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तंबौर थाने में तैनात लट्ठबाज दरोगा पर कार्रवाई की गाज गिरी है। बजरंग दल कार्यकर्ता के घर आधी रात पहुंच कर जबरन उसे घसीट कर थाने लाये, डंडो और पटो से पिटाई कर दी। आरोप है कि दरोगा की दंडबाजी से बजरंग दल कार्यकर्ता का सिर फट गया। सुबह मामले की जानकारी संगठन के लोगों को हुई तो बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गये। हिंदू संगठनों ने थाने का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। एसपी चक्रेश मिश्रा ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपित दरोगा पर केस दर्ज कराते हुए उसे लाइन हाजिर कर दिया। बताया जा रहा है कि तंबौर थाने में तैनात उप निरीक्षक मणिकांत श्रीवास्तव कुछ दिन पूर्व हुए सड़क हादसे की विवेचना कर रहे थे। इसी मामले को लेकर बीती रात 1:45 बजे के करीब दरोगा मणिकांत लक्ष्मन पाल बजरंगी पुत्र प्यारे लाल के घर ग्राम लोधनपुरवा मजरा रिहार पहुंचे। लक्ष्मन का आरोप है कि एसआई मणिकांत श्रीवास्तव ने उसे घर से घसीट कर मारना पीटना शुरू किया। कनकारी गांव ले गये और इंटर कॉलेज के निकट पीटा। फिर तंबौर थाने लाकर डंडो और पटो से पीट दिया। सिर पर डंडे का तेज वार लगने से खून निकलने लगा। सुबह इस बात की जानकारी विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं को हुई तो वह थाने पहुंचे और थाने के गेट के बाहर सड़क पर बैठ कर नारेबाजी करने लगे। मामले ने तूल पकड़ा तो एसपी चक्रेश मिश्रा ने प्राथमिक जांच कराई जिसके बाद एसआई मणिकांत श्रीवास्तव पर धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें लाइन हाजिर कर दिया।

जेल पहुँचे साल्वर गैंग के दो सदस्य

●पुलिस भर्ती परीक्षार्थियों को बेच रहे थे प्रश्नोत्तरी

●शहर कोतवाल की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पुलिस भर्ती परीक्षार्थियों को प्रश्नोत्तरी बेचने वाले साल्वर गैंग के दो सदस्यों को सीतापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन जालसाजों ने फर्जी प्रश्नोत्तरी तैयार की और परीक्षार्थियों को यह विश्वास दिलाया कि भर्ती परीक्षा में यही प्रश्न आयेंगे, जिनके जवाब पहले से आपको बताये जा रहे है। जानकार सूत्रों की माने तो कई परीक्षार्थियों ने जालसाजों की बातों में आकर उन्हें मोटी रकम देकर प्रश्नोत्तरी खरीद ली। सूत्रों के मुताबिक इस बात की भनक लगते ही सीतापुर पुलिस सक्रिय हो गई और साल्वर गैंग की तलाश शुरू की। पुलिस ने साल्वर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, इनके पास से फर्जी प्रश्नोत्तरी भी बरामद हुई है। पकड़े गये जालसाज सरकारी विभाग में संविदा पर कार्यरत है। मालूम यह भी चला है कि जालसाजी के मामलों में यह दोनों पहले से काफी माहिर रहे हैं। सूत्र बताते है कि कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम को सूचना मिली कि फर्जी आन्सर-की को सही बताकर बेचने वाले दो शातिर जालसाज शहर के विभिन्न सेंटरों पर जाकर प्रपत्र बेंच रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रकरण की तफ्तीश की तो हकीकत चौंकाने वाली थी। हाथ से तैयार की गई प्रश्नोत्तरी को यह जालसाज असली बता कर बेंच रहे थे। जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को इन शातिरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर मंगलवार को इन्हें जेल भेज दिया है। शहर कोतवाल अनूप शुक्ला ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर फर्जी आन्सर-की बेंचे जाने का प्रकरण संज्ञान में आया है, जांच की जा रही है।

शतचंडी महायज्ञ व विराट संत सम्मेलन का आयोजन

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। श्यामानंद फलाहारी बाबा की पुण्य स्मृति में श्री दुर्गा धाम राही में 47वें श्री शतचंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन हुआ। अर्जुन तिवारी यज्ञाचार्य ने विधि विधान पूर्वक हवन पूजन एवं समस्त देवी देवताओं की आराधना की। पंडित रामजी मिश्रा ने श्री राम कथा की महिमा का वर्णन किया। रोहित कृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम ने श्रीमद् भागवत के प्रथम श्लोक के माध्यम से विस्तार सहित कथा श्रवण कराई। हरदोई की मीनाक्षी तिवारी कथा व्यास ने भगवान शंकर और पार्वती प्रसंग की कथा सुनाई। इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन रामगोपाल त्रिवेदी ने किया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार यज्ञ आचार्य अर्जुन तिवारी के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश शुक्ला, बाबा भयंकराचार्य महाराज, विजय शुक्ला, मनोज त्रिवेदी, रामचंद्र त्रिवेदी, राज किशोर त्रिवेदी, रमाकांत मिश्रा, गंगा प्रसाद त्रिवेदी, प्रभाकर शुक्ला, सुखदेव प्रसाद बाजपेयी, राकेश बाजपेयी, मुरारी लाल त्रिवेदी, अरुण शुक्ला आदि मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

मिश्रिख-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटरमीडिएट कॉलेज कादीनगर मिश्रिख में वार्षिकोत्सव, विदाई, आशीर्वाद तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की मंचीय प्रस्तुतियां देकर सभी का मनमोह लिया। ज्वाइंट वीडीओ मिश्रिख अरुण कुमार वर्मा, एडीओ पंचायत सुनील त्रिवेदी, एडीओ समाज कल्याण अमिताभ वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी हरीश, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रशांत, समाजसेवी सियाराम नंद एवं सरोजनी नंदा ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी सियाराम ने उपस्थित बोर्ड परीक्षार्थियों को अपना आशीर्वाद एवं शुभाशीष देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा शिक्षक और शिक्षार्थियों को संस्कारवान एवं गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किए जाने पर बल दिया। इस अवसर पर गत वर्ष में यूपी बोर्ड परीक्षा इंटरमीडिएट में अंग्रेजी विषय में 95 अंक प्राप्त करने वाली पलक शुक्ला, हिंदी विषय में 96 अंक रूबी गौतम, पूजा शुक्ला, आकांक्षा सिंह,जूली अर्कवंशी, हाईस्कूल में 94 अंक लाने वाले अर्पित विश्वकर्मा सहित चंद्रशेखर आजाद, आयुषी सिंह चौहान, अंबुज गौतम, शिवपूजन विश्वकर्मा, मोहिनी सिंह, वीरू अर्कवंशी, जूली दिनकर, आकांक्षा सिंह, आयुष शुक्ला, आयुष अर्कवंशी, नागेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

हर घर तक पहुंचने का काम करे भाजपा कार्यकर्ता : भरत त्रिपाठी

●कसमंडा ब्लॉक सभागार में हुई लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कसमंडा ब्लॉक सभागार में मंगलवार को लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला संपन्न हुई। कमलापुर मंडल की इस आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व विधान परिषद सदस्य भरत त्रिपाठी का सभी भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने सभी की मौजूदगी में कहा कि इस अभियान के तहत गांव में जो लाभार्थी सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए है। उन लाभार्थियों से हर कार्यकर्ता को मिलना है। सभी भाजपा कार्यकर्ता हर घर तक पहुंचाने का काम करें। और सरकार के कामकाज का फीडबैक ले। भरत त्रिपाठी ने कहा लोकसभा चुनाव में शीर्ष नेतृत्व का जो लक्ष्य है वह हासिल करने के लिए इलाके में सभी को मिलकर कड़ी मेहनत करनी है। कार्यशाला के दौरान मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने सभी के समक्ष अपनी बात रखी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा भाजपा पार्टी में हर कार्यकर्ता के मान-सम्मान की गारंटी रहेगी। उन्होंने कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में मंडल कमलापुर जनपद में एक नंबर पर रहेगा। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला महामंत्री रवि तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमर बाजपेई, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टर अभय पांडे, मंडल महामंत्री नागेंद्र सिंह तथा रवि प्रकाश सिंह, उमेश सिंह, आशा शर्मा, अमर सिंह, गोकरन मिश्रा, संदीप शुक्ला, अरविंद तिवारी, विपिन मोहन तिवारी, कमल सिंह, माया सिंह व मंडल की कार्यकारिणी सहित सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी व मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्र के नेतृत्व में महोतेपुर पूर्व प्रधान कमल सिंह अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। और उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को जिताने का संकल्प लिया।

आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देती महापुरूषों की प्रतिमाएं

●विद्यार्थियों के आशीर्वाद एवं मूर्ति अनावरण समारोह

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारण, समर्पित भाव, दृढ़ संकल्प अति आवश्यक है। विगत वर्ष हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में परचम लहराने वाली छात्रा प्रियांशी सोनी के चैलेंज को स्वीकार कर उसे तोड़ने का प्रयास करें। जीवन में कभी निराश परेशान न हो बल्कि परेशानियों का डटकर सामना करें। महापुरुषों से हमें जीवनभर प्रेरणा मिलती हैं और इनकी मूर्तियां हमारे मन मस्तिष्क में हमेशा जीवित रखती हैं। सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के परिसर में मां शारदे, स्वामी विवेकानंद एवं महेंद्र शास्त्री 'सरल' की मूर्ति अनावरण एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के आशीर्वाद समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुर्सी विधायक साकेंद प्रताप वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं हमें उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरणा का काम करती हैं। इससे पूर्व सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके बाजपेयी विरल, दिनेश बाजपेयी, मिथिलेश बाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आञ्जनेय आशीष बाजपेयी, वागीश दिनकर ने मुख्य अतिथि कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, केदारनाथ शुक्ल, आराध्य शुक्ल, रामचंद्र वर्मा, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, अरुण पांडेय, राजेंद्र वाजपेयी, विनोद गुप्त, राजकुमार गुप्त, चक्रसुदर्शन पांडेय, शिवदास गुप्त, रमा शंकर शुक्ल, एबीवीपी के कुलदीप गुप्त, अनिल गुप्त ज्योति, श्रीप्रकाश श्रीवास्तव, मूलचंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र वर्मा का स्वागत बैज अलंकरण, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। विद्यार्थियों को कॉलेज के शिक्षक वीरेंद्र मिश्र, अखिलेश शर्मा, उमेश वर्मा, शिवसेवक मिश्र, आयुष वर्मा एसपी त्रिपाठी, यशपाल वर्मा अरुण वर्मा, सत्य प्रकाश यादव, अंबरीश वर्मा, अभिषेक मौर्य, आदर्श जायसवाल, शशांक शुक्ल, रोहित वर्मा आदि ने परीक्षा में सफलता का मंत्र देते हुए संबोधित किया। कॉलेज परिसर में मां शारदे, स्वामी विवेकानंद एवम महेंद्र कुमार शास्त्री सरल की मूर्तियों एवम इंटरमीडिएट विद्यार्थियों के आशीर्वाद समारोह के तहत कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ वीर रस के वरिष्ठ रचनाकार केदारनाथ शुक्ल ने मां शारदे की वंदना से किया। लटूरी लठ्ठ, श्रीप्रकाश श्रीवास्तव, अनिल गुप्त ज्योति, विनोद गुप्त ने कविता पाठ कर उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों जे साथ अभिभावकों को आनंदित किया।

भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को किया तबाहः आनन्द भदौरिया

इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी बढ़ी है। गरीब और गरीब हो रहा है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। हालत यह है कि देश की 80 करोड़ जनसंख्या सरकारी राशन पर निर्भर है। महंगाई, बेरोजगारी से आम जनता का जीवन त्रस्त है। देश की सम्पत्ति के बड़े हिस्से पर कुछ पूंजीपतियों का कब्जा है। पूंजीपतियों की सम्पत्ति अंधाधुंध बढ़ रही है जबकि गरीब की हालत बिगड़ती जा रही है। किसान कर्जदार हो रहा है तो व्यापारी उत्पीड़न के शिकार हैं। भाजपा सरकार के दस साल में देश में गरीबी और आर्थिक तंगी से एक लाख से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं। यह बात लोकसभा क्षेत्र धौरहरा से समाजवादी पार्टी उम्मीदवार आनन्द भदौरिया ने अपने सम्बोधन में कही। श्री भदौरिया अपनी पदयात्रा के सातवें दिन पदयात्रा हरगांव विधान सभा के हैदरपुर गाँव से प्रारम्भ कर महोली विधान सभा के घूरखेड़ा होते हुये तिहार मोड़ से कंचनपुर, सहरोई, डल्लूपुर, जगना, नौव्वा अम्बररपुर, सहादत नगर, उमरसा होते हुये काजी कमालपुर पहुंचे। जहां अर्कवंशी राजा सल्ही सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर डाक्टर भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा के पास पहुंच कर माल्यार्पण किया। पदयात्रा के दौरान उनका जगह जगह ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। पदयात्रा में उमड़ती भीड़ देखकर सपाई गदगद दिखे। समाजवादी पीडीए पदयात्रा में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव, लखीमपुर खीरी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, विधानसभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला, अरूण दीक्षित मोनू, शेखर यादव, जय प्रकाश सिंह जेपी, धनंजय सिंह, दिनेश वर्मा, तपन सिहं सोनू, गुड्डू अन्सारी, अक्षय भदौरिया आदि शामिल रहे।

सूचना

मैं 14656871ए राजा शेखरा रेड्डी के. रैंक नायक/वेल्डर यूनिट मुख्यालय कंपनी, ईएमई स्कूल वडोदरा-390002 है, मेरा स्थायी पता ग्राम व पोस्ट सी डोनाकोंडा, तहसील अर्धविदु जिला प्रकाशम, राज्य आंध्र प्रदेश पिन-523336 है। मैं अपनी माँ का नाम जयम्मा से बदलकर कनुमरला जयम्मा व जन्मतिथि 01 जुलाई 1989 से बदलकर 08 जून 1967 कर रहा हूँ।

विद्यार्थियों ने आकर्षक परिधानों में दी भावपूर्ण प्रस्तुति

स्टडी वेल पब्लिक स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। स्टडी वेल पब्लिक स्कूल में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक परिधानों में अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका परिषद की चेयरमैन नेहा अवस्थी ने माँ सरस्वती का पूजन अर्चन करके किया। नेहा अवस्थी ने दीप प्रज्जवलित करके बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतिभागियो की प्रस्तुतियो पर निर्णय देने के लिए गठित निर्णायक मण्डल में भाजपा नेत्री जया सिंह एवं समाजसेविका लक्ष्मी शुक्ला ने कार्यक्रमों की बारीकियों को परखा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यापार मण्डल अध्यक्ष भगवती गुप्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि नेहा अवस्थी ने प्रतिभागियो द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों की कलात

संक्षिप्त समाचार

कर्मचारियों को एरियर का किया जाय भुगतान

जौनपुर। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन शाखा नगर पालिका परिषद के पदाधिकारियों द्वारा अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। कर्मचारी संगठन के संरक्षक- विनोद सिंह अध्यक्ष कमरुद्दीन, बरिष्ठ ऊपाध्यक्ष अनिल यादव, महामंत्री लखन, तुफैल अहमद, संजय पाठक, संजीव उपाध्याय, संजीव यादव, दिलशाद, रिजवान, आदि पदाधिकारियों ने नगर पालिका कर्मचारी की समस्याओं का समय समय पर बढे हुए महगाई भत्ते का एरियर का भुगतान करने, कर्मचारियों के देय ए, सी, पी, का लाभ व एरियर का भुगतान करने व आऊटसोर्सिग कर्मचारियों के मासिक बेतन से काटी गई ई, पी, एफ की धनराशि जो पूरा जमा नहीं की गयी है उसकी जांच कराने व जमा धनराशि का हिसाब देने समबन्धी आदि माँगो का ज्ञापन सौंपा । कहा गया कि आगामी होली व ईद पर्व के पूर्व समस्त माँगो को पूरा करते हुए समस्त कर्मचारियों को एरियर का भुगतान दिया जाय जिससे कर्मचारी गण होली व ईद का त्यौहार अपने परिवार में सौहार्द पूर्ण तरीके से मना सकें इस अवसर पर समस्त कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दी।

पुलिस परीक्षा निरस्त कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

जौनपुर । जिला मुख्यालय पर सपा के रजनीश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस परीक्षा निरस्त कराने के मांग को लेकर राज्य पाल को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया । इसे दौरान सरकार विरोधी नारा लगाकर कलेक्ट्रेट परिसर में जुलूस निकाला। मिश्रा ने कहा कि सरकार जानबूझकर पेपर लीक करवा रही हैं । इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है । आए दिन परीक्षा का पेपर लीक हो रहा है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पुलिस परीक्षा के दो घंटा पहले से ही परीक्षा का उत्तर टेलीग्राम वाट्सएप पर वायरल हो जा रहा था। अभ्यर्थी मुकेश यादव ने कहा कि हम लोग मेहनत से पढ़ाई करते हैं इलाहाबाद ,लखनऊ जाकर कोचिंग करके पुलिस परीक्षा की तैयारी करते हैं और सरकार के इशारे पर सभी प्रतियोगी परीक्षा का पेपर बेच दिया जाता है पुलिस परीक्षा का पेपर लीक हो जाता है । इससे हम छात्रों का मनोबल पढ़ाई से खत्म होता जा रहा है । पुलिस परीक्षा अभ्यर्थी सौरभ यादव ने कहा कि छात्र नौजवान बेरोजगारी से परेशान हैं पेपर लीक होने से छात्रों का हौसला टूट रहा ।

विश्वविद्यालय में 59 विद्यार्थियों को मिला स्मार्टफोन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को 59 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधान परिषद के उपसभापति विद्यासागर सोनकर और विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी प्रज्ञाक्ता त्रिपाठी थीं। विधान परिषद के उपसभापति विद्यासागर सोनकर ने कहा कि डिजीटल युग में विद्यार्थी स्मार्टफोन का प्रयोग सकारात्मक ज्ञान के लिए करें। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार को भी अपने जीवन में अपनाएं। उन्होंने त्रेता और द्वापर का उदाहरण देते हुए कहा कि अहम और वहम त्यागकर हमेशा बढ़ों से सीख लेने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में अध्यात्म की भी बहुत आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश ही नहीं विदेशों में भी अध्यात्म की पताका फहराई है। साथ ही इसे पर्यटन से जोड़कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने स्मार्टफोन पाने वाले विद्यार्थियों का परिचय भी जाना।

राष्ट्रीय जन गौरव पार्टी की बैठक चार मार्च को

जौनपुर। राष्ट्रीय जन गौरव पार्टी के मुख्यालय पर एक बैठक आहूत की गयी। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी से सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे। इसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव के बारे में प्रस्ताव रखा गया तथा विचार विमर्ष कर चुनाव अधिकारी के चयन तथा चुनाव की तिथि आदि के लिए चार मार्च को बैठक आहूत की गयी। जिसमें राष्ट्रीय सम्मेलन के सभी सदस्य एवं घटक व मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना है। बैठक की अध्यक्षता दल के अध्यक्ष संजीव कुमार उपाध्याय तथा संचालन राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार उपाध्याय ने किया।

हाइटेंशन तार की चपेट में आने से किशोर झुलसा

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बरबसा गहरवार गांव में सोमवार दोपहर घर के ऊपर से गुजर रहे हाइटेंशन तार के करंट की चपेट आने से किशोर गंभीर रूप से झुलस गया। गांव निवासी मरसिज शर्मा का 17 वर्षीय पुत्र शुभम शर्मा घर में आयोजित रामचरित मानस पाठ कार्यक्रम के लिए छत पर साउंड रखने के लिए गया उसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रहे हाइटेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में स्वजन उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने किशोर की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया।

बारात में आतिशबाजी के दौरान पटाखे से बालक झुलसा

हलिया (मिर्जापुर)।ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के खुटहा गांव में शादी में हो रही आतिशबाजी के दौरान पटाखे की चपेट में आकर नौ वर्षीय बालक झुलस गया।खुटहा गांव में शालिक गुप्ता के यहां सोमवार को बेटी की बरात आई थी। बरातियों द्वारा की जा रही आतिशबाजी के दौरान खुटहा गांव निवासी लालमणि का नौ वर्षीय पुत्र शिस्यन पटाखे की चपेट में आकर झुलस गया। पटाखे के विस्फोट से बालक का चेहरा और हाथ झुलस गया। स्वजन रात में स्थानीय स्तर पर उपचार करवाए। मंगलवार को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज ले गए जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.बालकृष्ण मिश्र ने पटाखे से झुलसे हुए बालक का उपचार किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.बाल कृष्ण मिश्र ने बताया कि पटाखे से झुलसकर घायल हुए बालक का उपचार किया गया है हालत सामान्य है।

डीएम व सीडीओ को किसान ने भेंट किया सुगर फ्री काली आलू

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील अंतर्गत प्रगतिशील किसान जमील अहमद ने इस बार काली आलू की बुआई किया था, जिसे मंगलवार तहसील दिवस के मौके पर जिलाधिकारी कृतिका ज्योसना और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक को काली आलू जो शुगर फ्री होता है, उपहार स्वरूप भेंट किया। इस मौके पर तहसील दिवस पर सभी विभाग के अधिकारी,करर्मचारी और जनता मौजूद रहे। ज्ञात हो काली आलू औषधि के रूप में भी उपयोग किया जाता है तथा साधारण आलू से अधिक मूल्य पर बिकता है, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी शुगर फ्री काली आलू देखकर प्रसन्न हुए तथा प्रगतिशील किसान जमील अहमद से खेती किसानी के संबध मे जानकारी भी लिया।

समाजवादी पार्टी के छात्र सभा सचिव बनाये गये राजेश यादव

सुल्तानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डां इमरान ने समाजवादी छात्र सभा के फ्रंटल संगठन में सुल्तानपुर जिले के राजेश कुमार यादव को प्रदेश सचिव बनाया है। जिले में सपा छात्र सभा के पदाधिकारियों के नियुक्ति को लेकर जहां हर्ष का माहौल है वहीं छात्र सभा के द्वारा राजेश यादव को प्रदेश सचिव बनाये जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद कहा व 2024 की तैयारी में जोर शोर से समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी उठाई वा छात्रों ने कहाँ की जिस तरह समाजवादी पार्टी ने राजेश यादव पर भरोसा किया है प्रदेश सचिव बना कर हम सभी मिलकर उस भरोसे को और मज़बूती से आगे बढ़ाएंगे।बधाई देने वालों में पवन यादव, जिलाध्यक्ष राम प्रकाश मौर्य, शनी यादव, आरके यादव, मनीष यादव, गुरफान सैफी समेत अन्य तमाम लोगों नें बधाई एंव शुभकामनाएं दिए।

जायंट्स सदस्यों ने महिलाओं को पोषण किया वितरित

इटावा। जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली द्वारा डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर महिला चिकित्सालय में नवजात शिशु की जच्चाओ को हरीरा वितरित किया गया। इस अवसर पर सीएमएस अनिल कुमार व डॉक्टर सिद्धार्थ ने जनसंख्या की रोकथाम के बारे में महत्त्वपूर्ण जनकारी दी।जायंट्स की फेडरेशन अधिकारी श्रीमती क्षमा दीक्षित ने कई महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया।अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए व जच्चा बच्चा को स्वस्थ रखने की कामना करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।उर्वशी जी व संध्या अग्रवाल जी का का विशेष सहयोग रहा।डीओए प्रतिभा सिंह डीओएफ विमल शर्मा व रमा गुप्ता उपस्थित रहीं।

लोवा के महासचिव कल आयेंगे

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी कार्यालय प्रभारी अनिल प्रधान ने बताया कि समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव मन्नू पांडे का जनपद सोनभद्र प्रथम आगमन 22 फरवरी जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर हो रहा है पार्टी के पदाधिकारियों से इस मौके पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

चार मार्च तक चलेगी बैंकर्स समिति की बैठके

सोनभद्र। अग्रणी जिला प्रबन्धक ने अवगत कराया है कि बी0एल0बी0सी0 त्रैमास/विकास खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक 14 फरवरी से 04 मार्च, 2024 तक होना निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि 20 फरवरी, को विकास खण्ड करमा की बैठक आर्यावर्त बैंक, करमा शाखा में सम्पन्न करायी गयी है। इसी प्रकार से विकास खण्ड कोन की बैठक 22 फरवरी, को ब्लाक कोन में, विकास खण्ड नगवॉ की बैठक 26 फरवरी, को ब्लाक नगवां में, विकास खण्ड दुद्धी की बैठक 27 फरवरी, को ब्लाक दुद्धी में,विकास खण्ड राबर्ट्सगंज की बैठक 28 फरवरी, को ब्लाक राबर्ट्सगंज में तथा विकास खण्ड घोरावल की बैठक 04 मार्च, को ब्लाक घोरावल परिसर में आहूत की गयी है।

राहुल को मिली जमानत, दो मार्च को होगी सुनवाई

सुल्तानपुर। केरल के वायनाड से सांसद व कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मंगलवार को सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट से जमानत मिल गई है। कोर्ट ने 25-25 के मुचलके पर उन्हें जमानत दी है। मामले में अब 2 मार्च को सुनवाई होगी। कर्नाटक चुनाव में 5 वर्ष पूर्व अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ यहां एक परिवाद दायर हुआ था। राहुल गांधी को आज फुरसतगंज से विमान से यहां आना था। अमहट हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम तक किए गए थे। लेकिन एकाएक राहुल के कार्यक्रम में चेंजिंग हुई। वो सड़क मार्ग से सुल्तानपुर पहुंचे। जहां जगह जगह कांग्रेसियों ने उनका स्वागत किया। राहुल ठीक 11 बजे कोर्ट में प्रवेश किए। कोर्ट ने उन्हें जमानत दी उसके बाद राहुल 11.25 पर कोर्ट से बाहर निकले और रायबरेली के लिए निकल गए। यहां कोर्ट परिसर में राहुल गांधी जिंदाबाद और भारत जोड़ों के नारे लगे। यहां कोर्ट पूरी तरह पुलिस की सुरक्षा घेरे में था। राहुल गांधी के विरुद्ध दायर मानहानि परिवाद में पिछली पेशी 18 जनवरी को हुई थी। जिसमें पहली बार राहुल गांधी की ओर से उनके अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला कोर्ट में अपेयर हुए थे। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि वर्तमान में राहुल गांधी भारत जोड़ों न्याय यात्रा के संदर्भ में नागालैंड और असम के बीच में व्यस्त हैं। पूर्व में जानकारी नहीं होने और कम समय के कारण नहीं पहुंच सकते हैं। लिहाजा हमको समय दिया जाए कि उस तारीख पर पहुंचकर हम जमानत करा सके। उन्होंने कोर्ट से यह भी कहा था कि हमको परिवाद की कोई नकल नहीं दी गई है नकल दिलाई जाए ताकि हम आपत्ति दाखिल कर सके। तब कोर्ट ने मुकदमें में ने 20 फरवरी की तारीख नीयत की थी।

2018 में दर्ज हुआ परिवाद

बताते चलें कि कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अदालत में मानहानि का केस (परिवाद) दायर किया था। विजय मिश्र का आरोप था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व वर्तमान में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में विजय मिश्रा की ओर से अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने परिवाद दायर किया था। जिसमें कोर्ट ने 16 दिसंबर 2023 को राहुल के विरुद्ध वारंट जारी किया था।

बजट पास होने के बावजूद नगर पालिका नहीं करा रहा कार्य

अहरौरा (मिर्जापुर)। सपा के नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नगर पालिका परिषद क्षेत्र के पटवा टोला/तकिया डोमान वार्ड संख्या 22 में लगभग दो वर्ष से बंद पड़े ट्यूबवेल पम्प को चालू कराने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी व ई ओ राम दुलार यादव दिनांक 01.09.2023 को पत्रक दिया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन से कुछ माह पूर्व मे लगभग 15 लख रुपए पास किया गया उसके बावजूद अभी तक ट्यूबवेल पंप का नया बोरिंग नहीं कराया गया जबकि नगर की सबसे जटिल समस्या है वही जब से मल्हाई टोला का ट्यूबवेल पंप का नया बोरिंग हुआ है कंप्रेसर द्वारा अच्छी तरह से सफाई न होने के कारण पानी के साथ साथ बालू का भी सप्लाई नगर में हो रहा है अचानक कल रात में पानी की सप्लाई गति थम सी गई तब जाकर ठेकेदार को सूचित कर आज से पुनः सफाई का कार्य कराया जा रहा है वही कंप्रेसर ऑपरेटर महेंद्र ने बताया कि लगभग 1 से 3 दिन व 5 लग सकता है अगर यही स्थिति कुछ दिन और रहता तो शायद यह ट्यूबवेल बैठ जाता इतनी बड़ी लागत से बोरिंग होने के बाद अगर बैठ जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन नगर के विभिन्न वार्डों की जनता पानी के लिए दर-दर भटक रहा है कभी लोग पड़ोस के वार्ड से पानी लेते है तो कभी बाजार में जाकर गैलन द्वारा पानी लेते है । वही इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी ने बताया कि प्रस्ताव भेजा गया है जिला जांच कमेटी आकर जांच करेगी तब जाकर बोरिंग का कार्य शुरू कराया जाएगा

❍नगर के लोग पानी के लिए दर-दर भटक रहे

स्मार्टफोन की महत्ता को समझना होगाः अलका

जौनपुर। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत तहसील बदलापुर के क्षेत्रांतर्गत सर्वोदय कन्या महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण हुआ । मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी बदलापुर डॉ0 ज्ञान प्रकाश एवम विशिष्ट अतिथि ज्ञानस्थली फाउंडेशन की सीईओ अलका प्रकाश पांडेय रही । सर्वप्रथम छात्रों द्वारा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की एवम अतिथि का स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के माध्यम से छात्रों को प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया मुहिम से जोड़ते हुए डिजिटल साक्षर किया जा रहा है। आज वक्त है जिस प्रकार बचपन में हम महत्वपूर्ण बिंदु टिप्स ऑन फिंगर पर रखने हेतु कहा जाता था आज उसी प्रकार डिजिटल होने से ज्ञान हमारी उंगलियों पर आ गया है । बेटियों की शिक्षा हेतु सरकार प्रतिबद्ध है एवम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विभिन छात्रवृति , कन्या सुमंगला योजना आदि के माध्यम से सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है।

पान की खेती के लिए छोटा बरेजा पर किसानों को अनुदान

जौनपुर। पान को खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अब अनुदान पर छोटा बरेजा बनाने वाले किसानों को लाभ देंगी। पहले एक से डेढ़ हजार वर्ग मीटर के बरेजा पर ही अनुदान दिया जाता था। अब 250, 500 व 750 वर्ग मीटर में भी बरेजा निर्माण कराकर पान की खेती कराई जाएगी। इससे छोटे किसानों का अधिक लाभ मिलेगा। जिले में 50 बरेजा निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में छह ब्लॉकों में करीब 250 किसान पान की खेती करते हैं। पान का निर्यात आसपास के जिलों में की जाती है। पान की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अनुदान पर छोटा बरेजा बनवाने की योजना बनाई है। छोटा बरेजा बनाने पर अनुदान की व्यवस्था से अधिक किसान इस खेती से जुड़ सकेंगे। योजना का लाभ लेने पान की खेती करने के इच्छुक किसानों को उद्यान विभाग के पोर्टल पर आवेदन करना होगा। भौतिक सत्यापन के बाद योजना का लाभ दिया जाएगा। 250 वर्ग मीटर में 15, 500 वर्ग मीटर में छह, 750 वर्ग मीटर में 10, एक हजार वर्गमीटर में 19, 1500 वर्ग मीटर में दो बरेजा निर्मित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 1500 वर्ग मीटर का बरेजा बनाने पर लागत का 50 फीसदी 75 हजार 680 रुपये अनुदान देय होगा, शेष किसान का अंश होगा। एक हजार वर्ग मोटर का बरेजा पर लागत कुल एक लाख 906 रुपये संभावित है। इस पर 50 फीसदी यानी 50 हजार 453 रुपये अनुदान देय होगा। 750 वर्ग मीटर पर लागत 75 हजार 678 रुपये व अनुदान 37 हजार 839 रुपये हैं। इस प्रकार 500 वर्ग मीटर पर लागत 50 हजार 452 रुपये व अनुदान 25 हजार 226 रुपये, 250 वर्ग मीटर में बरेजा बनाने पर लागत 25 हजार 626 रुपये व अनुदान 12 हजार 613 रुपये है। बक्शा के बेदौली व भयंदी गांव, सुजानगंज में अरूआ व बराई, मछलीशहर में सरायबीका, महाराजगंज में कोल्हुआ, करंजाकला में बरैयाकाजी व भैसनी में पान की खेती अधिक होती है। यहां के किसान अपने उपज जिले समेत आसपास के जिले में भी निर्यात करते हैं।

कमला विद्या मंदिर की छात्राओं ने बढ़ाया जिले का मान

सुल्तानपुर। कन्या कौशल शिविर द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय का ही नहीं बल्कि जिले का मान बढ़ाया। छात्राओं की सफलता के लिए विद्यालय द्वारा एक सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल द्वारा किया गया। संगीत अध्यापिका आराधना श्रीवास्तव एवं सुप्रिया श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रतीक्षा यादव, इच्छा यादव, मुस्कान ,नंदनी यादव, प्रिया प्रजापति, दुर्गा सिंह, द्वारा झांसी की रानी कार्यक्रम का शानदार मंचन किया। पारुल, श्रेया, आर्या, सृष्टि, मुस्कान, रिचा, मानसी, संजना, अंशिका, स्नेहा, आदि छात्राओं द्वारा देश गीत पर सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि प्रवीण अग्रवाल ने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए इसके उज्जवल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि फार्मासिस्ट केशव गुप्ता ने सभी छात्राओं के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने छात्राओं को और अधिक सुविधा देने का वादा किया। कार्यक्रम में सभी सफल छात्रों को प्रवीण अग्रवाल एवं केशव गुप्ता द्वारा नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में करौंदिया सभासद प्रतिनिधि संदीप सोनकर, राजेश श्रीवास्तव, ऋषि श्रीवास्तव, त्रिभुवन चौबे, अखिलेश, सुमन श्रीवास्तव, राजेश्वरी मिश्रा, सरिता, पूनम, रिशु ,कशिश, सृजना, मनीषा, सौम्या, रवि तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रेम कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया अंत में प्राचार्य प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने सभी सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बीडीओ ने सचिवों के साथ बैठक कर कसी नकेल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड सभागार में मंगलवार को संयुक्त बीडीओ श्रीराम ने विकास खंड के ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए विकास कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया है कहा कि विकास कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। संयुक्त खंड विकास अधिकारी ने 24फरवरी को जिला मुख्यालय पर होने वाली मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए शादी के जोड़ों के फार्म का सत्यापन कर शाम तक फार्म जमा करने का निर्देश दिया है।साथ ही गांव के मुख्य मार्गो पर सूचना पट्ट लगाने आंगनबाड़ी केंद्र पर हाट कुक के बर्तन आवास मनरेगा तथा माड़ल ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे विकास कार्यो पेंशन शौचालय तथा गो आश्रय स्थल पर की गई व्यवस्था की समीक्षा किया। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत कार्य शुरू कराते हुए श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराने का निर्देश दिया है। ग्राम पंचायतों में अधूरे पड़े मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री आवास को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा है। आंगनबाड़ी केंद्र को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विकास कार्यो में फिसड्डी ग्राम पंचायत सचिवों को जमकर फटकार लगाई है।जिन लाभार्थियों के द्वारा आवास का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है चिंहित कर सूची दे जिससे लाभार्थियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जा सके।

रविप्रकाश, जैन व शिवपूजन का हुआ स्वागत

मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश त्रिपाठी का स्वागत समारोह जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुआ। इस समारोह में सभी कार्यकर्ताओं ने नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश त्रिपाठी, प्रदेश सचिव जैन कुशवाहा, जिला सचिव शिवपूजन यादव जी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी को जन्मदिन की बधाई भी दी गई। नवमनोनीत पदाधिकारियों ने अपने स्वागत से अभिभूत कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उक्त नेताओ ने हा कि देश आज भाजपा सरकार की तानाशाही नीतियों और साम्प्रदायिक सोच के चलते खतरे में है। लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के चलते देशवासी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार का तानाशाही रवैया लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं।

उन्होंने कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती लेकिन भाजपा को यह गलतफहमी हो गयी है कि वह हमेशा सत्ता में बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के सवाल हल न कर केवल विरोधी दलों के नेताओं को परेशान करने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में अंधी हो चुकी भाजपा सरकार जनता के मुंह के निवाले और हाथ से काम छिन रही हैं।भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और अन्याय चरम सीमा पर है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न उत्तर प्रदेश में हो रहा है। पुलिस हिरासत में मौतें सबसे ज्यादा भाजपा सरकार में हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से किसान, नौजवान, व्यापारी, महिला सभी परेशान हैं। मंहगाई, बेरोजगारी बेलगाम है। स्वास्थ्य सेवाएं चौपट हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त करने और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को जीवित रखने की आवश्यकता है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी कोई भी कुर्बानी देने के लिए हमेशा तैयार है। जिलाध्यक्ष श्री चौधरी ने उनका स्वागत करते हुए कहा आज संघर्ष का दौर है। स्वागत समारोह में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, प्रभात पटेल, रामगोपाल बिन्द, आदर्श यादव, राजेश भारती, जमाल अहमद, सलीम बादशाह, अरशद अली, सत्यप्रकाश यादव, चन्दन यादव, राममिलन यादव, अशोक यादव, कौशिक कन्नौजिया, श्याम अचल यादव, नवाज अहमद, राघवेन्द्र यादव, डा0. देवेन्द्र भारती, रमाकान्त चौबे, सुबाष गुप्ता, राजन पटवा, रफीक अहमद, विद्याशंकर यादव, अवधेश यादव, मेवालाल प्रजापति, दीनानाथ प्रजापति, राजकुमार यादव, शराफ्त उल्ला खां, रामराज यादव, रामजी बिन्द आदि शामिल थे।

हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए चलाया जायेगा राष्ट्रव्यापी महाअभियान

नई दिल्ली/इटावा। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के शुभ अवसर पर विश्व हिंदी परिषद के तत्वाधान में गूगल मीट का आयोजित की गई। डॉ.विपिन कुमार राष्ट्रीय महासचिव,विश्व हिंदी परिषद ने विषय वस्तु को रेखांकित किया एवं सभी हिंदी प्रेमियों का स्वागत किया।उन्होंने विश्व हिंदी परिषद द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी। सर्व सहमति से परिषद की मासिक बैठक करने,विद्यालय व महाविद्यालय में एनसीसी व एनएसएस,नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से निबंध प्रतियोगिता,काव्य प्रतियोगिता,काव्य गोष्ठी एवं स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रमों का आयोजन करने,दक्षिण भारतीय सदस्यों को आधिकारिक रूप में जोड़ने,किताब का संग्रह संकलन प्रकाशित करने, हर वर्ष विदेश में भी एक या दो कार्यक्रम आयोजित कराने, राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

डॉ.विपिन कुमार ने बताया कि मासिक बैठक का आयोजन एक अच्छा विचार है। इससे सदस्यों के बीच संवाद और समन्वय बढ़ेगा। साथ ही यह बैठक हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए नई योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा करने का एक बेहतर अवसर होगा।विद्यालय एवं महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता, काव्य गोष्ठी एवं स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रमों का आयोजन हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए एक प्रभावी तरीका है।इन कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदी के प्रति युवाओं में रुचि पैदा होगी।नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनसीसी, एनएसएस एवं विद्यालय व महाविद्यालय स्तर पर इकाई खड़ी करने से छात्रों और युवाओं के बीच हिंदी का प्रचार-प्रसार होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ.नन्दकिशोर साह,केंद्रीय संपर्क समन्वयक ने किया।उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक राज्य से हिंदी को राष्ट्रभाषा की दर्जा दिलाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा। इस आयोजन में मुख्य रूप से महाराष्ट्र से प्रो.अर्जुन चौहान डॉ.पुरुषोत्तम कुंदे,डॉ.संजय दंवगे,दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. संध्या वास्तायन, मध्य प्रदेश से डॉ विजय पाल,बिहार से प्रो.मन्दीप रॉय,डॉ.लवली,डॉ.निकेश कुमार,डॉ.पूनम, तेलंगाना से दिलीप कुमार पंसारी,पंजाब से प्रो.नागेन्द्र नारायण,चंद्रकला भाटिया,मनोहर कुमार,डॉ.शाह शफी, जया सहित कई राज्यों से शिक्षाविद,पत्रकार,साहित्यकार, समाजसेवी एवं अनेक हिंदी प्रेमियों ने भाग लिया।हिंदी भाषा को विश्व भाषा के रूप में स्थापित करने हेतु अपना-अपना महत्वपूर्ण सुझाव दिया।

ताड़का बध की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के देवरी बाजार स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम संगीत मयी कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथा वाचिका वृन्दावन से पधारी साध्वी साक्षी दीदी ने ताड़का बध की कथा का भक्तों को रसपान कराया।ताड़का राक्षसी के अत्याचार से मुनियों में भय ब्याप्त था ।भगवान राम का अयोध्या में अवतरित होने की जानकारी मिलते ही विश्वा मित्र मुनि अयोध्या पहुँच कर राजा दसरथ से राम को यज्ञ रक्षा के लिये ले कर गये। सुंदर वन में जैसे ही मुनि ने यज्ञ प्रारंभ किया कि ताड़का यज्ञ विध्वंस करने पहुँच गयी जिसका बध कर भगवान राम ने यज्ञ कि रक्षा किया। कथा वाचिका साध्वी ने कथा के दौरान बताया कि भगवान अपने भक्तों से मिलने को स्वयं चलकर आते है। भाव से भगवान प्रकट होते है।

ग्यारह सूत्री ज्ञापन डीएम को सौंपा

इटावा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इटावा के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एंव इटावा शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिक

संक्षिप्त समाचार

भगवत कृपा भक्ति साधना का सरल मार्गःआचार्य अखिलेश

लालगंज, प्रतापगढ़। रानीगंज कैथौला क्षेत्र के सारीपुर गांव में हो रही श्रीमदभागवत महापुराण कथा में मंगलवार को व्यासपीठ से ध्रुव चरित्र का मार्मिक वर्णन सुन श्रद्धालु मगन हो उठे दिखे। कथाव्यास आचार्य अखिलेश जी महराज ने कहा कि श्रीमदभागवत महाग्रंथ चरित्र और ज्ञान की निरंतर बहने वाली गंगा है। उन्होने कहा कि ध्रुव चरित्र हमें भगवत प्राप्ति के समर्पण में त्याग का बोध प्राप्त हुआ करता है। आचार्य अखिलेश जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संसार की रीति नीति को लोकमंगल से सुगंधित बनाए रखने के लिए धर्म साधना का शाश्वत मार्गदर्शन किया है। उन्होने कहा कि श्रीकृष्ण का स्मरण मात्र जीवन में धर्म का मजबूत कवच है। उन्होने कहा कि भगवान की साधना कठिन है किन्तु भगवान की कृपा बहुत ही सरल है। कथा के दौरान व्यासपीठ के आरती पूजन में भी श्रद्धालुओं ने गोविन्द राधे का मधुर जाप किया। संयोजक समाजसेवी राजकुमार दुबे तथा शोभा दुबे व अधिवक्ता अखिलेश द्विवेदी ने व्यास भगवान की आरती उतारी। कथा के दौरान हुए संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध देखा गया। इस मौके पर धर्मेन्द्र तिवारी पप्पू, रमेशचंद्र चौबे, तीर्थराज द्विवेदी, लालजी तिवारी, गंगाधर द्विवेदी, राधेश्याम द्विवेदी, संतप्रसाद मिश्र, दिनेश सिंह, हरिशंकर द्विवेदी, सुधाकर मिश्र, प्रवीण शुक्ल, हरेकृष्ण त्रिपाठी, अनुज द्विवेदी, अतुल द्विवेदी, मौजूद रहे। यज्ञाचार्य पं. धीरेन्द्र कुमार तिवारी ने श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर मंगलाशीष सौंपा।

कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

मुसाफिरखाना,अमेठी। बीते 5 सितंबर को क्षेत्र के पूरे बढ़ई मजरे मोहिद्दीनपुर ग्राम में एक 12 वर्षीय किशोर की नदी में डूब कर मौत का मामला प्रकाश में आया था। इसी मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। बता दें कि बीते वर्ष 5 सितंबर को पूरे बढ़ई मजरे मोहिउद्दीनपुर निवासी बब्बन के 12 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र की गोमती नदी में डूबने की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया था। सुरेंद्र के पिता बब्बन के मुताबिक मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिसके बाद पीड़ित उसने न्यायालय की शरण ली। आरोप है कि विपक्षियों से आम तोड़ने को लेकर बब्बन का विवाद हुआ था जिसकी रंजिश में आरोपियों ने अपने 5 सितंबर को अपने बच्चों की मदद से उनके बेटे सुरेंद्र को बुलाया था जिसके बाद सुरेंद्र वापस घर नहीं लौटा है। आशंका है कि विपक्षियों ने बेटे की हत्या कर शव को कहीं छुपा दिया है। न्यायालय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कोतवाली पुलिस को केस दर्ज करने का निर्देश दिया। कोतवाल विनोद सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर गांव के ही सरोज कुमार (45), उर्मिला उर्फ बड़का (40), अली हसन (42) व जीशान खान (22) के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 201 और 120 बी के तहत केस दर्ज कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जल जीवन योजना के तहत स्वच्छता वाहन रवाना

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय ब्लाक परिसर में मंगलवार को पेयजल एवं स्वच्छता समिति का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के बाद जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छता एवं पेयजल के जागरूकता वाहनों को गांवों के लिए रवाना किया गया। खण्ड विकास अधिकारी इंदुप्रकाश श्रीवास्तव ने इन वाहनो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता के तहत गांव में स्वच्छ परिवेश तथा जल संचयन को लेकर लोगों से सहयोग का आहवान किया गया। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत पेयजल योजना में मरम्मत के तहत रोजगार सृजन की भी अधिकारियों ने जानकारियां प्रदान की। सार्वजनिक शिक्षोन्यन संस्थान लखनऊ के द्वारा स्वयंसेवको ने स्वच्छता मिशन में जागरूकता के साथ लोगों के अहम सहयोग के टिप्स दिये। जागरूकता कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश को स्वच्छ परिवेश में शौच मुक्त बनाये जाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर स्वच्छता मिशन टीम में शामिल प्रवेश यादव, मनोज गौतम, प्रिंस सोनी, प्रशिक्षिक अनुराग शुक्ल ने बिंदुवार मिशन के ध्येय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी, पूर्व प्रधान उधम सिंह, मुरलीधर तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, विद्युत मिश्र आदि रहे।

मेगा सेंटर पर गन्ना तौल हो रही बाधित

मोहम्मदी -खीरी,(स्पष्ट आवाज)। बरबर अजबापुर चीनी मिल का गन्ना क्रय केंद्र बर्बर पर आज से मेगा सेंटर के चलते तौल होनी थी।मौके पर मौजूद किसानों ने बताया कि मेगा सेंटर होते ही तौल लिपिक कोई भी इस केंद्र पर आना नहीं चाहता।जिस कारण मंगलवार दोपहर तक तौल बाधित रही।दो दिनों से लाइन में लगे किसान परेशान है। किसानों का आरोप है।कि इस क्रय केंद्र पर आए दिन गन्ना बिचौलियों के चलते तौल बाधित रहती है।तथा उच्च अधिकारी को कई बार अवगत कराने के बाद भी आने से कतराते रहते हैं। जिसका खामयाजा गरीब किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसानों की माने तो बिचौलियों का गन्ना सीधे धर्म कांटे से आकर उतरवाया जाता है।वहीं गरीब किसानों का गाना केंद्र पर तुला जाता है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनी फरियादें

मोहम्मदी-खीरी,(स्पष्ट आवाज) आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील मोहम्मदी के सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसडीएम डॉ अवनीश कुमार व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे।

खेल अनुदेशक की मौत पर शिक्षकों ने जताया शोक

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। विकास खंड डुमरियागंज के पूर्व माध्यमिक विद्यालय हल्लौर में तैनात खेल अनुदेशक अब्बास मेहंदी के एक ट्रेन दुर्घटना में मौत हो जाने पर शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वे गत सोमवार को ट्रेन से उतरते समय बनारस के पास औड़ीहार रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गए थे। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। अब्बास मेहंदी बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं खेलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देते थे। उनकी मौत से दुःखी शिक्षकों, अनुदेशको और शिक्षामित्रों ने मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में उपस्थित होकर शोक व्यक्त किया और 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर अरविंद कुमार, गणेश गौड़, प्रेम प्रकाश चौबे, अमित मिश्रा, रिजवान अहमद, विवेक द्विवेदी, संतोष सिंघानिया, सविता मिश्रा, शब्बीर अहमद, सचिन, शैलेंद्र कुमार, शालिनी, सुनील कुमार, सुरेश, सुजीत कुमार, सीमा आदि लोग उपस्थित रहे।

आजीविका मिशन के तहत नारी शक्ति वंदन एवं संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

लोटन, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। विकास खण्ड लोटन बाजार सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नारी शक्ति वंदन एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह ने कहा कि मातृ शक्ति अपने परिवार को एक समूह के रूप में पिरोकर संगठित रूप से संचालन कर अपने परिवार को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। वहीं सरकार की योजना के तहत समूहों के माध्यम से यही महिलाएं विभिन्न प्रकार के रोजमर्रा की सामग्री का उत्पादन कर अपने परिवार की आर्थिक स्तर ठीक कर रही हैं।

खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि लोटन ब्लाक में 661 स्वयं सहायता समूह कार्य कर रही है। जिसके जरिए महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल रहा है।

इस दौरान एडीओ आईएसबी प्रमोद कुमार, गिरीश चंद्र पाण्डेय, चुन्नु कुमार गौड़, मुसे सिंह, बालमुकुंद मिश्र,समूह सखी सुभद्र देवी, निर्मला देवी,नीलम , अनुराधा सिंह,पूनम सहित आदि मौजूद रहे।

शिक्षक संकुल की बैठक में जुटे शिक्षक, निपुण लक्ष्य पर हुई चर्चा

छात्र उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें शिक्षक

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के न्याय पंचायत वासा चक के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय देईपार में मंगलवार को शिक्षक संकुल की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें शिक्षकों को तमाम विभागीय जानकारी दी गई। बैठक में शिक्षक संकुल अहमद सईद ने बताया कि जिन विद्यालयों की यू डाइस की फीडिंग पूरी नहीं हुई है, वह शीघ्र ही फीडिंग का कार्य पूर्ण करें।

इसके अतिरिक्त डीबीटी में जिन बच्चों का आधार पेंडिंग है, उसे भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

जबकि संकुल शिक्षक राम कुमार वर्मा ने बताया कि समस्त शिक्षक नियमित निपुण ऐप के माध्यम से प्रत्येक बच्चे का आकलन माह में एक बार करें तथा बच्चों को प्रोत्साहित करें। बैठक में शिक्षण संकुल राम सजीवन व रज्जाक अहमद ने कहा कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए डोर टू डोर सभी शिक्षक कार्य करें।

जिससे विद्यालय में उपस्थिति अधिक हो पाए। बैठक में समावेशी शिक्षा पर भी चर्चा किया गया।

अंत में दीक्षा और यूट्यूब के माध्यम से साझा किया जा रहे वीडियो का अवलोकन कर उसका शत प्रतिशत उपयोग करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर नंदलाल, जसवंत कुमार, नितिन कुमार, राम किंकर द्विवेदी, राम सजीवन, मोहम्मद वसीम, परितोष ओझा, भैया राम, संत कुमार, अजमत अली, जसवंत यादव, ओम प्रकाश, परवेज अख्तर, फौजदार आदि उपस्थित रहे।

कैंसर के पति जागरूकता को समर्पित किया वार्षिकोत्सव

❍ कैंसर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वन बीट संस्थान भीरा के द्वारा आयोजित किया जा रहे हैं कार्यक्रम

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। देश में तेजी से बढ़ रही कैंसर की बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वन बीट संस्थान के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वन बीट संस्थान के छात्र समाज को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का संदेश दे रहे हैं। संस्थान ने पहला वार्षिकोत्सव भी कैंसर की जागरूकता से संबंधित समर्पित किया।

बता दें कि कस्बे में स्थित वन बीट संस्थान के द्वारा पहले वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जो कि 16 फ़रवरी से शुरू हुआ था और 21 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम में 16 से 18 तक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें वन बीट हॉस्पिटल, वन बीट कॉलेज, वन बीट पैरामेडिकल की सभी टीमों ने हिस्सा लिया। क्रिकेट के पहले मैच में फार्मेसी और पैरामेडिकल कॉलेज की टीम के बीच मुकाबला हुए थे जिसमें पैरामेडिकल के टीम विजेता रही थी और दूसरे मैच में हॉस्पिटल की टीम विजेता रही थी। फार्मेसी डिपार्टमेंट ने स्कीपिंग में पहला स्थान, रस्सी खीच, स्कीपिंग कबड्डी में दूसरा स्थान हासिल किया था। खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए संस्था के चेयरमैन सरदार बहादुर सिंह ने घोषणा की थी कि जल्द ही भीरा क्षेत्र को वन बीट मेडिकल ग्रुप एक स्टेडियम की सौगात देगा जिसमें क्षेत्र के खिलाड़ी और युवा पीढ़ी आकर अपनी प्रैक्टिस कर पाएंगे और दुनिया में अपना नाम रोशन करेंगे। खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वन बीट संस्थान के छात्र समाज को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का संदेश दे रहे हैं। मंगलवार को संस्थान का पहला वार्षिकोत्सव मनाया। वार्षिकोत्सव के दौरान संस्थान के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को कैंसर के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। वन बीट संस्थान के चेयरमैन सरदार बहादुर सिंह ने बताया कि समाज में तेजी से फैल रही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए हमें जागरूक रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्थान का पहला वार्षिकोत्सव भी लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से समर्पित किया गया है। कार्यक्रम के समापन से पूर्व खेल प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को संस्था के चेयरमैन सरदार बहादुर सिंह व अन्य अतिथियों के द्वारा प्रस्तति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

घर में मछली व सुअर का मांस फेंक रहा दबंग, डीएम एसपी से शिकायत

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील पर मंगलवार को समाधान दिवस में डीएम-एसपी के सामने एक पुजारी रो पड़ा। उसका आरोप है कि दलित समाज के एक व्यक्ति ने उसके मकान का रास्ता अवरुद्ध कर रखा है। विरोध पर जहां उसे व उसकी पत्नी बच्चों की वो पिटाई कर रहा वही घर के अंदर मछली व सुअर का मांस फेक रहा है। ये मामला कूरेभार के धन्नजई गांव का है। अधिकारियों ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। धन्नजई गांव निवासी रामजनक मिश्रा ने बताया कि पड़ोस के दलित समुदाय से आने वाले बैजनाथ ने हमारा दरवाजा बंद कर दिया है। हमारे घर में मछली-सुअर का मांस फेक रगहा है। बार-बार हमें और हमारी पत्नी को मारते हैं। हम बार-बार थाने और एसडीएम के पास जाते हैं मगर कोई सुनने वाला नहीं। वो ये कहते हुए फफक कर रोने लगा। उसने ये भी बताया कि सांसद ने एसओ को लिखकर दिया लेकिन तब भी दरवाजा खुल नहीं रहा है।

तरुण चेतना द्वारा राहत चौपाल लगाकर श्रमिकों को बांटा कम्बल

प्रतापगढ़। गरीबों की सेवा ईश्वर व देश की सच्ची सेवा है, इसके लिए आगे आई स्वैच्छिक संस्था तरुण चेतना का प्रयास निश्चित रूप सराहनीय व स्वागत योग्य है। ये बाते आज ग्राम पंचायत बहुता, पटटी में तरुण चेतना संस्था एंव श्रमिक भारती एंव गिव इंडिया के सहयोग से असंगठित व प्रवासी श्रमिकों मजदूरो को कम्बल वितरण एवं राहत चौपाल समारोह में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण प्रतापगढ़ से आपदा विशेषज्ञ अनुपम शेखर तिवारी ने लोगों को प्रशासन के निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करने का अनुरोध किया आपदा प्रबंधन पर जानकारी देते हुए कहा कि अगर किसी को सांप काटने से मृत्यु हो जाती है तो चार लाख रुपया राहत सहायता का प्रावधान है, जिसमें मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं पंचनामा का होना अनिवार्य है। शासन द्वारा अनुमन्य राहत सहायता पाने के लिए शैक्षिक योग्यता एवं आयु की कोई सीमा नहीं है, सर्पदंश से सबसे ज्यादा महिलाओं की मृत्यु हो रही है, रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बिजली गिरने एवं डूबने से मृत्यु होती है। इस अवसर पर तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान संस्था ने देशभर में भुखमरी व रोजी-रोटी का संकट आया था तो संस्था ने लगभग एक हज़ार परिवारों को राशन वितरण किया था, इसी क्रम में पट्टी तहसील के दर्जनों ग्राम पंचायतों में दो सौ कम्बल गरीब परिवारों को वितरित किया गया। पटटी के ग्राम प्रधान वहीद अंसारी ने संस्था कामो को सराहना करते हुए कहा कि लाभार्थियों को आपदा के दौरान लाभ लेने के लिए जागरूक होना ज़रूरी हैं। जितने लाभार्थी को कम्बल वितरित किया गया बहुत ज़रूरतमन्द हैं। बाल अधिकार परियोजना के कोऑर्डिनेटर शिवशंकर चौरसिया ने कम्बल वितरण के उददेश्य बताये। कार्यक्रम का संचालन मैसवा मैन हकीम अंसारी ने किया। कम्बल वितरण के दौरान डा. आविद पब्लिक स्कूल के प्रबन्धन कासिम, बी.डी.सी. चन्द्रावती पटेल, स्वास्थ्य कार्यकत्री आशा बदरुन्निशा, नाजरीन बानो, नीरज, शहीद अहमद, अभयराज पटेल, शकुंतला देवी, इसरत, संगीता, आरती देवी, गार्गी बर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

शीघ्र बनेगा समुदायिक केन्द्र : विनय वर्मा

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। विधान सभा क्षेत्र शोहरतगढ में जल्द ही विधायक विनय वर्मा के कर कमलो द्वारा समुदायिक केन्द्र बनाया जायेगा। शोहरतगढ विधायक ने कहा कि समुदायिक केन्द्र का निर्माण कराये जाने के बिषय मे समाज कल्याण विभाग देख रहे स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री को पत्र दिया गया था। जिस पर मंत्री जी के कार्यालय से पत्र द्वारा सूचना मिला कि आपके द्वारा अति पिछड़े अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र शोहरतगढ़ में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण का प्रस्ताव दिया गया था जिस पर सक्रियता से विचार किया गया। इस सम्बन्ध में समाज कल्याण विभाग के निर्देशक के द्वारा जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर को कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको से प्रस्ताव तैयार कराकर उनके माध्यम से निदेशालय को उपलब्ध कराने का अनुरोध 13.02.24 को किया गया था जिसका प्रस्ताव आगणन अप्राप्त है। समाज कल्याण के डायरेक्टर के द्वारा पुनः 15.02.24 को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को प्रस्ताव आगणन उपलब्ध कराने हेतु अनुस्मारक भेजा गया है।विधायक विनय वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के माध्यम से वांछित प्रस्ताव आगणन यथाशीघ्र समाज कल्याण विभाग लखनऊ को भेजने एवं उसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी करने के लिए आग्रह किया जायेगा, जिससे विधान सभा क्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण का कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ हो सके।

समाधान दिवस में सैंतालिस शिकायतों में दो का निस्तारण

लालगंज, प्रतापगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंगलवार को सैंतालिस शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से अफसरो ने दो शिकायतों का निस्तारण किया। पुलिस परीक्षा को लेकर समाधान दिवस पिछले समाधान दिवस की जगह मंगलवार को आयोजित किया गया। समाधान दिवस में गैरहाजिर 10 अफसरों को एसडीएम ने अनुपस्थित करार दिया है। गैरहाजिर अफसरो से स्पष्टीकरण तलब किये जाने से प्रशासनिक गैलरी में हडकंप मच गया। समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की बीस तथा पुलिस की दस, विकास विभाग पांच, समाज कल्याण एक तथा बेसिक शिक्षा दो व अन्य विभागों की नौ रहीं। शिकायतों की सुनवाई करते हुए एसडीएम लालधर सिंह यादव ने इनके निस्तारण को लेकर सम्बन्धित विभागीय अफसरों को कड़े निर्देश दिये। समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ रामसूरत सोनकर ने मिलकर राजस्व तथा पुलिस विभाग की एक एक शिकायतो का मौके पर निस्तारण कराया। एसडीएम ने अफसरों को कर्रा करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में कागजी कार्रवाई की गयी तो शासन को जिम्मेदारों के खिलाफ आख्या संस्तुति की जाएगी। वहीं सीओ ने भी मातहत पुलिसकर्मियों को पुलिस से जुड़ी शिकायतों के मौके पर निस्तारण के निर्देश दिये। संचालन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। वहीं समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों से एसडीएम ने स्पष्टीकरण तलब किया है। दोपहर बाद अनुपस्थित अधिकारियों को जानकारी हुई तो हडकंप मच गया। अनुपस्थित अधिकारियों में खण्ड विकास अधिकारी लालगंज व लक्ष्मणपुर, सहायक अभियंता लोनिवि, लघु सिंचाई, बीईओ लालगंज समेत लालगंज व संग्रामगढ़ तथा जेठवारा के थानाध्यक्ष स्पष्टीकरण के दायरे में लाये गये हैं।

शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेः डीएम

प्रतापगढ़। डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील पटटी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पटटी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 210 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुए जिनमें से 06 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 210 शिकायतों में से 85 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 40, विकास विभाग से 25, समाज कल्याण से 06, शिक्षा से 04 एवं 50 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता अमन वर्मा निवासी भदवछ ने शिकायत किया कि मेरे पिता स्व राम कृपाल वर्मा का मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील पटटी द्वारा जारी नही किया जा रहा है जबकि ब्लाक आसपुर देवसरा से रिपोर्ट लगाकर एसडीएम पटटी कार्यालय में 30 जनवरी को दाखिल हो चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु बार-बार मुझे तहसील के चक्कर लगाना पड़ा रहा है। डीएम ने उपजिलाधिकारी पट्टी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया जल्द मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करायें। शिकायकर्ता श्याम बहादुर पटेल निवासी धरमपुर ने अबैध कब्जा खाली कराकर आवागमन को चालू करने के सम्बन्ध में शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी बाबा बेलखरनाथधाम एवं लेखपाल को निर्देशित किया तत्काल अवैध कब्जा को खाली कराने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता रमराजी उर्फ छोटकी (80 वर्ष) निवासी सेमराडीह ने शिकायत किया कि विपक्षी रवीन्द्र कुमार आदि द्वारा प्रार्थिनी को मृतक दिखाकर जमीन हड़प रहे है और परिवार रजिस्टर व मतदाता सूची से नाम कटवा दिये जिस पर जिलाधिकारी संज्ञान में लेते हुये परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देशित किया कि जिस सेक्रेटरी द्वारा रमराजी को मृतक घोषित किया गया है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये, इस प्रकरण पर पुलिस अधीक्षक ने एसओ आसपुर देवसरा को निर्देशित किया कि विपक्षी रवीन्द्र कुमार के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। सभी अधिकारीगण अपने दायित्वों को समझे और उसका शत् प्रतिशत निर्वहन करें जिससे आमजन मानस की समस्याओं का निराकरण किया जा सके, अधिकारीगण अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, उपजिलाधिकारी पटटी, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

एस.एस.बी ने 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का किया उद्घाटन

लोटन, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। 43वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर द्वारा सीमा चौकी धनौरा के कार्यक्षेत्र में धनौरा मुस्तकम पंचायत भवन में सीमावर्ती क्षेत्र के 35 ग्रामीणों के लिए 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। जानकारी देते हुए उज्जल दत्ता, कमान्डेंट, 43वी वाहिनी ने बताया कि सीमा चौकी धनौरा के कार्यक्षेत्र में धनौरा मुस्तकम पंचायत भवन में सीमावर्ती क्षेत्र के 35 ग्रामीणों के लिए 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन कंपोजिट विद्यालय अर्री में आयोजित किया जायेगा। 10 दिनों के मशरूम प्रशिक्षण के उपरांत 43वी वाहिनी द्वारा इन प्रशिक्षुओं को मशरूम के बीज व सम्बंधित दवा निशुल्क वितरित की जाएगी जिससे ये अपने स्तर से मशरूम का उत्पादन कर सके इनके द्वारा उत्पादन किये गए मशरूम को हम जवानों के उपयोग के लिए बाजार दर से इनसे सीधे खरीद लेंगे जिससे इनकों बाजार ढूढने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी तथा इस छोटी सी शुरुआत से ये अपने मेहनत और लगन से इसे दीर्घकालीन व्यवसाय का विस्तार दे सकेंगे। साथ ही मशरूम प्रशिक्षण प्राप्त किये प्रशिक्षुओं को 43वी वाहिनी एस.एस.बी और

आर.एस.ई.टी.आई.के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्ति का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा।इस उद्घाटन समारोह में एस.एस.बी से अखिलेश कुमार, सहायक कमान्डेंट, सीमा चौकी धनौरा, जसवंत कुमार, सहायक कमान्डेंट, सीमा चौकी खुनवा व अन्य कार्मिकों के साथ साथ श्रीमती भावना जायसवाल, निर्देशक, भारतीय ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान, एस.बी.आई, सिद्धार्थनगर, दिनेश कुमार, अध्यापक, कंपोजिट उच्च माध्यमिक विधालय, धनौरा मुस्तकम, सुखई प्रसाद मौर्या, ग्राम प्रधान, धनौरा मुस्तकम, मो. अहमद हुसैन, प्रधान प्रतिनिधि, प्रसून शुक्ला, जिला संयोजक, प्लान इंडिया एन.जी.ओ, सहायक उप निरीक्षक सालिक राम, ए.पी.एफ, नेपाल व अन्य गणमान्य ग्रामीण व स्कूली बच्चें उपस्थित रहे ।

विद्यार्थियों ने पीएम उषा योजना का लाइव देखा प्रोग्राम

जौनपुर। पीएम उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण हेतु दिए गए पीएम उषा योजना का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारम्भ मंगलवार को किया गया। इसका लाइव वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थियों और अधिकारियों ने देखा। साथ ही उन्होंने राज्यों के शिक्षण संस्थानों को पीएम.उषा के अन्तर्गत 78 परियोजनाओं के लिए 3600 करोड़ रुपये से अधिक की घोषणा की।

विभिन्न गम्भीर धाराओं में दर्ज हुई रिपोर्ट, 11 गिरफ्तार

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। पब्लिक इंटर कालेज के परीक्षा प्रभारी अशोक सिंह पर किए गए जानलेवा हमले और फायरिंग मामले के अलावा घर में घुसकर की गई मारपीट व दहशत फैलाने वाले ग्यारह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसमें लूट की धारा बढ़ाई गई है। जानलेवा हमला, लूट, आर्म्स एक्ट के तहत संबंधित आरोपियों पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। संपूर्णानगर में स्थित एक विद्यालय में तैनात दो शिक्षकों में किसी बात को लेकर मामूली कहा सुनी हो गई। कुछ समय बाद विद्यालय में तैनात बाहर के शिक्षक ने वाहनों के माध्यम से असलहों के साथ अपने दर्जनों साथियों को बुला लिया था। बताया जाता है कि शिक्षक के साथियों ने स्कूल परिसर के पास पहुंचते

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राम जानकी मंदिर हेतु 97.55 लाख हुए स्वीकृत

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जनपद के विकास खण्ड-आलापुर में रामजानकी मंदिर टिकरिया जहाँगीरगंज का पर्यटन विकास कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद के विकास खण्ड आलापुर में रामजानकी मंदिर टिकरिया जहाँगीरगंज का पर्यटन विकास कार्य हेतु उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 द्वारा गठित आगणन रू0 100.50 लाख को मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास मद में प्रावधानित धनराशि में से प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया था। उक्त के सम्बन्ध में राज्यपाल द्वारा प्रश्नगत

प्रायोजना हेतु उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए अप्रेजल समिति द्वारा आंकलित धनराशि रू0 97.55 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किश्त के रूप में रू0 50.00 लाख (रू0 पचास लाख मात्र) को अवमुक्त किया गया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अभिनव प्रयास से जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। जनपद विश्व प्रसिद्ध अयोध्या का अभिन्न अंग होने के कारण यहां पर पर्यटन की असीम संभावना बन रही है। जिलाधिकारी द्वारा श्रवण धाम क्षेत्र, दरवन झील, पुंथर झील सहित अनेक जल संचय स्रोतों व पौराणिक स्थलों का चिन्हांकन कर लगातार शासन को पत्र प्रेषित किए जा रहे हैं तथा मुख्यमंत्री द्वारा भी जनपद के विकास हेतु प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति भी लगातार दी जा रही है। पर्यटन को बढ़ावा देने से जहां एक तरफ देश-विदेश के पर्यटक जनपद में आएंगे वहीं दूसरी तरफ इससे जनपद वासियों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रधानमंत्री जी द्वारा अपने उद्बोधन में अपील की गई है कि पर्यटक जहां भी जाए वहां उस यात्रा के अपने पूरे खर्च का काम से कम 10त्न वहां स्थानीय वस्तुओं के खरीद में खर्च करें, जिससे स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे जनपद सहित प्रदेश के 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी व देश के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामिक को प्राप्त करने में सफलता मिलेगी।

आवास आंवटन को लेकर तहसील में किया धरना प्रदर्शन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव अफ्रोज आलम देवी दयाल व्लाक सचिव के नेतृत्व में भारी संख्या में पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा गया।उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में क्षेत्र के गरीब पात्रों के आवास के संबध में सैकड़ों आवेदन पत्र आपको सौंपे जा चुके है आपके कार्यालय द्वारा उक्त आवेदन फार्मो को विकास खण्ड अधिकारी को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजे जा चुके है ज्ञापन में कहा कि उक्त आवेदन पत्रों की गांव जाकर जांच कर पात्रों के नाम आवास सूची में शामिल किया जाये परन्तु आज तक आवेदन पत्रों पर जांच सर्वे नहीं कराया गया है उक्त को लेकर आवासों के आवेदन पत्रों की तत्काल जांच कराकर पात्रों को आवास आंवटित किये जाये तहसीलदार ने ज्ञापन देकर शीघ्र ही कार्यवाही का आश्वासन दिया।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मृत्यु के बाद ग्रामीणों ने लगाया जाम

बलिया। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मृत्यु के बाद गड़वार थाना चौराहे पर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने लगाया जाम । बताया जाता है कि गड़वार थाना क्षेत्र के बारा बांध गांव निवासी देवेंद्र यादव उर्फ मुन्ना का 19 वर्षी पुत्र सुमित उर्फ राहुल जो बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था और पटना में रहकर किसी कंपनी में काम भी करता था । रात को परिजनों के साथ भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया लेकिन सुबह वह अपने कमरे में नहीं पाया गया और न ही उसकी मोटरसाइकिल पाई गई। परिजनों ने काफी खोजबीन किया। परिचितों और रिश्तेदारों के यहां फोन करके पता लगाया। लेकिन कहीं पता नहीं चला । कहीं से यह सूचना मिली की पोखरा मार्ग गड़वार स्थित मैरिज हाल में किसी युवक की खून से लथपथ लाश पड़ी है। ऐसी सूचना मिलने पर उसकी बहन वहां पहुंची और लाश को देखते ही दहाड़े मार कर रोने लगी। सूचना पाकर बदहवास हालत में परिवार के अन्य सदस्य भी वहां पहुंचे। वहां आसपास भीड़ जमा हो गई । इसी बीच गड़वार थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवारीजनों ने आरोप लगाया कि बिना बताए ही पुलिस ने लाश को अपने मर्जी से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस की मनमाने करवाई पर आक्रोशित परिवार जनों और ग्रामीणों ने लाश को पुनः वापस मांगने की मांग करते हुए गड़वार चौराहे पर जाम लगा दिया। जाम को खुलवाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा परिजन और ग्रामीणों को बहुत समझाया गया। लेकिन नहीं माने। अंत में पुलिस द्वारा हल्का बल प्रयोग करके जाम को लगभग ढाई घंटे बाद खुलवाया गया और आवागमन बहाल किया गया।

संक्षिप्त आवाज़

डीएम,एसएसपी की अध्यक्षता में यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर बैठक आयोजित

मुरादाबाद। मुरादाबाद में 22 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होगी शिक्षा विभाग और प्रशासन की तैयारी हुई पूरी जिसको लेकर मंगलवार सुबह शहर के पंचायत भवन में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक और परीक्षा प्रभारी के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बताते चले कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी मानवेद्र सिंह एवं एसएसपी हेमराज मीणा ने सेक्टर मजिस्ट्रेट और केन्द्रा व्यवस्थापको के साथ बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुरादाबाद जनपद के 110 परीक्षा केदो पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कमियां पाए जाने सख्त कार्यवाही आयोजित की जायेगी। कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच यूपी बोर्ड की परीक्षायें आयोजित की जायेगी। बैठक में केन्द्र व्यवस्थापक और सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

डीएम,एसएसपी ने किया सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण

मुरादाबाद। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया और सभी को कड़े दिषा निर्देश दिये। बताते चले कि मंगलवार की सुबह यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर बैठक करने के बाद डीएम मानवेद्र सिंह एवं एसएसपी हेमराज मीणा द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। डीएम, एसएसपी ने कहा कि 110 परीक्षा केंद्र सीसीटीवी कैमरे की निगाह में होगे और कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच परीक्षायें आयोजित की जायेगी। डीएम एसएसपी के निरीक्षण से कंट्रोल रूम में तैनात कर्मियो में हड़कम्प मच गया। जब डीएम, एसएसपी निरीक्षण करके वापस लौटे तक जाकर कर्मियों ने राहत की सांस ली।

ट्रैक्टर मार्च हेतु ट्रैक्टर लेकर पहुंचे

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश महामंत्री वलजिन्दर सिंह व जिलाध्यक्ष गुरविन्दर सिंह ने संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर तहसील पूरनपुर में ट्रैक्टर मार्च का कार्यक्रम इस प्रकार है । सुबह 10 बजे सिरसा चौराहे से चलकर बड़ा चौराहा होते हुए शहीद सुरेंद्र सिंह लबाणा पार्क से माधोटांडा रेलवे क्रासिंग होते हुए स्टेशन चौराहा से तहसील परिसर पूरनपुर समापन होगा । सभी किसान भाईयों से निवेदन है कि सुबह 10:00 बजे तक अधिक से अधिक संख्या में ट्रैक्टर लेकर सिरसा चौराहा पूरनपुर पहुंचने की कृपा करें ।

कार्यो में लापरवाही बरतने पर एक उपनिरीक्षक तथा दो आरक्षी को किया निलंबित

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) पुलिस अधीक्षक बिजनौर ने कार्यों में लापरवाही बरतने पर एक उपनिरीक्षक तथा दो आरक्षी को निलंबित कर दिया है ।जानकारी के अनुसार थाना स्योहारा में नियुक्त उप निरीक्षक तनवीर अहमद को कई बार निर्देशित किए जाने के बावजूद मनमाने तरीके से विवेचना करने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर द्वारा प्रेषित आख्या के आधार पर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है । इस संबंध में क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ को जांच कर 7 दिन के अंदर रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश दिए गए हैं । थाना कोतवाली शहर में नियुक्त मुख्य आरक्षी अजय कुमार अवकाश समाप्ति के बाद समय से अपने कर्तव्य पर उपस्थित न होकर राजकीय कार्यों से बचने बिना अनुमति के अनुपस्थित होने को लेकर प्रभारी निदेशक थाना कोतवाली द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने निलंबित किया है ।

अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैली

मुरादाबाद। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र कांठ रोड पर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक नाले की सफाई के दौरान कूड़े के साथ एक युवक का शव भी नाले से निकला,घटना की जानकारी लगते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन करने के साथ ही युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र कांठ रोड स्थित सिद्ध हॉस्पिटल के बराबर में स्थित नाले की सफाई का कार्य अस्पताल के सफाई कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा था, जेसीबी की मदद से नाले के कूड़े को बाहर निकाला जा रहा था, कि अचानक कूड़े के साथ ही एक युवक का शव भी नाले से जैसे ही निकला, अस्पताल स्टाफ और क्षेत्र के लोगों में हड़कम्प मच गया, आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई, घटना की जानकारी लगते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।

लाखों की लूट : कोतवाल ने वार्ता कर शीघ्र खुलासे का दिया आश्वासन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। लाखों की लूट से पीड़ित व्यापारी को सांत्वना एवं उत्साह वर्धन कर हर सहयोग करने को व्यापार मंडल के प्रान्तीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी प्रान्तीय मंत्री विजय पाल विक्की जिला प्रभारी अशोक खण्डेलवाल एवं प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने व्यापारी के आवास पर पहुंच कर लूट की घटना का शीघ्र ही खुलासा करने व व्यापारी के परिवार की पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया गया।नगर से सटे ग्राम रामपुर ता0 महाराजपुर मार्ग पर स्थित सुनील कुमार गुप्ता की किराना की दुकान है तथा दुकान के ऊपर व्यापारी परिवार सहित रहते है 30 जनवरी शाम लगभग 8:30 बजे पांच नकाबपोश लुटेरों ने उनके घर धाबा बोलकर परिजनों को बंधक बनाकर गन प्वाइंट पर 06 लाख की नकदी सहित 30 लाख के आभूषण लूटकर फरार हो गये उक्त घटित लूट की घटना से हड़कंप मच गया जिसको लेकर बरेली रेंज के आईजी डा0 राकेश सिंह पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार सी0ओ0

आलोक सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण कर तत्काल खुलासे को चार पुलिस टीमें गठित की गयी पुलिस की टीमों द्वारा युद्ध स्तर पर लुटेरों की तलाश जारी कर दी इधर व्यापारी सुनील कुमार गुप्ता व उनका परिवार काफी दहशत में जी रहा जबकि प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्वारा व्यापारी व उसके परिवार की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है परन्तु भयभीत व्यापारी का कहना है कि जब तक लुटेरे पकड़े नहीं जाते है तब तक मैं अपने व अपने परिवार को असुरक्षित महसूस कर रहा है व्यापारी की सुरक्षा व लूट की घटना को लेकर व्यापार मंडल द्वारा एक आवश्यक वैठक कर लूट की घटना का 20 दिनों बाद भी खुलासा न होने पर चिन्ता व्यक्त की गयी व्यापारियों की वैठक में प्रभारी निरीक्षक ने पहुंचकर बताया कि पुलिस की चार टीमें लुटेरों की तलाश में लगी है तथा हम सभी लोग पूरे प्रयास कर रहे है कि लूट की घटना का वास्तविक खुलाा हो और लुटेरों सहित नकदी व आभूषणों की बरामदगी हो पुलिस के पूरे प्रयास जारी है कि सभी पुलिस की टीमें रात दिन खुलासे में लगे है व्यापारी की सुरक्षा की बात तो मैंने पुलिस कर्मी लगा रखे है तथा समय समय पर मैं स्वंय भी देखभाल करते रहते है लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा लूट की घटना बनाते समय सिरसा मार्ग व कलीगनर मार्ग से दो पुलिस मुठभेड़ की घटनाओं में कई लुटेरों को शस्त्रों सहित गिरफ्तार कर लूट की घटना वाली योजनाओं को नाकामयाब किया गया तथा मेरा प्रयास है कि मैं शीघ्र ही व्यापारी के घर हुयी लूट की घटना का वास्तविक खुलासा कर लुटेरों को नकदी व आभूषणों सहित गिरफ्तार कर उनको सजा दिलाया जाये कोतवाल प्रवीण कुमार और व्यापारी नेताओं के बीच हुयी वार्ता से भयभीत लूट का शिकार हुये व्यापारी सुनील कुमार गुप्ता व उसके परिजनों ने पूरनपुर से पलायन करने का विचार मन से निकाल दिया है वहीं व्यापारी व उसके परिवार की कड़ी सुरक्षा की पुलिस द्वारा व्यवस्था कर दी गयी है वैठक में हंसराज गुलाटी विजय पाल विक्की हाजी जाहिद खां अशोक खण्डेलवाल संजय गुप्ता आशीष रस्तोगी उमर खां यू0के0 नवीन अग्रवाल सुरेन्द्र अग्रवाल दीपक अग्रवाल सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

लूट की योजना बनाते पुलिस मुठभेड़ में एक घायल, शस्त्रों सहित तीन गिरफ्तार

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। अपराधों व लूट की घटनाओं आदि पर अंकुश लगाने को कोतवाली प्रभारी के कुशल नेतृत्व में निर्देश चलाये जा रहे अभियान में कोतवाली पुलिस को लगातार सफलताएं मिल रही है वहीं लूट की योजनाओं को विफल कर अभियुक्तों को शस्त्रों सहित

गिरफ्तार किये जाने से अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि अपराधों पर अंकुश लगाने को पुलिस अधीक्षक द्वारा समय समय पर जारी आदेशों के पालन एवं क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्ग दर्शन में मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एसआई अभिषेक कुमार प्रदुमन सिंह प्रवीण कुमार हे0का0 खालिद खान उपेन्द्र वर्मा का0 रजत वालियान निशांत कुमार अमरपाल सिंह व संतोष कुमार द्वारा कलीनगर मार्ग से ग्राम अमरैया कलां जाने वाले रास्ते पर तीन लुटेरों द्वारा वड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व ही पुलिस टीम ने दविश देकर लुटेरों को ललकारा जिस पर लुटेरे अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम बाल बाल बच गयी जबकि आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा जबाबी फायर किये जो अभियुक्त असलम पुत्र गामा निवासी शेरपुर के दाहिने में गोली लगी मुठभेड़ के दौरान तीन लुटेरे सुलेमान पुत्र. मोहम्मद नबी निवासी शेरपुर कलां व कामिल उर्फ मुरादी पुत्र गंठा निवासी लाइनपार साहूकारा पूरनपुर व असलम पुत्र गामा निवासी शेरपुर कलां को दो अदद 315 बोर तमंचे तीन कारतूस जिन्दा व दो खोखे 315 बोर बरामद कर तीन लुटेरे अभियुक्तों पर धारा 307, 398, 401 आईपीसी व धारा 3/25 के अन्तर्गत मामला दर्ज किया गया ।

भाकपा माले नेताओं पर फर्जी मुकदमों की कार्यवाही बन्द हो

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। भारती की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवदी लेनिन वादी के जिला प्रभारी अफ्रोज आलम व्लाक सचिव देवी दयाल ने भारत के राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा कि उ0प्र0 के देवरिया में हुये न्यायिक अन्याय की ओर आकर्षित कराने चाहते है सत्ता और दबंग गठ-जोड़ से गरीबों के लोक तांत्रिक संघर्ष के साथ भारी अन्याय हुआ है देवरिया जिले के ग्राम वलुअन में सामंती बर्चस्व के खिलाफ जनता के प्रतिरोध संघर्ष में 1995 में दो व्यक्तियों को शहादत हुयी थी दबगों की गोली बारी में एक महिला व बच्चे की जान गयी थी तथा भाकपा माले राज्य समिति सदस्य कामरेड रामकिशोर वर्मा गंभीर रूप से घायल हुये थे वहीं देवरिया के न्यायधीश द्वारा चार में से तीन हत्यारों को बरी कर दिया और दूसरे पक्ष के 40 लोगों को दोषी ठहराते हुये दस साल की सजा व जुर्माना लगाकर जेल भेज दिया जिसमें कामरेट रामकिशोर वर्मा छोटेलाल कुशवाह सहित माले के अनेकों कार्यकर्ता जेल गये आरोप है कि माले के कार्यकर्ताओं द्वारा बेरोजगारी सामंती जुल्म सूदखोरी जैसे उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष के कारण झूठे मुकदमों में फंसाकर सजा करायी गयी तथा मिर्जापुर के माले कार्यकर्ताओं को साजिश के जिला बदर किया गया साथ ही गाजीपुर आजमगढ़ और सीतापुर में भी भाकपा माले के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगाये जा रहे है इन सब के खिलाफ पार्टी के राज्य व्यापी प्रतिवाद दिवस के तहत हम आपसे हस्तक्षेप कर देवरिया के वेगुनाहों को बरी करने माले नेताओं पर झूठे मुकदमें लगानेकी कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग करते है।

स्वर्णकार समाज ने वैवाहिक परिचय सम्मेलन का किया आयोजन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज एसो. (रजि) पूरनपुर जिला पीलीभीत एवम स्वर्णकार कल्याण समिति लखीमपुर खीरी द्वारा संयुक्त रूप से पूरनपुर नगर के एक वेंकट हाल में प्रथम बार आयोजित सजातीय वर कन्या वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूरनपुर के पूर्व विधायक माननीय प्रमोद कुमार प्रधान जी,बीजेपी के नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने मां सरस्वती, महाराज अजमीढ़ जी ,अमरीश जी के चित्र पर तिलक ,पुष्प अर्पित कर,दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की,मुख्य अतिथि को स्वर्णकार समाज की ओर से स्मृति चिन्ह,पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में दूर दराज से आए स्वर्णकार बंधुओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष नितिन ओपी वर्मा,सुनील वर्मा,श्याम वर्मा,शरद सोनी,रवि वर्मा,सुनील एड, अरविंद वर्मा,चंद्रमोहन वर्मा,कल्लू वर्मा,अवधेश वर्मा, सुरेश वर्मा, दिनेश सोनी, सूर्यांश वर्मा, जितेंद्र वर्मा, सर्वेश स्वर्णकार,रोहित वर्मा,अरविंद वर्मा, श्रीराम वर्मा,लखीमपुर से पधारे।

मिशन शक्ति आभियान में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण के संबंध में की समीक्षा बैठक

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला सहायता प्रकोष्ठ (1090), महिला हेल्प डेस्क प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी द्वारा मिशन शक्ति आभियान के क्रम में जनपद के समस्त थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मियों के साथ महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन व हेल्प डेस्क पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों के साथ-साथ शिकायत प्रकोष्ठ से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान महिला हेल्प डेस्क कर्मियों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने हेतु तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों को स्स्ह्र पोर्टल पर फीडिंग व क्क्ष्स एक्ट के संबंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा ÷वर्ड सोशल जस्टिस डे÷ के सम्बंध में बताया गया तथा लैंगिग हिंसा की पीड़िताओं को निःशुल्क विधिक

सहायता हेतु सूचनात्मक पोस्टर हेल्प डेस्क कार्यालय पर चस्पा करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही महिला हेल्प डेस्क कर्मियों की समस्याओं को भी सुना गया व उनके निराकरण हेतु संबंधित को बताया गया। शिवांगी त्रिपाठी द्वारा कहा कि सुरक्षित और सशक्त महिला समृद्ध समाज का आधार है। हर नारी की सुरक्षा, गरिमा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने का दायित्व हमारे ऊपर है। नारी सशक्तिकरण के प्रति हम लोग कटिबद्ध हैं। हमारी यह प्राथमिकता है कि जनपद में महिलाएं जागरूक होकर आगे आएं तभी समाज की कुरीतियों से निपटा जा सकता है।महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान व सुरक्षा के प्रति उनसे भय मुक्त रहते हुए अपने ऊपर होने वाले अपराध न छिपाने एवं परिवार तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन या हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने हेतु जागरूक करें।

शिकायतों को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्रवाई करें सुनिश्चित: डीएम

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जनसमस्याओं के निराकरण हेतु कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया।तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले कार्यालय में जो भी लाभार्थी/नागरिक आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही

साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 98 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 07 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 91 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, प्रभागीय वनाधिकारी प्रणव जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी आलापुर, क्षेत्राधिकारी आलापुर तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी जलालपुर के समक्ष कुल 74 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे से 04 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया गया तथा शेष 70 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा के समक्ष 35 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 07 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया।शेष 28 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता तथा उप जिलाधिकारी अकबरपुर के समक्ष कुल 69 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई।

कैडर शिविर में बसपा प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष दर्जनों लोगों ने ली प्राथमिक सदस्यता

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। विधानसभा आलापुर के ग्राम भौरा में एक दिवसीय बसपा कैडर कैम्प् का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील सावंत गौतम ने किया। कैडर शिविर में दावा किया गया कि मुस्लिम समाज का झुकाव अब बसपा की तरफ काजी तेज़ी से बढ़ रहा है। ग्राम प्रधान भौरा शादाब हैदर के नेतृत्व में सपा छोड़ सैकड़ो लोग बसपा में शामिल होने का दावा किया गया। जिसमें सुनील कुमार गौड़ प्रधान अजलाल ग्राम प्रधान करौदी लाला सकलेन मो नफीस मो सिराज मो रहीम मो सजर मो एहसान, नक्न् हुसैन गुलफाम, आरजू, सहाबाज अली हसन अब्बास आदि ने बसपा की सदस्यता ग्रहण किया। कैडर शिविर को मुख्य अतिथि विश्वनाथ पाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा आने वाले चुनाव मे बसपा को मजबूती से लड़ते हुए अम्बेडकर नगर से फिर बसपा का सांसद बनाना है और बहन जी के हाथो को मजबूत करना है। बसपा समता समाज की स्थापना के लिए कटिबद्ध है और देश में आपसी भाईचारा बनाते हुए देश बेरोजगारों किसानो और मेहनत कश लोगो की उन्नति के लिए लगातार संघर्ष कर रहीं है। कैडर शिविर की अध्यक्षता कर रहे बसपा जिलाध्यक्ष सुनील सावंत गौतम ने बसपा की सदस्यता लड़ने वालों का स्वागत करते हए कहा कि बसपा युवाओं के शिक्षा रोजगार की ववस्था बहन जी ने किया और गरीबो मजदूरों किसानों की उन्नति के लिए लगातार आगे काम किया और बसपा संगठन मे राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व जिला विधानसभा सेक्टर और बूथ 50 प्रतिशत सीनियर नेताओं के साथ साथ नवजवानों को मेन संगठन में जगह दिया।

शिकायतों को निस्तारण के बाद ठीक प्रकार से फिडिंग करना करें सुनिश्चित ताकि जिले की रैंकिंग न हो प्रभावित:डीएम

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहां कि शिकायतों के निस्तारण के बाद निस्तारित शिकायतों की ठीक प्रकार से फीडिंग कराना सुनिश्चित करें, जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये। उन्होने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा।जिलाधिकारी श्री अग्रवाल आज तहसील नगीना में आयोजित सम्पूर्ण

समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकयातों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और ज़िम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।आज तहसील दिवस के मौके पर कुल 55 शिकायतें दर्ज की गयीं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों के माध्यम से कराया गया तथा अवशेष शिकायतों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विजय कुमार गोयल, उप जिलाधिकारी नगीना एवं तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी पुलिस के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

मोटापे एवं वजन घटाने के शिविर का किया आयोजन

मुरादाबाद । श्री साई अस्पताल के व

डीएम व पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद

❍जनशिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को दिये शीघ्र निस्तारण के निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील चायल में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि वे सुनश्चित करें कि लेखपालां द्वारा वरासत सहित आदि प्रकरण निर्धारित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

समाधान दिवस में शिकायतकर्ता श्री सताली निवासी ग्राम-काजू द्वारा प्रार्थना पत्र देकर आवास की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, मूरतगंज को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता शोभा देवी निवासी ग्राम-उजिहिनी खालसा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनकी भूमिधरी पर परिवार के ही लोगों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को तहसीलदार से जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें है।

शिकायतकर्ता श्री प्रदीप कुमार, निवासी ग्राम-मुस्तफाबाद द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि ग्राम समाज की भूमि पर गॉव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को जॉच कराकर अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दियें। अपर जिलाधिकारी , उपजिलाधिकारी मंझनपुर एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस में तहसील मंझनपुर में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सिराथू में उपजिलाधिकारी सिराथू व क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा जनशिकायतों को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।तहसील सिराथू में कुल 100 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 7 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सौम्य मिश्र, क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी एवं प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

कोर्ट के आदेश का पालन नहीं कर रही पुलिस

कौशाम्बी। कौशाम्बी जिले के सरॉय अकिल थाना क्षेत्र की पीड़ित महिला गायत्री देवी पुत्री अमृत लाल मौर्य ने कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देते हुये बताया की मेरे पती राहुल कुमार पुत्र स्व0 बच्चा लाल निवासी दानपुर महॉवा थाना पश्चिम शरीरा मुझे पिछले कई साल पहले मार पीट कर घर से भगा दिया था । तबसे मै अपने मायके में ही रह रही हूं ।उसके बाद से आज तक न तो मुझे बुलाने आया है ,और न ही मुझे कभी खर्च दिया है। जिसका जिला फैमिली कोर्ट में पिछल 4 वर्षो से दहेज प्रथा व मारपीट का मुकदमा चल रहा है। जज फैमिली कोर्ट के मुख्य न्यायधीस के द्वारा आरोपी राहुल कुमार पुत्र स्व0 बच्चा लाल के नाम कई बार हवॅवॅ वारंट जारी किया है, लेकिन पश्चिम शरीरा थाना की पुलिस आरोपी से साठ गाठ कर के आरोपी को गिरफ्तार नही कर रही है।

अभिभावक बच्चों को दे खेलने की आजादी

कौशाम्बी। कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वाधान में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा लोकसभा स्तरीय बालक वर्ग प्रतियोगिता में लोकसभा कौशाम्बी के सभी 12 ब्लॉकों के 600 ब्लॉक स्तरीय विजेता खिलाड़ियों ने भाग लिया। शतरंज प्रतियोगिता में सिराथू ब्लॉक का दबदबा रहा। इंद्र श्याम प्रथम, हरि द्वितीय ,व अभय त्रिपाठी तृतीय ,स्थान पर रहे। इसी तरह बॉक्सिंग में मूरतगंज ब्लॉक का दबदबा रहा। सिद्ध प्रताप वेदांत प्रथम समर्थ पांडेय पांडेय विकास उपाध्याय दीपक भी प्रथम रहे । 100 मीटर की दौड़ में सिराथू ब्लॉक के कलीम अहमद प्रथम, 400 मीटर दौड़ में कौशाम्बी के लवलेश प्रथम ,तथा विपिन यादव द्वितीय,800 मीटर व 1500 मीटर में बबलू कुमार प्रथम, 3000 मीटर में मंझनपुर के आकाश प्रथम व मानसिंह द्वितीय रहे है। गोला फेंक में कृष्णा कुशवाहा अव्वल रहे तो लॉन्ग जंप में हर्ष तिवारी ने बाजी मारी,कुश्ती में सरसावा के श्रवण ने अमित कुमार को पछाड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विनोद सोनकर ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल बच्चों से लेकर हर उम्र के लोगों के लिए जरूरी है। खेल से सेहत के साथ-साथ स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। नाना प्रकार के व्यसनों से दूर रखता है । व्यक्ति समाज का एक होनहार इंसान के रूप में जाना जाता है। सभी अभिभावकों से अपील करता हूं कि अपने बच्चों को खेलने में आजादी दे।जिससे उसका शारीरिक,मानसिक विकास हो सके। कार्यक्रम में प्रेमचंद चौधरी, कविता पासी , वीरेंद फौजी,अरुण केसरवानी, पिंटू द्विवेदी ,रणजीत सिंह, नीतू कनौजिया ,भूपेंद्र सिंह ,सुरेश नगर चौधरी ,अजय पटेल , आदि सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान के कारनामे से जनता परेशान

कौशाम्बी। जिले के विकासखंड सिराथू के थाना कोखराज क्षेत्र के पल्टीपुर ग्राम पंचायत का प्रधान महेंद्र कुमार के कारनामों से जनता परेशान हो रही है। ग्रामीणों का कहना है की प्रधान के पास टाइम नहीं है। आखिर क्या प्रधानों को वोट लेने के लिए टाइम है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। ग्राम विकास अधिकारी ग्राम सभा प्रधान की मिली भगत से जनता को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे मनमानी पर उतारू जिम्मेदारो को जांच कर शख्त कार्रवाई की जाने की गुहार लगाई है। बताया जाता है की पल्टीपुर गांव में आज तक ना तो नाली और इंटरलॉकिंग शौचालय व आवास का लाभ नहीं मिला । ग्राम सभा की जनता को आखिर सरकार गांव-गांव में आवास व विकास के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है, लेकिन लापरवाह प्रधान की वजह से जनता दर दर के ठोकर खा रही है।

राजनाथ सिंह से मिले महोबा के भाजपा पदाधिकारी

महोबा (स्पष्ट आवाज)। लखनऊ में निवेशको के महाकुंभ के अवसर पर ग्लोबल इन्वेस्टर की मीटिंग में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र मिश्रा, सुलभ सक्सेना, धर्मेंद्र दीक्षित जिला अध्यक्ष सहकार भारती ने उपस्थित होकर निवेश महाकुंभ में प्रधानमंत्री के द्वारा बताई गई बारीकियौ से सुना। यहां तक की नरेंद्र मिश्रा ने अमर भारती प्रेस भेंट पर कहा कि निवेश की नीति जानने का मौका इस महाकुंभ में मिला और निवेशक की नई-नई जानकारी से हम ऊर्जावान अपने को महसूस कर रहे हैं। हमारा प्रदेश उद्योग एवं उत्सव के रूप में जाना जाता है जहा निवेश एवम नौकरी करोड़ों की संख्या में देखने को मिलती है। आज बड़े निवेशकों के साथ हमको नई जानकारियां उपलब्ध हुई। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर उन्हें अंग वस्त्र भेट किया ।

मेले से मिल रहा युवकों को रोजगारः बीरेन्द्र सरोज

कौशाम्बी। कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत मंगलवार को जन शिक्षण संस्थान, मंझनपुर रोड समदा के परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 253 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं 3 नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा 131 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, मंझनपुर बीरेन्द्र सरोज (फौजी) द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने रोजगार मेले में उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन केके राम,डीएसएम योगेन्द्र कुमार शुक्ला,डीपीएम शिव नरेश शुक्ला, प्लेसमेन्ट प्रभारी सेवायोजन विनोद सिंह आदि उपस्थित रहें।

एआरटीओ प्रवर्तन नें बिना नंबर गाड़ी के खिलाफ चलाया अभियान

उरई(जालौन)। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वें पर खनन इंस्पेक्टर की दुर्घटना के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय नें मामले को संज्ञान लिया। और परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि बिना नंबर प्लेट की गाड़ी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। शहर में बिना नंबर ही वाहन लेकर सड़कों पर फर्राटा भरने

वाले चालकों पर पुलिस व परिवहन विभाग की अब टेढी नजर होने वाली है। यदि आप भी बिना नंबर का वाहन दौड़ा रहे हैं या नंबर प्लेट टूटी हुई है तो संभल जाइए। कहीं ऐसा न हो कि चेकिंग के दौरान पुलिस आपको पकड़ ले और कड़ी कार्रवाई कर दे। वही एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार व यात्रीकर अधिकारी विनय पाण्डेय नें सोमबार को बिना नंबर प्लेट की गाड़ी के खिलाफ अभियान चलाया गया। बिना नंबर के वाहन संचालन यातायात नियमों का उल्लंघन हैं। जिसके अभियोग में विभिन्न वाहनों को थाने में निरुद्ध / चालान की कार्रवाई की है। ऐसे वाहनों की धरपकड़ का अभियान छेड़ा गया है, जो लगातार जारी रहेगा।

एडीएम व अपर एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याए

बांदा। मंगलवार को बबेरू तहसील पर मंगलवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवासी मिश्रा की अध्यक्षता पर संपन्न किया गया। जिसमें क्षेत्र के अलग-अलग गांव से कुल 97 लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्या को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा है। जिसमें ज्यादातर मामले जमीनी विवाद, अवैध कब्जा, पानी व बिजली की समस्या, सड़क की समस्या सहित पुलिस से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें कुल पांच प्रार्थना पत्र का मौके पर अधिकारियों के द्वारा निस्तारण कर दिया गया है। वहीं शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित अधिकारी को सौंप कर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। वहीं समाजसेवी

पीसी पटेल ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर 7 सूत्रीय ज्ञापन भी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी को सौंप कर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग किया है। जिसमें बताया कि सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है। जल जीवन मिशन के तहत गांव की सड़के खोदकर डाल दी गई हैं। जिससे आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही यह भी बताया कि समाज कल्याण विभाग में वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन को लेकर लाभार्थी फॉर्म को डालते हैं। लेकिन उन फॉर्म का विभाग के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। और कई वर्ष बीत जाते हैं, लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन्हीं सभी समस्याओं को लेकर 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है। इस मौके पर बबेरू उप जिलाधिकारी नमन मेहता ,तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाहा, नायब तहसीलदार मनोहर सिंह, सहित तहसील स्तर से लेकर ब्लाक स्तर और जिले के सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

इलाज के दौरान महिला की हुई मौत, हत्या का आरोप

बांदा। कोर्ट से सुलह समझौता के बाद ससुराल पहुंची युवती की अचानक बीमार हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता ने जहर खिलाने का आरोप लगा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पैलानी थाना क्षेत्र के पिपराहरी गांव निवासी सरोज (32) पत्नी नीरज कई दिनो से बीमार थी। सोमवार को उसकी अचानक हालत खराब हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार होने से पहले उसने दम तोड़ दिया। मृतका के पति नीरज ने बताया कि तीन साल पहले सरोज ने उसके खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसका मामला कोर्ट में चलता रहा। करीब दो माह पहले कोर्ट में समझौता हो गया।

नाबालिग से छेड़छाड़ में हुई तीन वर्ष की सजा

चित्रकूट। न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह,पैरोकार वेदांत ने मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की पैरवी से न्यायालय ने नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी को तीन वर्ष की सजा व चार हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विशेष पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पांडेय ने छेडछाड, पाक्सो एक्ट आरोपी रवि केवट पुत्र मंगी केवट निवासी गोकुलपुरी शंकर बाजार को तीन वर्ष की सजा, चार हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

लोकतंत्र बचाओ को लेकर आज ओरन में होगा कार्यक्रम

❍सपा नेताओं ने क्षेत्र में किया भ्रमण

चित्रकूट। लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ अभियान के तहत सपा नेता/अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल की अगुवाई में 21 फरवरी को नरेश मैरिज हाल ओरन-बबेरु रोड बांदा में कार्यक्रम होने जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता को सपा नेता मान सिंह पटेल की अगुवाई में सपा नेताओं के साथ क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण कर सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री/सपा मुखिया अखिलेश यादव की नीतियों को बताया।

मंगलवार को सपा के वरिष्ठ नेता मान सिंह पटेल ने सपा नेताओं के साथ 21 फरवरी

को ओरन में नरेश मैरिज हाल में होने जा रहे लोकतंत्र व संविधान बचाओ कार्यक्रम के मद्देनजर क्षेत्र के पिपरी खेरवा, मरौली, मंझीवासानी, जामू, बैद्यमपुरवा, बाघा, किरहंड, तेंदुरा, चौसड आदि गांवों में लोगों से सम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए जनसंवाद एवं लोकतंत्र-संविधान बचाओ अभियान के तहत सपा कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहा है। सम्मेलन में सपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में लोकतंत्र बचाओ व भाजपा भगाओ के तहत कार्यक्रम किया जायेगा। कार्यक्रम में भारी तादाद में लोग पहुंचकर सफल बनायें।

कार्यालय ग्राम पंचायत जमुआड वि.ख. जंगल कौड़िया, गोरखपुर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत जमुआड वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM) वि.ख. जंगल कौड़िया महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/पंचम राज्य वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्रा.प. में अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट, ईट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग ईट, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सीमेंट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, बेन, पेंट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर शाइन बोर्ड, लोहा शाइन बोर्ड, पीबीसी पाइप, इंडिया मार्का हैंड पंप 2, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हाई मैक्स लाइट, सफाई किट, शौचय सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक- 27-02-2024 तक अपरान्ह 3:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में **ग्राम पंचायत जमुआड** के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रुपये होगी।

नियम एवं शर्ते : 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5 जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7- सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है। 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगा। 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11- निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में **ग्राम पंचायत जमुआड** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15- निविदा फार्म **ग्राम पंचायत जमुआड** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500 (पांच सौ) रुपया है पर स्वीकृत किया जाएगा। 16 सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर **ग्राम पंचायत जमुआड** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17- ईट व ईट गिट्टी के लिए केवल भट्ठा स्वामी ही निविदा दे सकते हैं। 18- बरातघर, अंत्योष्टि स्थल, स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन, इन्टर लाकिंग, सीमेन्ट सीसी खड़ंजा हाई मास्क, लाइट आरो प्लांट, ओपन जिम, खेल मैदान, हाइड्रोलिक बैन इत्यादि में।

ऋतुराज सागर
ग्राम प्रधान

प्रिया साहनी
ग्राम सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर माफी वि.ख. जंगल कौड़िया, गोरखपुर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर माफी वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM) वि.ख. जंगल कौड़िया महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/पंचम राज्य वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्रा.प. में अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट, ईट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग ईट, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सीमेंट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, बेन, पेंट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर शाइन बोर्ड, लोहा शाइन बोर्ड, पीबीसी पाइप, इंडिया मार्का हैंड पंप 2, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हाई मैक्स लाइट, सफाई किट, शौचय सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक- 27-02-2024 तक अपरान्ह 3:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में **ग्राम मोहम्मदपुर माफी** के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रुपये होगी।

नियम एवं शर्ते : 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5 जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7- सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है। 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगा। 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11- निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में **ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर माफी** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15- निविदा फार्म **ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर माफी** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500 (पांच सौ) रुपया है पर स्वीकृत किया जाएगा। 16 सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर **ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर माफी** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17- ईट व ईट गिट्टी के लिए केवल भट्ठा स्वामी ही निविदा दे सकते हैं। 18- बरातघर, अंत्योष्टि स्थल, स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन, इन्टर लाकिंग, सीमेन्ट सीसी खड़ंजा हाई मास्क, लाइट आरो प्लांट, ओपन जिम, खेल मैदान, हाइड्रोलिक बैन इत्यादि में।

अभिमन्यु यादव
ग्राम प्रधान

प्रिया साहनी
ग्राम सचिव

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, क्षेत्र पंचायत, तालबेहट (ललितपुर)

पत्रांक-2333/2-लेखा/क्षे0पं0/निविदा प्रका0/2023-24 दिनांकः 19.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से क्षेत्र पंचायत, तालबेहट द्वारा निम्नलिखित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति /कार्य निर्माण हेतु मुहरबन्द निविदायें पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 02.03.2024 के अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदायें कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, तालबेहट (ललितपुर) में उपलब्ध टेण्डर बॉक्स में डाली जायेंगी। टेण्डर बॉक्स खण्ड विकास अधिकारी, तालबेहट (ललितपुर) के कार्यालय में समस्त निविदादाताओं की उपस्थिति में उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 21.02.2024 से 01.03.2024 तक खण्ड विकास अधिकारी, तालबेहट (ललितपुर) के कार्यालय में की जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवसों में (अवकाश दिवसों को छोड़कर) उक्त कार्यालय से प्राप्त किये जायेगे।

क्र. स.	कार्य का नाम	लागत (लाख रू0 में) जी0 एस0 टी0 रहित	निविदा मूल्य एवं कर अतिरिक्त	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की पंजीकरण श्रेणी
	पंचम राज्य वित्त आयोग					
1	ग्राम पंचायत बिजरौठा की गौशाला में पशुशेड निर्माण कार्य।	8.41	500 + TT	16820.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
2	ग्राम पंचायत बिजरौठा की गौशाला में भूसाघर निर्माण कार्य।	8.46	500 + TT	16920.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
3	ग्राम पंचायत बिजरौठा की गौशाला में चौकीदार कक्ष निर्माण कार्य।	6.51	500 + TT	13020.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
4	ग्राम पंचायत कडेसराकलां के मजरा हनौता की गौशाला में पशुशैड निर्माण कार्य।	8.41	500 + TT	16820.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
5	ग्राम पंचायत कडेसराकलां के मजरा हनौता की गौशाला में भूसा घर निर्माण कार्य।	8.46	500 + TT	16920.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
6	ग्राम पंचायत कडेसराकलां के मजरा हनौता की गौशाला में चौकीदार कक्ष निर्माण कार्य।	6.51	500 + TT	13020.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
7	ग्राम पंचायत खांदी की गौशाला में पशुशैड निर्माण कार्य।	8.41	500 + TT	16820.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
8	ग्राम पंचायत खांदी की गौशाला में भूसा घर निर्माण कार्य।	8.46	500 + TT	16920.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
9	ग्राम पंचायत खांदी की गौशाला में चौकीदार कक्ष निर्माण कार्य।	6.51	500 + TT	13020.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
10	गाम पंचायत खांदी सिविल लाईन से ग्राम पंचायत तरगुवां की पक्की सड़क तक पेवर ब्रिक्स/नाली नि0 कार्य।	8.43	500 + TT	16860.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
11	गाम पंचायत खांदी में सिविल लाईन से करीला स्टेशन मैन रोड तक पेवर ब्रिक्स /नाली निर्माण कार्य।	8.35	500 + TT	16700.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
12	ग्राम पंचायत तरगुवा के मजरा आजादपुरा से प्राथमिक विद्यालय तक पेवर ब्रिक्स रोड नि0 कार्य।	7.61	500 + TT	15220.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
13	ग्राम पंचायत बिजरौठा के बौलारी में खेल मैदान निर्माण कार्य।	7.17	500 + TT	14340.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
14	ग्राम पंचायत रमपुराकठवर से ग्राम जिजरवारा मार्ग की ओर पुलिया एवं रिपटा मरम्मत कार्य।	7.82	500 + TT	15640.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
	15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाइड फण्ड)					
1	ग्राम पंचायत बिजरौठा में मैन रोड से गौशाला तक पेवर ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	8.45	500 + TT	16900.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
2	ग्राम पंचायत कडेसराकलां के मजरा हनौता में मैन रोड से गौशाला तक पेवर ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	8.40	500 + TT	16800.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रेणी
3	ग्राम पंचायत कडेसराकलां के मजरा हनौता की गौशाला में तारबारी निर्माण कार्य।	8.47	500 + TT	16940.00	3 माह	डी एवं उच्च श्रे

योगी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा यूपी : पीयूष गोयल

●भारत की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा उत्तर प्रदेश

लखनऊ। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की दिशा और दशा बदली है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार भारत दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, उसी प्रकार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार मिलकर गरीब कल्याण को नयी गति दे रहे हैं। अब उत्तर प्रदेश रूकने वाला नहीं। अब उत्तर प्रदेश थमने वाला नहीं है। पीयूष गोयल ने कहा कि विश्वभर में भारत और उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध हो रही है। पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है कि भारत विश्व की अर्थवयवस्था को बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभायेगा। उसी प्रकार भारत की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय तब तक अधूरा है, जब तक समाज के हर व्यक्ति तक न्याय न पहुंचे। आठ वर्षों में योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश का कायाकल्प किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी निवेशक जब निवेश करने का निर्णय लेता है तो उसके सामने सबसे बड़ी शर्त होती है विश्वास। निवेशक तभी आता है जब उसे नेतृत्व, व्यवस्था और भविष्य पर विश्वास हो। जब यह तीनों विश्वास निवेशक को मिलते हैं तो वह प्रदेश में आने को तैयार होता है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और 25 करोड़ लोगों को भी आत्मविश्वास मिलता है कि हमारा भी भविष्य उज्ज्वल होगा।श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया के सामने मिसाल के तौर पर आत्मविश्वास से भरे हुए 140 करोड़ लोग निकल पड़े हैं तो मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यूपी का एक-एक व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ कर्तव्य को निभा रहा है। यूपी में सुशासन देखने को मिलता है। गरीब कल्याण, नए इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने में केंद्र व राज्य सरकार डबल इंजन बनकर तेज गति दे रही है। उन्होने कहा कि जब निवेश की बात होती है तो देश के साथ जुड़े तीन-चार प्रमुख विषयों पर निवेशक का ध्यान आकर्षित होता है। वो देखता है कि देश में किस प्रकार की अर्थव्यवस्था है। क्या देश मजबूत स्थिति में है। क्या देश की अर्थव्यवस्था अच्छे तरीके से संभाली जा रही है। देश के पास पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी या नहीं। उत्तर प्रदेश की व्यवस्था देखें तो 2017 के पहले यहां की कानून व्यवस्था से भलीभांति सभी अवगत हैं। 2017 के पहले भेदभाव की राजनीति थी, व्यवस्थाएं चरमरा रही थीं। राज्य की अर्थव्यवस्था कमजोर थी, जिसके कारण नया निवेश, नया उद्योग न के बराबर थे। चीनी मिलें बंद पड़ी थीं। किसानों की हालत बहुत कमजोर हो गई थी। इंफ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि नहीं हो रही थी। रेलवे प्रोजेक्ट ठप पड़े थे। इनलैंड वाटर, मल्टीलेवल ट्रांसपोर्ट फैसिलिटी, एयरपोर्ट आदि व्यवस्थाएं कमजोर स्थिति में थीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में मोदी ने देश व 2017 में योगी ने उप्र की कमान संभाली। उसके बाद के रिफॉर्म हुए। केंद्र व राज्य सरकार ने तालमेल बैठाकर यूपी का कायाकल्प किया। कोविड की महामारी जैसी गंभीर परिस्थिति में मोदी-योगी के नेतृत्व में उप्र ने अपने लोगों का ध्यान रखा। उप्र ने इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को रुकने नहीं दिया। परिस्थितियों व चुनौती को उन्होंने अवसर में बदला। यूपी में आज छह एक्सप्रेसवे कोने-कोने को कनेक्ट करते हैं। प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई हुई। नवीकरणीय ऊर्जा से प्रदेश को पर्याप्त बिजली पहुंचाई गई। इन्क्लूजिव व सस्टेनेबल ग्रोथ की तरफ यूपी ने बड़े कदम उठाए हैं। उसी के कारण देश-विदेश के निवेशक यूपी में बड़े रूप में अपना कामकाज बढ़ाने आ रहे हैं। यूपी के सभी 75 जनपदों में कोई न कोई प्रोजेक्ट लग रहा है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड, मध्यांचल, पश्चिमांचल कोई भी कोना निवेश से वंचित नहीं है। यूपी विश्व के प्रीफर्ड इनवेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। श्री गोयल ने कहा कि आज भारत डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) डेमोग्राफी' (जनसांख्यिकी) और डाइवर्सिटी' (विविधता) प्रदान करता है। उन्होने विश्वास जताया कि भारत अगले 30 वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होता रहेगा। भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 30 ट्रिलियन डॉलर और जुड़ने की उम्मीद है। इस वृद्धि में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहेगा। उत्तर प्रदेश आज सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे और स्मार्ट औद्योगिक नीतियों में से एक प्रदान करता है। उत्तर प्रदेश ने 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेश के मामले में मील का पत्थर पार किया है। वास्तव में ये उपलब्धि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जो उत्तर प्रदेश का भी प्रतिनिधित्व करते हैं और हमारे मेहनती व बेहद प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्मानित नेतृत्व का एक अभूतपूर्व प्रमाण है।

किसान वही मांग रहे हैं, जिसका 2014 में मोदी ने किया था वादा : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि खेती बाड़ी छोड़कर मांगें मनवाने के वास्ते दिल्ली आने के लिए सड़कों पर उतरे किसान उसी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग कर रहे हैं, जिसका वादा 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे किया था लेकिन अब वह मुकर कर रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी अप्रैल 2014 में कह रहे थे कि एमएसपी किसानों का हक है, किसान भीख नहीं मांग रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री बनकर श्री मोदी किसानों से वादाखिलाफी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए लेकिन इनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। अब फिर से किसान दिल्ली आना चाहते हैं। किसानों के ट्विटर हैंडल बंद करके भाजपा उनकी आवाज दबाना चाहती है। न्यूज चैनलों में भी किसानों की बात ख़त्म होती जा रही है- यह दबाव बनाने का तरीका है।श्री खेड़ा ने कहा कि कल 21 फरवरी को पंजाब में जैतो दा मोर्चा मनाया जाता है। जब अंग्रेजों ने किसानों पर गोलियां चला कर काफी लोगों को मार दिया था, तब नेहरू जी वहां गए और किसानों को समर्थन दिया। जैतो दा मोर्चा के कल 100 साल पूरे हो जाएंगे इसलिए श्री मोदी को नेहरू जी की शरण में जाना चाहिए और किसानों पर उनके विचार पढ़ने चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को नेहरू जी से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री' नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे बड़े आलोचक हैं। अब जैसे-जैसे श्री मोदी के झूठ सामने आ रहे हैं, वह इंटरनेट बंद करवा रहे हैं, हेडलाइन बदलवा रहे हैं। यहां तक कि प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो तथा आयकर विभाग से डराकर विपक्ष के नेताओं को अपनी तरफ कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है, वह किसानों के हक के लिए खड़ी है।

सपा ने लोकसभा के पांच और उम्मीदवार किए घोषित

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजावारी पार्टी ने प्रदेश की पांच और सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। सूची में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल यादव को बदायूं से उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पहले यहां से अखिलेश के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं पार्टी ने वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल को टिकट दिया है। हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत, कैराना से इकरा हसन,बरेली से प्रवीण सिह ऐरन को उम्मीदवार बनाया गया है। इससे पूर्व सोमवार को 11 उम्मीदवारों की सूची जारी हुई थी। जिसमें गाजीपुर से पार्टी ने माफि या मुख्तार के भाई अफ जाल अंसारी, मुज्जफनगर से हरेंद्र मलिक आंवला से नीरज मौर्य,शाहजहांपुर से राजेश कश्यप,हरदोई से उषा वर्मा मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल,बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया गया था। अब तक 31 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान हो चुका है।

छात्राओं को वूमेंस हेल्थ और हाइजीन के प्रति किया जागरूक

●रेडिको खेतान व शी फाउंडेशन ने आरएमपी में किया कार्यक्रम

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जनपद सीतापुर में रेडिको खेतान एवं शी फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को आरएमपी डिग्री कॉलेज में वूमेंस हेल्थ एंड हाइजीन के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज की 300 से ज्यादा छात्राओं को हेल्थ और हाइजीन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं छात्राओं को हाइजीन किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडेय एवं लक्ष्मी पांडेय मौजूद रही। रेडिको खेतान की और से सयुंक्त महाप्रबंधक अश्वनी कुमार सिंह एवं मेघना खन्ना मौजूद रहे। अश्वनी कुमार सिंह ने अपने अभिभाषण में नारी शक्ति को और मजबूत एवं स्वस्थ बनाने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि रेडिको खेतान लिमिटेड सीतापुर के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में भी जिले महत्वपूर्ण काम किये जा रहे है।

जिसमे सरकारी स्कूलों एवं उसकी सुविधाओं को उच्च स्तर तक पहुंचाने एवं शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए स्मार्ट क्लास एवं अन्य जरुरी सुविधाओं को स्थापित करना है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आस-पास के 10 से ज्यादा गावों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधा मुहैया कराना तथा गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट का इंस्टालेशन भी किया जा रहा है।

उन्होंने इस जागरूकता कार्यक्रम वूमेंस हेल्थ एंड हाइजीन के माध्यम से यह भी बताया कि रेडिको खेतान इस प्रकार के कार्यक्रम नोएडा, रामपुर में भी कर रही है तथा सीतापुर के अन्य स्थानों पर लगातार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को प्रोत्साहित करती रहेगी।

सात वर्षों में व्यापार विकास और विश्वास का बना माहौल : नन्दी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी मंगलवार को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन आज इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, उत्तर प्रदेश के एवं कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आयोजित एफडीआई कांक्लेव में सम्मिलित हुए। नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा यूपी में डबल इंजन की सरकार बने सात वर्ष हो रहे हैं। बीते सात वर्षों में प्रदेश में रेड टेप कल्चर, रेड कारपेट कल्चर बन गया है। बीते सात वर्षों में यूपी में क्राइम कम हुआ, तो बिजनेस कल्चर का विस्तार हुआ है। बीते सात वर्षों में यूपी में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। इस अवसर पर राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, लुलू ग्रुप के चेयरमैन एमए यूसूफ अली, एयर लिक्विड के एमडी बेनट रेनाड, डोरना के सीईओ कारमेलो एजपेलेटा, पीटीसी इण्डस्ट्री के सीएमडी सचिन अग्रवाल, आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सोनिया पहली बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित

●नड्डा, वैष्णव सहित कई उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए

जयपुर/गांधीनगर/ भुवनेश्वर। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए राजस्थान से निर्विरोध चुनी गईं। इसके अलावा, भाजपा के चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ को भी राज्यसभा के लिए चुना गया है। मंगलवार को नामांकन पत्र वापस लेने का अंतिम दिन था। राजस्थान विधानसभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि किसी अन्य उम्मीदवार ने चुनाव नहीं लड़ा, इसलिए तीनों निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए।

राज्यसभा सदस्य मनमोहन सिंह (कांग्रेस) और भूपेंद्र यादव (भाजपा) का कार्यकाल तीन अप्रैल को समाप्त हो रहा है। भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने विधायक चुने जाने के बाद पिछले साल दिसंबर में इस्तीफा दिया था। जिसके बाद तीसरी सीट खाली थी। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 70 सदस्य हैं। राज्य में राज्यसभा की 10 सीटें हैं। नतीजों के बाद राज्यसभा में राजस्थान से कांग्रेस के छह और भाजपा के चार सदस्य होंगे। वहीं, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और पार्टी के तीन अन्य उम्मीदवारों को गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है। राज्यसभा की चार सीटें खाली थीं। सत्तारूढ़ भाजपा ने सभी सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे। एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात से राज्यसभा की चार खाली सीटों के लिए किसी अन्य ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी रीता मेहता ने नड्डा सहित चारों भाजपा उम्मीदवारों को संसद के ऊपरी संदन के लिए निर्विरोध विजयी घोषित किया। नड्डा के अलावा राज्यसभा के जिन तीन भाजपा नेताओं को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है, उनमें हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया, भाजपा नेता जसवंत सिंह परमार और मयंक नायक शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव भी ओडिशा से निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। उन्हें जीत का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। वैष्णव भुवनेश्वर के राम मंदिर में प्रार्थना करने भी पहुंचे। उधर, महाराष्ट्र से राज्यसभा के लिए अशोक चव्हाण सहित छह उम्मीदवारों को निर्विरोध चुना गया है। इन छह उम्मीदवारों में भाजपा ने चव्हाण सहित तीन नेताओं को मैदान में उतारा था। जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने एक-एक उम्मीदवार उतारा था। भाजपा के उम्मीदवारों में अशोक चव्हाण, पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता अजीत गोपछड़े शामिल हैं।

यूपी में सपा और कांग्रेस के बीच फंसा पेच

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बने विपक्षी गठबंधन को सबसे बड़ा झटका लगा है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होगा। सूत्रों के हवाले से खबर है कि सपा और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। सोमवार को समाजवादी पार्टी ने गठबंधन के तहत अब 17 सीटों पर कांग्रेस को अपने प्रत्याशी उतारने का प्रस्ताव दिया था। इससे पहले सपा ने कांग्रेस को 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे लेकर दोनों दलों के बीच बयानबाजी शुरू हो गई थी। सोमवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए 17 लोकसभा सीटें छोड़ने का फैसला लिया। सूत्रों के मुताबिक, सपा ने कांग्रेस को अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी, सीतापुर, कैसरगंज, वाराणसी, अमरोहा, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, फतेहपुर सीकरी, कानपुर, हाथरस, झांसी, महराजगंज और बागपत सीट दी थी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, सपा की तरफ से 17 सीटों का प्रस्ताव मिला है, हालांकि पार्टी की ओर से इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई।

मालूम रहे कि इससे पहले 11 सीटों का प्रस्ताव देने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने असंतोष जताया था। कांग्रेस सोर्स के मुताबिक पार्टी ने पश्चिम उत्तर प्रदेश की अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद लोकसभा सीटों पर दावा किया है। सपा ने कांग्रेस को जिन 17 सीटों का ऑफर किया है, उनमें ये तीनों सीटें शामिल नहीं हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि गठबंधन पर फैसला पार्टी हाईकमान को लेना है।

जल, जंगल और जमीन पर आदिवासियों का अधिकार

●आदिवासी सशक्तिकरण विषय पर हुआ दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकाय अध्यक्ष शिक्षा विभाग प्रो. सुभाष चंद्र अग्रवाल ने कहा कि जल, जंगल और जमीन पर अनुसूचित जनजाति के लोगों का अधिकार है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को समुचित संसाधनों का सार्थक उपयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। प्रो. अग्रवाल मंगलवार को आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की ओर से आयोजित एवं आईसीएसएसआर नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित आदिवासी सशक्तिकरण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। बतौर मुख्य अतिथि प्रो. केकेजी ने भारत की अनुसूचित जनजातियों की प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति के लोगों की अपनी संस्कृति है। विशिष्ट अतिथि प्रो. यशपाल ने अनुसूचित जनजातियों के उत्थान के लिए संविधान में अंकित अनुच्छेदों और उसके प्रावधानों पर चर्चा की।

प्रोफेसर पीके ऑस्ट्रेलिया डायरेक्टर स्कूल आफ एजुकेशन राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय इलाहाबाद ने बताया कि जब तक व्यक्ति या समाज का हर वह यूनिट शिक्षित नहीं होगा तब तक वह देश में अपनी सहभागिता सुनिश्चित नहीं कर सकता। इस अवसर पर प्रो. सुभाष चंद्रा, विशाल द्विवेदी, ज्ञानेंद्र तिवारी ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रो. अंशु केडिया, प्रो. मनोज पांडेय, वैभव सबनीश, सुभाष चंद्रा, डॉ. गगन कुमार, सुभाष अग्रवाल, रजनीकांत श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, अमित जायसवाल, सुनील कुमार, एसपी सिंह, हेमंत कुमार पाल ने कहा कि जो बाते शायद किताबों से छात्रों को नहीं मिल पाती वह इस सेमिनार में रह कर सीखने को मिल रहा है।

महाविद्यालय के छात्र मोदी त्रिपाठी का कहना है कि विद्यार्थी वह जीवन है जिसमें सीखने की सदैव गुंजाइश रहती है। सुधीर श्रीवास्तव, दीपावली गुप्ता ने कहा कि सीतापुर के आस-पास 24 जिले हैं। सीतापुर में अनुसूचित जनजाति पर शिक्षा विभाग ने पहला कार्यक्रम आयोजित किया है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने राजा भैया से मिलकर मांगा समर्थन

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी रूठों को मनाकर वोट पाने की जुगत में हर संभव प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से मिले। उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों पर होने वाले मतदान तक सियासी रोमांच खत्म होता नहीं दिख रहा है। इस चुनाव में प्रमुख रूप से भाजपा और सपा के बीच सियासी दांव-पेंच और रणनीति की अग्निपरीक्षा का दौर जारी है। राज्यसभा के लिए भाजपा ने आठ उम्मीदवार उतारे हैं, तो वहीं सपा के तीन उम्मीदवार मैदान में है। संख्या बल के लिहाज से भाजपा के सात उम्मीदवारों का तो राज्यसभा जाना लगभग तय था, लेकिन ऐंन वक्त में भाजपा ने समाजवादी पार्टी की गणित बिगाड़ दी। चुनाव में उतारे गए सपा के तीन उम्मीदवारों की जीत में रोड़ा अटकाते हुए भाजपा ने आठवां उम्मीदवार उतारकर सपा के एक उम्मीदवार की नैया डूबाने का पूरी जाल बिछा दिया है। अपनी सियासी रणनीति और तैयारी में बुरी तरह से फंसी सपा और उनके प्रमुख अखिलेश यादव ऐसे में विधानसभा में दूसरे दलों के नेताओं को मनाने में जुट गए हैं ताकि उनके उतारे गए तीनों उम्मीदवार जीतने में कामयाब रहे। इसके लिए उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को दूसरे दलों के प्रमुख और विधायकों से सम्पर्क साधा जा रहा है।

गोमती पार करते ही परिक्रमार्थियों पर बरसेंगे फूल

●जोर शोर से मेले की तैयारियों में जुटी ग्राम पंचायत दधनामऊ

●यात्री प्रतीक्षालयों का हुआ रंग रोगन, मार्ग सफाई पर विशेष ध्यान

यात्री प्रतीक्षालय पर बनी पेटिंग | प्रधान अतुल यादव | सचिव रामलखन वर्मा

मिश्रिख-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। होली परिक्रमा मेले की ऐतिहासिकता और पौराणिकता को बनाये रखने के लिए ग्राम पंचायत दधनामऊ जोर शोर से तैयारियां कर रही है। चौरासी कोसीय परिक्रमा करने वाले श्रद्धालु गोमती पार कर क्षेत्र में कदम रखेंगे तो उन पर फूलों की बारिश होगी। मार्गो की साफ सफाई और रामादल के ठहराव स्थल पर खास प्रबंधन किये जा रहे हैं। दधनामऊ के प्रधान अतुल यादव और ग्राम पंचायत अधिकारी रामलखन वर्मा का उत्साह बता रहा है कि उन्होंने परिक्रमार्थियों की भरपूर सेवा का मन बनाया है।

मिश्रिख ब्लॉक की ग्राम पंचायत दधनामऊ में द्रोणाचार्य पर बने यात्री निवास की साफ-सफाई व रंग रोगन का कार्य ग्राम पंचायत अधिकारी रामलखन व प्रधान अतुल यादव ने शुरू करा दिया है। रामलखन वर्मा ने बताया कि द्रोणाचार्य घाट व नदी के पानी की सफाई भी करायी जा रही है और परिक्रमा पर्थ मार्ग भी चौड़ा हो रहा है, वहीं मार्ग की सफाई भी की जा रही है। जिससे किसी परिक्रमार्थी को कोई असुविधा न हो। विश्व विख्यात होली परिक्रमा मेला मिश्रिख नैमिषारण्य से शुरु होकर परिक्रमा हरदोई जनपद में प्रवेश करता है। हरदोई जनपद मे चार पड़ाव पार कर फिर पुनः जनपद सीतापुर मे गोमती नदी पार कर 16 मार्च षष्ठी को साकिन गोपालपुर से देवगवाँ पड़ाव पहुँचता है। जिसमे गोमती नदी पार करते ही द्रोणाचार्य घाट पर प्रवेश करता है। जहाँ पर प्रशासन द्वारा संत महात्माओं का पुष्प वर्षा कर, फूलमाला से स्वागत किया जाता। तब परिक्रमा अगले पड़ाव के लिये चलता है। ग्राम पंचायत अधिकारी ने कहा कि परिक्रमा आने से पहले सभी तैयारी पूर्ण करा दी जायेगी। किसी परिक्रमार्थियों को कोई परेशानी नहीं होगी।

आज नैमिषारण्य पहुँचेंगे सीएम योगी

●मंदिर स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में लेंगे भाग

●एडीजी व आईजी ने नैमिष पहुँच कर तैयारियों का लिया जायजा

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को नैमिषारण्य तीर्थ पहुंचेंगे। सीएम के आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। सुरक्षा के लिहाज से व्यापक व्यवस्थाएं हुई है। एडीजी जोन व आईजी ने मंगलवार को नैमिष पहुंच कर मुकम्मल तैयारियों का जायजा लिया। डीएम अनुज सिंह, एसपी चक्रेश मिश्रा, प्रशासनिक व पुलिस अफसरों के साथ नैमिष में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार की दोपहर डेढ़ बजे हेलीकाप्टर से नैमिषारण्य पहुंचेंगे। सीएम का हेलीकाप्टर स्कंधाश्रम गयावर रोड पर बने हैलीपेड पर उतरेगा। यहां से सीएम कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे और जगन्माता राजराजेश्वरी मंदिर की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होंगे। एक घंटे रूकने के बाद सीएम लखनऊ लौट जायेंगे। सीएम के साथ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति के सभापति भी मौजूद रहेंगे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन बेहद संजिदा है। एडीजी जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर, आईजी तरूण गाबा नैमिष पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल से लेकर प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर मातहतों को आवश्यक निर्देश दिये।

संदेशखाली पर बंगाल सरकार को हाईकोर्ट की फटकार

●कहा- शाहजहां समस्या की जड़, उसे क्यों नहीं पकड़ा आप बेवजह लोगों को परेशान कर रहे

कोलकाता। संदेशखाली केस को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने मंगलवार को बंगाल सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि शुरुआती तौर पर ये साफ है कि टीएमसी नेता शाहजहां ने लोगों को नुकसान पहुंचाया। जिस शाहजहां पर रेप और जमीन हड़पने के आरोप हैं, ऐसा लगता है कि वो पुलिस की पहुंच से बाहर है। कोलकाता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस सिवागननम और जस्टिस हिरन्मय भट्टाचार्य की बेंच ने कहा कि यह चौंकाने वाला है कि समस्या की जड़ में मौजूद एक आदमी अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। अगर उसके खिलाफ हजारों झूठे आरोप हैं, लेकिन इनमें अगर एक भी आरोप सही है तो आपको उसकी जांच करनी चाहिए। आप बेवजह लोगों को परेशान कर रहे हैं।

हाई कोर्ट ने दी अनुमति, शुभेंदु पहुंचे संदेशखाली : कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा संकटग्रस्त क्षेत्र का दौरा करने की अनुमति दिए जाने के बाद पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी मंगलवार को राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली पहुंचे। पुलिस ने इससे पहले दिन में राज्य की विधानसभा में विपक्षी नेता अधिकारी को संकटग्रस्त क्षेत्र में जाने से रोक दिया था जहां निषेधाज्ञा लागू की गई है। पुलिस ने कहा कि सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए एक खंडपीठ में अपील की है। उच्च न्यायालय ने ही सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता को क्षेत्र का दौरा करने की अनुमति दी थी। अधिकारी ने कहा कि उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के आदेश का पालन करते हुए पुलिस ने अब मुझे और मेरे साथी भाजपा विधायक शंकर घोष को संदेशखाली जाने की अनुमति दे दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा उन्हें धमखाली नौका घाट तक ले जाया गया जहां से उन्होंने संदेशखाली पहुंचने के लिए नाव से कालिंदी नदी को पार किया। संदेशखाली में महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। शुभेंदु ई-रिक्शा पर बैठकर इलाके में घूम रहे थे। उन्होंने कई लोगों से बात की है। टोटो में बैठे शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि संदेशखाली के लोग शांति और शाहजहां शेख के लिए फांसी चाहते हैं। शाहजहां बच नहीं सकता। उसके खिलाफ कार्रवाई करनी ही होगी।

अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री का हुआ भूमिपूजन

●चाभी नहीं प्रोडक्शन शुरू करें, पूरे उत्तर भारत के बाजार को है आपका इंतजार : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री के भूमिपूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने कहा कि हिंदुजा ग्रुप के प्रकाश और अशोक ने अभी मुझे डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी सौंपी है। चाहूंगा कि सिर्फ चाभी नहीं, बल्कि जल्दी से जल्दी वो यहां अपना प्रोडक्शन शुरू करें। उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत का बाजार उनका इंतजार कर रहा है।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी को हिंदुजा ग्रुप की तरफ से डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी और मोमेंटो प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने प्लांट में इलेक्ट्रिक बसों का अवलोकन भी किया और उनके फीचर्स के बारे में भी जानकारी ली। हिंदुजा ग्रुप के अधिकारियों ने उन्हें ई व्हीकल्स की विशेषताओं से परिचित कराया। योगी ने हिंदुजा ग्रुप के प्रमुख लोगों और अधिकारियों के साथ मंत्रणा भी की।

इन्वेस्टर्स भी लें इनीशिएटिव : इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लां